RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 2
नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोहली पर फर्जी फील्डिंग का लगा आरोप
स्पोर्ट्स-12

# डीजल ट्रकों और कारों पर प्रतिबंध

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** और एनसीआर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अति गंभीर श्रेणी (500) में पहुंचने के करीब है। बृहस्पतिवार को यह 450 दर्ज किया गया। ऐसे में बनी आपात स्थिति को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में डीजल से चलने वाले चार पहिया हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में ट्रकों का प्रवेश भी रोक दिया है। केवल आवश्यक व आपातकालीन सेवाओं एवं बीएस-6 वाहनों को ही चलने की अनुमति दी जाएगी। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के चौथे एवं अंतिम चरण के तहत प्रदूषण रोधी उपायों के हिस्से के रूप यह कदम उठाया गया है।

इसके मद्देनजर सीएक्यूएम ने पूरे क्षेत्र में गैर-स्वच्छ ईंधन पर चलने वाले सभी उद्योगों को बंद करने का भी निर्देश दिया, यहां तक कि उन क्षेत्रों में भी जहां पीएनजी का बुनियादी ढांचा और आपूर्ति नहीं है। प्रदूषण निगरानी एजेंसी ने अपने आदेश में कहा है कि दिल्ली और एनसीआर की राज्य सरकारें शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने, गैर-आपातकालीन वाणिज्यिक गतिविधियों और सम-विषम के आधार पर वाहनों के चलने पर फैसला ले सकती हैं और सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कह सकती हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के अंतिम चरण के तहत प्रदूषणकारी गतिविधियों पर प्रतिबंधों को लागू किए जाने को लेकर शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

सीएक्यूएम द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, बीएस-6 मानक वाले वाहनों और आवश्यक व आपातकालीन सेवा में इस्तेमाल हो रहे वाहनों को छूट दी गई है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि आवश्यकआपातकालीन सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहनों व बीएस-6 वाहनों को छोड़कर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और दिल्ली की सीमा से लगे एनसीआर के जिलों में चार पहिया हल्के डीजल वाहन नहीं चलेंगे। इलेक्ट्रिक और सीएनजी से चलने वाले ट्रकों को छोड़कर दिल्ली में अन्य ट्रकों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध होगा।



नई दिल्ली में गुरुवार को बढ़े प्रदूषण के चलते छाई धुंध के बीच से गुजरते वाहन

- दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में, सख्त पाबंदियां लागू
- आपात व आवश्यक सेवाओं, सीएनजी, बीएस-6 वाहनों पर रोक नहीं
- गैर-स्वच्छ ईंधन पर चलने वाले सभी उद्योगों को बंद करने का निर्देश
- स्कूल बंद करने की सलाह, प्रतिबंध लागू कराने के लिए बैठक आज

## लगातार बढ़ा एक्यूआई, पहुंचा 450 पार

**दिल्ली** में बृहस्पतिवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 दर्ज किया गया। एक्यूआई अगर 400 से ऊपर हो तो उसे गंभीर माना जाता है और यह स्वस्थ लोगों को प्रभावित कर सकता है तथा मौजूदा बीमारियों से जूझ रहे लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। यदि यह 500 के अंक को पार कर जाता है तो आपात स्थिति घोषित कर दी जाती है। मौसम वैज्ञानिकों ने अपेक्षाकृत तेज हवाओं के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार होने का पूर्वानुमान जताया था, लेकिन दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर 426 एवं शाम को चार बजे यह 450 पर आ गया।

रात साढ़े नौ बजे दिल्ली-एनसीआर के 45 निगरानी केंद्रों में से 38 पर एक्यूआई 450 या इसके आसपास दर्ज किया गया। आनंद विहार और जहांगीरपुरी राजधानी में सबसे अधिक प्रदूषित स्थान रहे, जहां एक्यूआई 460 रहा। जिन इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा, उनमें अलीपुर (439), अशोक विहार (444), बवाना (456), बुराड़ी (443), मथुरा रोड (412), डीटीयू (436), द्वारका (408), आईटीओ (435), मुंडका (438), नरेला (447), नेहरू नगर (433), पटपड़गंज (441), (शेष पेज 8)

# गुजरात में एक और पांच दिसंबर को दो चरणों में होगा मतदान

- आठ दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के साथ आएगा चुनाव परिणाम, निर्वाचन आयोग ने पक्षपात के आरोपों को किया खारिज
- कहा- विस चुनावों के ऐलान में देरी के लिए मोरबी पुल हादसा समेत अन्य कारक हैं शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




गुजरात के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार

**गुजरात** में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में, एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती हिमाचल प्रदेश के साथ ही आठ दिसंबर को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को यह घोषणा की।

गुजरात की कुल 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 89 सीटों पर और दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा। इस संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय और आयोग के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे। आयोग ने 14 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी लेकिन उसने गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा नहीं की। कुमार ने गुजरात चुनाव की घोषणा में देरी करने में पक्षपात की विपक्ष की आलोचना को भी दरकिनार करते हुए दलील दी कि आयोग को मौसम, विधानसभा के कार्यकाल की अंतिम तिथि और आदर्श आचार संहिता लागू होने के दिन सहित कई चीजों में संतुलन बिठाना होता है।

उन्होंने कहा कि गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी 2023 को समाप्त हो रहा है और चुनावों की घोषणा 110 दिन पहले की गई है। उन्होंने कहा, यह कई कारकों का संयोजन है और इन्हीं सब को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है। इन कारकों में आस-पास के राज्यों के चुनाव भी शामिल हैं। कुमार ने संकेत दिया कि चुनावों की घोषणा कुछ दिन पहले की जा सकती थी लेकिन मोरबी में हुए हादसे को ध्यान में रखते हुए नहीं की जा सकी। उन्होंने कहा, हमें राज्य में हुए हादसे को भी ध्यान में रखना पड़ा। देरी में वह भी एक कारक रहा।

बुधवार को तो गुजरात में राजकीय शोक था। इसलिए इसमें बहुत सारे कारक हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता से जुड़े एक सवाल पर कुमार ने कहा कि बड़ी संख्या में विधानसभा चुनावों ने चौंकाने वाले नतीजे दिए हैं। उन्होंने कहा, वास्तव में, काम और परिणाम शब्दों से होते हैं। बड़ी संख्या में विधानसभा चुनावों के नतीजों से पता चला है, कई बार आयोग की आलोचना करने वालों को चौंकाने वाले (शेष पेज 8)

# नहीं पेश हुए हेमंत सोरेन, कहा गिरफ्तार करके दिखाए ईडी

- फिर मांगा तीन सप्ताह का समय, झारखंड के सीएम को प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ के लिए किया था तलब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/रांची



**झारखंड** के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बृहस्पतिवार को अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने एजेंसी को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उन्होंने कोई अपराध किया है तो समन भेजने के बजाये वह उन्हें गिरफ्तार करे।

हालांकि सोरेन ने धनशोधन मामले में एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा है। ईडी अब इसके लिए जल्द नई तारीख जारी करेगा। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी को मुख्यमंत्री कार्यालय से संवाद प्राप्त हुआ है जिसमें सोरेन ने तीन सप्ताह का समय मांगा है। सोरेन ने अपनी आधिकारिक व्यस्तता का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को ईडी के समक्ष पेश होने में असमर्थता जताई थी। बाद में सोरेन 'पूर्व निर्धारित' आदिवासी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ चले गए।

सोरेन सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। ईडी ने उन्हें आज रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन सोरेन ने समन को नजरअंदाज कर दिया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में आदिवासी महोत्सव में शामिल होने का सोरेन का पहले से कार्यक्रम था। जनसभा में सोरेन ने ईडी को सीधे-सीधे चुनौती देते हुए कहा, मुझे ईडी का समन मत भेजिए, सीधे गिरफ्तार करके दिखाइए। सोरेन ने कहा कि भाजपा को लगता है कि जेल में डालकर डरा देंगे लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं।

उन्होंने कहा, हम इस साजिश का माकूल जवाब देंगे। जनता हमारे साथ है तो हम कोई भी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। विपक्ष सत्ता जाने से बौखलाया हुआ है लेकिन उसके हाथ कुछ लग नहीं पा रहा है। उन्होंने केन्द्र और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, आज सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जा रहा है लेकिन वे हमारी सरकार का बाल भी बांका नहीं कर सकते और हम पांच साल का पूरा कार्यकाल पूरा करेंगे। वास्तव में राज्य में लाभ के पद के मामले में सोरेन की विधानसभा सदस्यता को लेकर चुनाव आयोग की चिट्ठी पर राजभवन की चुप्पी भी मुख्यमंत्री को (शेष पेज 8)

# एलओसी के निकट घुसपैठ की कोशिश विफल, तीन आतंकी ढेर

पायनियर समाचार सेवा। जम्मू

**सेना** ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और तीन आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया जबकि दो शव एलओसी के उस पार पड़े थे जिन्हें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के ग्रामीण ले गए। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आज लगभग 10 बजे, सेना के सतर्क जवानों ने पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर कुछ व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखीं। वे लोग नियंत्रण रेखा को पार कर भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। प्रवक्ता के अनुसार सैनिकों ने घुसपैठियों को ललकारा जिन्होंने जवानों पर गोलियां चलाईं। इसके बाद हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है। घटनास्थल से दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य साजोसामान भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान अभी जारी है और इलाके में तलाशी ली जा रही है।

### आतंकियों की गोलीबारी में नेपाली सहित दो प्रवासी मजदूर घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में दो प्रवासी मजदूर घायल हो गए जिनमें से एक नेपाली नागरिक है। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्वीट किया, आतंकवादियों ने दो प्रवासी मजदूरों (एक बिहार का और दूसरा नेपाल का) पर गोलीबारी की, जो अनंतनाग जिले के बोंडियालगाम स्थित निजी एसएपीएस स्कूल में काम करते हैं। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।

# रैली के दौरान फायरिंग में इमरान घायल

- पैर में लगी गोली, हमले में एक की मौत, लांग मार्च को संबोधित करने के दौरान हुई घटना

भाषा। इस्लामाबाद



इस्लामाबाद में गोली लगने से घायल पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के विरोध मार्च के दौरान बृहस्पतिवार को पंजाब प्रांत में उनके कंटेनर-ट्रक पर हमला किया गया जिसमें उनके पैर में गोली लगी है, लेकिन वह खतरे से बाहर हैं। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। खान की पार्टी ने दावा किया कि यह हत्या का प्रयास था।

पंजाब के वजीराबाद कस्बे के अल्लाहवाला चौक के पास यह घटना उस समय हुई जब खान जल्दी चुनाव कराने की अपनी मांग को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। खान की पार्टी के वरिष्ठ नेता असद उमर ने मीडिया को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री के पैर में एक गोली लगी है। उमर ने कहा, खान को सड़क मार्ग से लाहौर ले जाया जा रहा है। उनकी हालत गंभीर नहीं है, लेकिन उन्हें गोली लगी है। उन्होंने कहा कि खान के प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बदलते हुए नहीं देख सकते हैं।

उन्होंने हमले के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। चेहरे पर गोली लगने से घायल हुए सीनेटर फैसल जावेद ने कहा कि हमले के दौरान पार्टी का एक कार्यकर्ता मारा गया जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। क्रिकेट की दुनिया से राजनीति में आए खान (70) पर हमले की जिम्मेदारी किसी समूह ने नहीं ली है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बंदूकधारी ने खान के वाहन पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया है और पुलिस उसे किसी अज्ञात स्थान पर ले गई है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने एक ट्वीट में कहा, इमरान खान के पैर में गोली लगी है और अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी हालत स्थिर थी।

उन्होंने समर्थकों को देखकर हाथ भी हिलाया। जियो टीवी के अनुसार हमलावर की पहचान नावेद के रूप में हुई है। चैनल ने कहा कि करीब 20 साल के हमलावर ने सलवार-कमीज पहन रखी (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,836 | ↓ 69 | |
| निफ्टी | 18,052 | ↓ 30 | |
| सोना | 50,597 | ↓ 402 | /10g |
| चांदी | 58,111 | ↓ 1244 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चीन-पाक के हालिया बयान को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बीजिंग यात्रा के दौरान चीन-पाकिस्तान के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर के संदर्भों को खारिज कर दिया और कहा कि केंद्र शासित क्षेत्र व लद्दाख भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग रहे है और रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का जिक्र करते हुए कहा कि नई दिल्ली ने सीपीईसी पर बीजिंग और इस्लामाबाद को लगातार अपने विरोध और चिंताओं से अवगत कराया है क्योंकि इसमें भारत के संप्रभु क्षेत्र में परियोजनाएं शामिल है। उन्होने कहा, हम उस क्षेत्र मे यथास्थिति को बदलने के लिए ऐसी परियोजनाओं का उपयोग करने के किसी भी प्रयास को दृढ़ता से खारिज करते है।

**लाल किला हमला**

# लश्कर के आतंकवादी की फांसी की सजा बरकरार

- हमले में सेना के दो जवानों समेत तीन लोगों ने गंवाई थी जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की उस याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया, जिसमें उसने वर्ष 2000 के लाल किला हमले के मामले में मौत की सजा देने के उसके फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की थी।

हमले में सेना के दो जवान सहित तीन लोग मारे गए थे। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की एक पीठ ने कहा कि उसने इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार करने के आवेदन को स्वीकार किया है। पीठ ने कहा, हम उस आवेदन को स्वीकार करते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड पर विचार किया जाना चाहिए।

वह दोषी साबित हुआ है। हम इस अदालत द्वारा किए गए फैसले को बरकरार रखते हैं और पुनर्विचार याचिका खारिज करते हैं। आरिफ, लाल किले पर 22 दिसंबर 2000 को किए गए आतंकवादी हमले के दोषियों में से एक है।

# भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए, जांच एजेंसियों को रक्षात्मक होने की जरूरत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री

**भ्रष्टाचार** रोधी एजेंसियों के प्रति बेहिचक समर्थन जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने वाले संगठनों को ना तो रक्षात्मक होने की और ना ही अपराध बोध में जीने की जरूरत है क्योंकि निहित स्वार्थ वाले उनके काम में बाधा डालने और उन्हें बदनाम करने की कोशिश करते रहेंगे।

यहां विज्ञान भवन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचारी बचने नहीं चाहिए और उन्हें राजनीतिक व सामाजिक प्रश्रय भी नहीं मिलना चाहिए। मोदी ने कहा, भ्रष्ट लोग कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उन्हें किसी भी परिस्थिति में नहीं बचाना चाहिए, यह आप जैसे संगठनों की जिम्मेदारी है। किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को राजनीतिक-सामाजिक समर्थन न मिले, हर भ्रष्ट व्यक्ति को समाज कटघरे में खड़ा करे, ऐसा माहौल बनाना भी जरूरी है। उन्होंने भ्रष्टाचार एक बड़ी बुराई बताया और सभी को इससे दूर रहने की सलाह दी।प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सीवीसी जैसे संगठनों और एजेंसियों को रक्षात्मक होने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश की भलाई के लिए काम करने वालों को अपराध बोध में जीने की जरूरत नहीं है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने अनुभव साझा करते हुए मोदी ने कहा, देश के लिए ईमानदारी से काम करते समय कुछ भी अगर इस प्रकार के विवाद खड़े होते हैं तो आपको रक्षात्मक होने की जरूरत नहीं है। समाज आपके साथ खड़ा होता है।



नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

मोदी ने कहा कि सभी सरकारी एजेंसियों को तंत्र को बदलने के लिए काम करना चाहिए और भ्रष्टाचार की परिपाटी समाप्त होनी चाहिए क्योंकि भारत आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, किसी राजनीतिक एजेंडे पर काम करने की जरूरत नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। जिनके निहित स्वार्थ हैं वे कार्वाई में बाधा डालने और इन संस्थानों से जुड़े व्यक्तियों को बदनाम करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन है और वह सत्य को जानती और समय आने पर सच्चाई के समर्थन में खड़े भी होती है। प्रधानमंत्री ने सभी से समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए सत्य के मार्ग पर चलने का आग्रह किया और जोर देकर कहा, जब आप दृढ़ विश्वास के साथ कार्रवाई करते हैं, तो पूरा देश आपके साथ खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि देश को एक ऐसा प्रशासनिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता रखता हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों के लिए सरकारी विभागों को रैंकिंग देने का सुझाव देते हुए कहा, हमें मिशन मोड पर सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्वाई को अंतिम रूप देने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर भ्रष्टाचारी को समाज के कटघरे में खड़ा किए जाने का वातावरण बनाना बहुत आवश्यक है क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में जेल की सजा होने के बावजूद कई बार भ्रष्टाचारियों का गौरवगान भी (शेष पेज 8)

# नोएडा और गाजियाबाद में यूपी सरकार ने दो प्राइवेट यूनिवर्सिटी को मंजूरी दी


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## गौतमबुद्ध नगर में 10 हुए विश्वविद्यालय

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट ने गुरुवार को राज्य में तीन प्राइवेट यूनिवर्सिटी को मंजूरी दी है।

इनमें एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी नोएडा, दूसरी गाजियाबाद और तीसरी फर्रुखाबाद में खोली जाएगी। खास बात यह है कि अब गौतमबुद्ध नगर में सरकारी और प्राइवेट विश्वविद्यालयों की संख्या 10 हो गई है। नोएडा में जेएसएस विश्वविद्यालय को राज्य सरकार ने मंजूरी दी है। इसकी प्रायोजक संस्था जेएसएस महाविद्यापीठ को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम-2019 के तहत मंजूरी दी गई है।

जेएसएस कॉलेज अभी उत्तर प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के अधीन है। अब यह बतौर विश्वविद्यालय संचालित होगा। राज्य सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उच्च शिक्षा विभाग से प्रस्ताव मिला था।

परीक्षण के लिए राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित समितियों ने शासन को रिपोर्ट दी। इसके बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति की 20 अगस्त 2022 को बैठक हुई। इस समिति ने भी संस्तुति दी। अब गुरुवार को मंत्री परिषद ने जेएसएस विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब संस्था यूनिवर्सिटी कैंपस का निर्माण कर सकती है।

राज्य मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद में एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय को योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इस यूनिवर्सिटी का संचालन सुंदरदीप एजुकेशनल सोसाइटी गाजियाबाद करेगी।

इसी तरह मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय को फर्रुखाबाद में मंजूरी दी गई है। इस यूनिवर्सिटी का संचालन श्री बाबू सिंह दद्दू जी एजूकेशनल ट्रस्ट करेगा। इन दोनों विश्ववद्यालयों को पहले राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में गठित समितियों ने मंजूरी दी। इसके बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति ने 20 अगस्त 2022 को बैठक करके संस्तुति दी। अब गुरुवार को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी है। इस तरह राज्य सरकार ने गुरुवार को नोएडा, गाजियाबाद और फर्रुखाबाद में तीन प्राइवेट यूनिवर्सिटी स्थापित करने के प्रस्तावों को हरी झंडी दी है।

### गौतमबुद्ध नगर में स्थित विश्वविद्यालयों के नाम

1. गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
2. गलगोटिया विश्वविद्यालय
3. नोएडा इंटरनेशनल
4. शारदा विश्वविद्यालय
5. एमिटी विश्वविद्यालय
6. शिव नादर विश्वविद्यालय
7. बैनेट विश्वविद्यालय
8. आईआईएलएम विश्वविद्यालय
9. जेपी इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी
10. जेएसएस विश्वविद्यालय


गाजियाबाद पुलिस कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर आये लोगों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

# नौ हजार पुराने वाहनों का पंजीकरण निरस्त

## बाकी के लिए चरणबद्ध तरीके से होगी कार्रवाई: एआरटीओ



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में गुरुवार को नौ हजार और पुराने वाहनों का पंजीकरण परिवहन विभाग ने निरस्त कर दिया है। अब 1.10 लाख वाहनों का पंजीकरण निरस्त होना शेष है। यह वाहन 15 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं।

परिवहन विभाग के अनुसार इससे पहले सात हजार पुराने वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया गया था। इसके बाद एक लाख 19 हजार 612 वाहन शेष थे, जिनमें से नौ हजार और वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। इनमें पेट्रोल और डीजल दोनों तरह के वाहन शामिल हैं।

अभी तक वाहनों का छह माह के लिए पंजीकरण निलंबित किया जाता था। इसके बाद निरस्तीकरण की प्रक्रिया नहीं की जाती थी।

यह हाल तब था जब बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली.एनसीआर में दस साल पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहन शामिल हैं। परिवहन विभाग अभी उन वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर रहा है, जिनके पंजीकरण प्रमाण पत्र में समयावधि 15 साल दर्ज है।

एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में वाहनों का पंजीकरण निरस्त होना है। इस प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

# पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल से मोबाइल छीना

**नोएडा।** सेक्टर-45 में बाइक सवार बदमाशों ने सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल से उनका मोबाइल छीन लिया और भाग गए। वहीं पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप मिश्रा ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-45 स्थित एनआरआई रेजिडेंसी सोसाइटी में रहते हैं। वह सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल हैं।

बाइक सवार दो बदमाशों ने सेक्टर-45 के पास उनका मोबाइल छीन लिया। पुलिस सोसाइटी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की तलाश कर रही है।

# फर्जी आईपीएस ने 16 साल में 100 लोगों को ठगा

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से वसूलता था मोटी रकम




पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर पुलिस ने लोगों की सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी आइपीएस को महिला साथी समेत गिरफ्तार किया है। वह दारोगा, इंस्पेक्टर व आइपीएस बनकर लोगों को जाल में फंसाता था और उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम देता था।

आरोपित पिछले 16 साल से फर्जी अधिकारी बन ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा है। वह पूर्व में विभिन्न जिलों में 100 से अधिक लोगों से 60 लाख से अधिक की ठगी कर चुका है। पुलिस ने इसके पास से इंस्पेक्टर की वर्दी, इंस्पेक्टर का फोटो लगा ड्राइविंग लाइसेंस, कार, बाइक व अन्य सामान बरामद किया है। सीओ सदर निमिष पाटिल ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित फिरोजाबाद के सिरसागंज के धौसाई गांव का जोगेंद्र सिंह यादव है। वह अमित कुमार यादव बनकर ठगी करता था। जबकि उसकी साथी आकाश नगर मसूरी की राजकुमारी है। राजकुमारी लोगों की नौकरी लगवाने के नाम पर उनकी मुलाकात जोगेंद्र से कराती थी।

कविनगर थाना प्रभारी अमित कुमार काकरान ने बताया कि आरोपित से पूछताछ में पता चला है कि वर्ष 2006 में अपने को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही बताते हुए एक युवती से शादी की थी। सच्चाई का पता चलने पर उसकी वर्ष 2010 में शादी टूट गई थी और जोगेंद्र को मैनपुरी सिटी कोतवाली पुलिस ने जेल भेजा था। इसके बाद आरोपित ने वर्ष 2013 में उसने अपने को वर्ष 2005 का मृतक आश्रित बताते हुए पिता के स्थान पर उपनिरीक्षक की नौकरी पर होना बताया और एक महिला सिपाही से शादी कर ली। बाद में जांच में पता चला कि उसके पिता अभी जिंदा हैं।

# संक्षिप्त समाचार



5वें वार्षिक तकनीक सम्मेलन में एमएलसी विजय बहादुर पाठक व अन्य।

### एमिटी में इनफिनिटी 2022 का आयोजन

**नोएडा।** एमिटी बिजनेस स्कूल द्वारा परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी भविष्य को बढ़ावा विषय पर दो दिवसीय 5वें वार्षिक तकनीक सम्मेलन इनफिनिटी 2022 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक, एसपी साइबर क्राइम प्रो त्रिवेणी सिंह आईपीएस, पीडब्लूसी इंडिया के डिजिटल ट्रांसफार्मेशन एंड प्रोडक्ट के निदेशक जयंत चंद्रा, राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ और साइबर अपराध जांचकर्ता अमित दूबे, एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी मैनेजमेंट स्टडीज के डीन डा संजीव बंसल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा देश एक विशाल डिजिटल परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है।

### नम आंखों से हुआ रविन्द्र मोंगा का अंतिम संस्कार

**गाजियाबाद।** भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री एवं प्रदेश सह संयोजक स्थानीय निकाय वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोंगा के बड़े भाई रविन्द्र मोंगा का आकस्मिक देहांत हो गया। वह 68 वर्ष के थे और पिछले करीब चार महीने से कैंसर से पीडित थे। बीती रात उन्होंने राजनगर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। आज हिंडन नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिवार को सांत्वना देने के लिए आवास पर बड़ी संख्या में लोगों का आना.जाना रहा। केंद्र सरकार में मंत्री जनरल वीके सिंह एवं प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप सहित बड़ी संख्या में विधायकों एवं राजनीतिक दलों के लोगों ने शिरकत की।

### मैजिक पेन से साइन कर निकालते थे रकम

**नोएडा।** बैंक में मैजिक पेन से फर्जी हस्ताक्षर कर खाते से रुपए निकालने वाले दो लोगों को नोएडा के सेक्टर.20 थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को लोन दिलाने के नाम पर उनसे चैक लेकर धोखाधड़ी करते थे। बदमाशों की पहचान अमित त्यागी पुत्र ओमकार त्यागी निवासी न्यू डिफेंस कालोनी गाजियाबाद और आदिल पुत्र फय्याज अहमद निवासी मेरठ हुई है। इन दोनों को सेक्टर.28 से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 05 आईकार्ड विभिन्न बैंकों के व 19 आधार कार्ड बरामद हुए है। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दोनों बदमाश जस्ट डॉयल से नंबर निकालकर लोगों को लोन दिलाने को लालच देते थे। इसके बाद दोनों बैंक के फर्जी कर्मी बनकर उनके घर जाते थे। इस दौरान तीन कैंसिल चैक व सारी डॉक्यूमेंट लेते थे।

### व्हाट्सएप पर महिला को जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर.एक की महिला के वाट्सएप पर युवक ने धमकी भरा संदेश भेजा है। तमंचे के साथ अपनी तस्वीर भेजकर जान से मारने की धमकी दी है। वैशाली सेक्टर.एक में महिला परिवार के साथ रहती है। उनके पति के अनुसार, 30 अक्टूबर की सुबह पत्नी के वाट्सएप पर जान से मारने से संबंधित संदेश आया। उसमें अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। संदेश भेजने वाले ने तमंचे के साथ अपनी तस्वीर भी भेजी। प्रह्लादगढ़ी में आने पर जान से मारने देने की धमकी दी। इससे उनकी पत्नी डर गई है। संदेश भेजने वाले की पहचान सारण, बिहार के अभिमन्यु के रूप में हुई है।

# युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत, ऑनर किलिंग का शक

## सूत्रों के अनुसार मरने से पहले अपने दोस्त ने मांगी थी मदद


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कैला भट्टा में हुई युवती मौत के बाद इलाके में सनसनी मच गई। बहरहाल उक्त सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अफसरों ने मौके पहुंचे।

बताया गया है कि लड़की ने मरने से पहले अपने मित्र को फोन कर मदद की गुहार लगाई थी। युवती बार-बार दोस्त को फोन पर मदद मांगती रही। जब तक वह उसके घर पहुंचा, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी। इस वारदात के संदर्भ में सीओ फर्स्ट अंशू जैन का कहना है कि कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी गली नंबर 4 मकान नंबर 346 गुलजार कॉलोनी कैला भट्टा में रहने वाले नन्हे ठेकेदार के मकान में उसकी पुत्री का शव पड़ा हुआ है। सीओ ने बताया कि युवती की ऑनर किलिंग हुई या फिर उसकी मौत किन्ही और परिस्थितियों में हुई आदि सवालों का जवाब तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आने और जांच पूरी हो जाने पर ही मिल पाएगा।

सूत्रों की माने तो मरने से पूर्व युवती ने अपने किसी दोस्त को कॉल करके बोला था कि उसका बड़ा भाई व मां उसकी हत्या करने वाले हैं, प्लीज मुझे बचा लो, प्लीज मुझे बचा लो।

इतना बोलने के बाद युवती का फोन कट गया था और फिर नहीं मिला। सूत्रों के मुताबिक यह बात मृतका के दोस्त ने पुलिस को बताई है। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि बीती रात मरने से पूर्व युवती द्वारा अपने दोस्त से की गई बात रिकॉर्ड भी हो गई। सूत्रों की माने तो पुलिस ने कई को हिरासत में भी लिया है, लेकिन पुलिस ने इस बात की पुष्टी नहीं की थी। बहरहाल इस सनसनीखज घटना के पीछे की असलियत का पता तो पुलिस की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच के बाद ही चल पाएगा।

# सड़क हादसे में पंजाब वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष की पत्नी की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के नोएडा एक्सप्रेसवे पर हुए एक सड़क हादसे में पंजाब वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जलील खान की पत्नी की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नॉलेज पार्क थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जलील खान अपने परिजनों के साथ अलीगढ़ से दिल्ली जा रहे थे, तभी उनकी कार नोएडा एक्सप्रेसवे पर खड़े एक कैंटर से जा टकराई।

सिंह के अनुसार, हादसे में जलील खान की पत्नी सीमा खान (60) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जलील खान, सिराज अहमद और कार चालक अब्दुल खान गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज हो रहा है।

# कान्ट्रैक्ट किलर जितेंद्र त्यागी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पुलिस ने कांट्रैक्ट किलर को गिरफ्तार किया है। साथ ही कार व्यापारी की हत्या की साजिश को भी पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि कार व्यापारी की हत्या की कोशिश के आरोपित कांट्रैक्ट किलर को गिरफ्तार कर लिया है। जितेंद्र त्यागी के रूप में पहचाने जाने वाले आरोपी को बुधवार रात गिरफ्तार कि गया। पुलिस ने उसके पास से एक 9 एमएम की आटोमेटिक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और डीलर को मारने के लिए ली गई सुपारी के 58000 रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी जितेंद्र त्यागी को ओपुलेंट माल के पास जीटी रोड से गिरफ्तार किया गया है।

# अवैध कमाई का अड्डा बनी दुकानें की ध्वस्त

**नोएडा।** गेझा तिलपताबाद में अवैध कमाई का अड्डा बन चुकी दुकानों को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया।

ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई इन दुकानों से हर माह लाखों रुपये का किराया वसूला जा रहा था।

एसडीएम आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि गेझा तिलपताबाद सेक्टर-82 में प्राचीन तपोभूमि ब्रह्मचारी कुटी के सामने ग्राम समाज की लगभग 4000 वर्गमीटर की जमीन पर अवैध रूप से पक्की दुकानें बना दी गईं थीं। बीते 21 अक्टूबर को दादरी तहसीलदार कोर्ट से इन दुकानों को तोड़ने का आदेश जारी हुआ था।

# एनटीपीसी के खिलाफ किसानों का धरना जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एक समान मुआवजा व स्थाई रोजगार की मांग को लेकर जनपद गौतमबुद्धनगर के जारचा स्थित एनटीपीसी प्लांट पर धरना दे रहे किसानों के ऊपर मंगलवार को पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने तथा किसानों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 12 किसान नेताओं की गिरफ्तारी से आक्रोशित हजारों की संख्या में ग्रामीण रसूलपुर गांव के पास बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस किसानों का उत्पीडऩ कर रही है। आंदोलनकारियों ने गिरफ्तार किसान नेताओं को बिना शर्त रिहाई, मुकदमे वापसी व अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग की है।

उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक उनका आंदोलन चलता रहेगा। किसानों और ग्रामीणों के समर्थन में समाजवादी पार्टी, लोकदल और आम आदमी पार्टी के नेता भी उतर आए हैं। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए किसानों को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है।

### ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

**नोएडा।** भारतीय किसान संगठन के महानगर अध्यक्ष सुरेन्दर वशिष्ठ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने एनटीपीसी दादरी पर किसानों व महिलाओं पर हुई लाठी चार्ज के विरोध में नोएडा सिटी मजिस्ट्रेट को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि किसान एनटीपीसी दादरी पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

# बढ़ते प्रदूषण से हार्ट अटैक से बचने को शुगर और बीपी कंट्रोल रखे

नोएडा। बढ़ता स्मॉग सांस के साथ शरीर के भीतर चला जाता है और बीमारी पैदा करता है। इससे धमनियों में रक्तप्रवाह भी प्रभावित होता है। फेफड़ों की क्षमता घट जाती है। मरीज को दूसरी परेशानियां भी होने लगती है। इस मौसम में अस्थमा, दमा, ब्रोकाइटिस के मरीजों को खास सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

खासतौर से जिन्हें शुगर और बीपी है वह अतिरिक्त ध्यान रखे। मेट्रो अस्पताल के चेयरमैन और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ पुरुषोतम लाल का कहना है कि ठंड के मौसम में नसें ज्यादा सिकुड़ती हैं और सख्त बन जाती हैं। इससे नसों को गर्म और एक्टिव करने के लिए ब्लड का फ्लो बढ़ जाता है जिससे ब्लड प्रेशर भी बढ़ जाता है।

# रेस्त्रां में तंदूर पर लगा प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

## 500 मीटर से बड़ी साइटों का डस्ट ऐप पर पंजीकरण जरूरी, नहीं तो होगी बंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शहर में अब कोई रेस्त्रां, होटल व ढाबा कोयला तंदूर का प्रयोग नहीं कर सकेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा व ग्रेनो में तंदूर के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यदि किसी भी रेस्त्रां में कोयला तंदूर का प्रयोग होता मिला तो भारी जुर्माना ठोका जाएगा।

इसी के साथ अब 500 मीटर से बड़ी निर्माणाधीन साइट का डस्प एप पर पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। शहर में प्रशासन व प्राधिकरण को कोई भी 500 मीटर से बड़ी साइट बिना पंजीकरण संचालित होती पाई जाएगी तो उसे तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया जाएगा।

शहर की आबोहवा गंभीर हो चली हैं। ऐसे में जिला प्रशासन और प्राधिकरण ने भी प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक ऋतु माहेश्वरी ने गुरुवार को नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण व जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक की और हवा की गुणवत्ता सुधारने को तत्काल प्रभावी कदम उठाने के आदेश दिए। सीईओ ने सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को नोएडा व ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कोई भी हॉट मिक्स प्लांट, आरएमसी प्लांट एवं स्टोन क्रेशर पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। बताया गया कि नोएडा क्षेत्र में रोज 90 स्प्रिंकलर टैंकर तथा 40 एंटी स्मॉग गन से हवा को स्वच्छ बनाने के प्रयास जारी है। नोएडा व ग्रेनो में अतिरिक्त स्प्रिंकलर टैंकर लगाकर सड़क व पौधों की सफाई के आदेश दिए है। साथ ही मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों में पानी का सही तरह से छिड़काव न होने व सड़कों पर धूल उड़ने की शिकायतों पर सीईओ ने नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसी को उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई को चेताया। इसके अलावा सभी निर्माण स्थलों पर सामग्री को ढ़ककर रखने, एंटी स्मॉग गन, स्प्रिंकलर का उपयोग करने व साइटों को ग्रीन नेट से ढकने के निर्देश दिए।

5000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल के सभी निर्माण स्थलों पर एक एंटी स्मॉग गन, 5000 से 10000 वर्गमीटर की प्रत्येक साइट पर दो एंटी स्मॉग गन तथा 20 हजार वर्गमीटर से बड़े निर्माण स्थलों पर चार एंटी स्मॉग गन स्थापित एवं संचालन के आदेश दिए। कोयला तंदूर के अलावा कूड़ा, गार्बेज व पत्ते जलाने पर भी जुर्माना लगेगा। ग्रेप के तहत जिले में सभी प्रकार के खनन पर भी प्रतिबंध रहेगा। शहर में कहीं पर भी मिट्टी या फिर यमुना और हिंडन खादर में खनन होता पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

साथ ही नोएडा व ग्रेनो क्षेत्र में कोई भी औद्योगिक इकाई बिना अनुमान्य ईंधन के संचालित नहीं होगी। डीजल जनरेटर का प्रयोग सिर्फ लिफ्ट, आपात स्थिति और अस्पतालों में ही होगा। छोटे बच्चों को प्रदूषण के हमले से बचाने के लिए सभी स्कूलों में आउट डोर गतिविधियां भी बंद रहेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 4 नवंबर, 2022



# पराली के धुएं ने बढ़ाई दिल्ली और एनसीआर की मुसीबत

## केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल में छिड़ा वाक्युद्ध, भाजपा सांसद वरुण गांधी ने साधा एजेंसियों पर निशाना

● पराली जलाने का हिस्सा बढ़कर इस सीजन का सर्वाधिक 38 फीसद हुआ



भूपेंद्र यादव



अरविंद केजरीवाल



वरुण गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं इसके पड़ोसी शहरों में वायु प्रदूषण से लोगों का दम घुट रहा है। निगरानी एजेंसियों ने ग्रेप के चौथे चरण के तहत पाबंदियां लागू कर दी हैं। अस्पतालों में प्रदूषण संबंधी बीमारियों खांसी, जुकाम, सांस आदि के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका बड़ा कारण पंजाब में जलाई जा रही धान की पराली है। इस सीजन में पहली बार राजधानी के प्रदूषण में पराली का हिस्सा सर्वाधिक 38 प्रतिशत हो गया है।

फेफड़ों के लिए अति खतरनाक पीएम 2.5 प्रदूषण में पराली जलाए जाने का हिस्सा बृहस्पतिवार को बढ़कर 38 फीसद हो गया और विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में छाई कोहरे की मोटी परत के पीछे यही वजह है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली मौसम पूर्वानुमान एजेंसी सफर के संस्थापक परियोजना निदेशक गुफरान बेग ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का हिस्सा बढ़कर करीब 38 हो गया है, जो बहुत ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि नोएडा में वायु प्रदूषण बदतर है, क्योंकि यह पराली जलाने से निकलने वाले धुएं के मार्ग में है। गुरुग्राम और लोधी रोड इस धुएं के रास्ते में नहीं हैं, इसलिए वे कम से कम प्रभावित हुए हैं।

पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 3,634 घटनाएं हुई थीं जो इस मौसम में इस तरह की यह सबसे अधिक घटनाएं हैं। मंगलवार को ऐसी 1842, सोमवार को 2132, रविवार को 1761, शनिवार को 1898 और शुक्रवार को 2067 घटनाएं हुई थीं। इसे लेकर राजनीतिक मोर्चे पर पराली को लेकर जंग छिड़ी है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जैव-अपघटक का इस्तेमाल करने से औपचारिक रूप से मना कर दिया, जबकि केजरीवाल ने आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र सरकार किसानों को प्रोत्साहन राशि नहीं दे रही, ताकि वे पराली जलाने से रुकें।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जैव-अपघटक का इस्तेमाल करने से औपचारिक रूप से मना कर दिया। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के शासन वाले पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा था कि उसने किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए नकद प्रोत्साहन राशि देने के अनुरोधों को खारिज कर दिया था।

केंद्रीय मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने केंद्र को पत्र लिखकर कहा था कि दिल्ली में पूसा जैव-अपघटक का क्रियान्वयन सफल रहा है। लेकिन उन्होंने खुद आधिकारिक रूप से पंजाब में इसका इस्तेमाल करने से मना कर दिया। यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार पूसा जैव-अपघटक जैविक घोल है जो धान के अवशेषों को 15 से 20 दिन में खाद में बदल देता है। एक अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय ने बार-बार पंजाब सरकार से जैव-अपघटक का इस्तेमाल बढ़ाने को कहा लेकिन वे केवल 5,000 एकड़ जमीन पर प्रायोगिक आधार पर ऐसा कर रहे हैं। जब पूछा गया कि पंजाब इसका उपयोग क्यों नहीं कर रहा तो अधिकारी ने कहा कि राज्य ने कहा है कि यह प्रभावी नहीं है।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) ने आईएआरआई द्वारा 2020 और 2021 में तैयार एक जैव-अपघटक समेत ऐसे अनेक विलयनों पर परीक्षण किया था और रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि पराली को खाद बनाने के समय में कोई विशेष कमी नहीं आई है।

हालांकि यादव ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश में इसे लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फिलहाल हमारे पास गंभीर प्रयास किए बिना इसे खारिज करने की कोई वजह नहीं है। दिल्ली में इस साल बासमती और गैर-बासमती चावल के 5,000 एकड़ खेतों में इस घोल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि हरियाणा के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र वाले जिलों में पांच लाख एकड़ जमीन पर तथा उत्तर प्रदेश में चार लाख एकड़ क्षेत्र में जैव-अपघटक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा था कि पंजाब में 2021 की तुलना में इस साल पराली जलाने की घटनाएं 19 फीसद बढ़ गई हैं और आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी को गैस चैंबर बना दिया है। इस पर आक्रामक तरीके से पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराया और कहा कि यदि वह वायु प्रदूषण नियंत्रित नहीं कर सकती है, तो उसे इस्तीफा दे देना चाहिए।

दूसरी ओर, भाजपा सांसद वरुण गांधी ने प्रदूषण के संकट से निपटने में विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाया।

उन्होंने ट्वीट किया कि न तो सरकार और न ही लोग इस राक्षसी समस्या के बारे में गंभीर हैं। अस्पताल सांस लेने, दिल और फेफड़ों की समस्याओं वाले मरीजों से भरे हुए हैं। गांधी ने हैरानी जताई कि क्या समस्या को हल करने की लागत चार करोड़ 60 लाख लोगों के लिए जीवन भर बीमारी के इलाज में आने वाले खर्च से अधिक है?

आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब इकाई के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कांग ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राष्ट्रीय हरित अधिकरण के माध्यम से पंजाब में अधिकारियों पर किसानों के खिलाफ पराली जलाने के मामले दर्ज करने का दबाव बना रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार को तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर करने वाले किसानों से भाजपा बदला लेने की कोशिश कर रही है।



फाइल फोटो

### विद्यालय बंद करने पर बंटे अभिभावक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हवा के बद से बदतर होते जाने के बीच कई माता-पिता ने विद्यालय बंद करने के प्रस्ताव का समर्थन किया है, जबकि कई माता-पिता इसके खिलाफ हैं। कुछ माता-पिता ने दिल्ली सरकार से अनुरोध किया है कि प्रदूषण के मद्देनजर विद्यालय खुलने का समय बढ़ा दिया जाए। दिल्ली अभिभावक संघ (दिल्ली पैरेंट्स एसोसिएशन) प्रमुख अपराजिता गौतम ने कहा कि अधिकतर माता-पिता चाहते हैं कि विद्यालय बंद होने चाहिए, क्योंकि बच्चे प्रभावित हो रहे हैं और समय बढ़ाने से भी कोई फायदा नहीं होगा।

### अस्पतालों में जुकाम और सांस के रोगियों की संख्या बढ़ी



**नई दिल्ली।** अस्पतालों में वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों खांसी, जुकाम और सांस आदि से पीड़ित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ओखला के होली फैमिली अस्पताल में ओपीडी में इस तरह के रोगों के लिए दिखाने आने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत बढ़ गई है। डॉ. सुमित राय ने यह जानकारी दी। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के डॉ आशीष कुमार प्रकाश ने कहा कि वे दिवाली के बाद से ऐसे मरीजों को बड़ी संख्या में आते देख रहे हैं जिन्हें खांसी, जुकाम और सांस लेने में कठिनाई हो रही है।

## 53 फीसदी लोगों की नजर में वायु प्रदूषण का कारण पराली

*__नई दिल्ली।__ दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 53 फीसदी लोगों की नजर में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि का प्राथमिक कारण पड़ोसी राज्यों में पराली का जलाया जाना है। एक सर्वेक्षण के आधार पर यह दावा किया गया है। इस बीच एक सर्वेक्षण के आधार पर सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट (सीएसई) ने कहा कि दिवाली के दौरान प्रदूषण में वाहनों का योगदान लगभग आधा रहा।*

*पराली पर सर्वेक्षण लोकल सर्किल्स की ओर से किया गया जो 20 हजार नागरिकों के जवाब पर आधारित है। सर्वेक्षण के मुताबिक करीब 10,037 लोगों ने पड़ोसी राज्यों में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने को राजधानी में खराब वायु गुणवत्ता का मूल कारण बताया। दूसरी ओर, सीएसई के ताज़ा विश्लेषण में सामने आया है कि दिवाली वाले सप्ताह (21 से 26 अक्टूबर) के दौरान दिल्ली में स्थानीय स्रोतों से पैदा होने वाले पार्टिकुलेट मेटर (पीएम) 2.5 के प्रदूषण में वाहनों से निकलने वाले धुएं का लगभग आधा योगदान रहा था।*



*इसमें कहा गया है कि स्थानीय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) आदि स्रोतों के प्रदूषक तत्वों को जोड़ने पर पता चलता है कि दिल्ली के वाहनों में कुल पीएम 2.5 का लगभग 17 प्रतिशत हिस्सा होता है। सीएसई के सांकेतिक आंकड़ों के अनुसार, दिवाली के सप्ताह के दौरान वाहनों से निकलने वाले धुएं से प्रदूषण की दैनिक हिस्सेदारी 49.3 प्रतिशत से 53 प्रतिशत के बीच रही।*

# राजकुमार आनंद ने मंत्री के तौर पर शपथ ली



राज कुमार को पद और गोपनियता की शपथ दिलाते एलजी वी.के सक्सेना।

● एलजी और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक राज कुमार आनंद को बृहस्पतिवार को यहां राजनिवास में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आनंद ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं मुख्य सचिव नरेश कुमार की उपस्थिति में शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद सक्सेना ने ट्वीट किया, (मैंने) राज कुमार आनंद को राष्ट्रीय राजधानी परिक्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वह दिल्ली की जनता की बेहतरी के लिए काम करेंगे।

आनंद को बधाई देते हुए केजरीवाल ने ट्वीट किया, राज कुमार को नई जिम्मेदारी मिलने पर बहुत बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। कठिन मेहनत एवं ईमानदारी से दिल्ली के लोगों की सेवा कीजिए।

आनंद ने दिल्ली सचिवालय में अपना पदभार संभाल लिया एवं यह जिम्मेदारी देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

राजेंद्र पाल गौतम के इस्तीफे के बाद केजरीवाल ने पटेल नगर के विधायक आनंद को मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। गौतम ने एक धर्मांतरण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति को लेकर उठे विवाद के बाद पिछले महीने समाज कल्याण मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

# एलजी की मंजूरी नहीं फिर भी सरकार ने शुरू कराई योगशाला

● उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने ट्वीटर पर शेयर किया योगशाला की फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अरविंद केजरीवाल सरकार ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना की मंजूरी के बिना ही दिल्ली में योग क्लास की शुरुआत कर दी। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में हुए योग की तस्वीर ट्विटर पर शेयर की है।

सिसोदिया ने लिखा कि दिल्ली के कोने कोने में दिल्ली की योगशाला के तहत योग क्लासेज एक बार फिर शुरू हुई है। जनता उसी उत्साह और ऊर्जा से क्लासेज़ के साथ जुड़ी हुई हैं। षड्यंत्रकारियों को जनता का ये जवाब है-अधिकारियों को डराने धमकाने से जनक्रांति नहीं रुकती। केजरीवाल जो कहते है वह कर दिखाते हैं।

दिल्ली में मुफ्त योग क्लास को लेकर पहले से ही केजरीवाल सरकार और एलजी आमने-सामने हैं। हाल ही में अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वो भीख मांग कर योग शिक्षकों को पैसा देंगे लेकिन योग क्लास को बंद नहीं होने देंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली में मुफ्त योग क्लास बंद नहीं होगे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि दिल्ली में साजिश के तहत योग क्लास को बंद किया जा रहा है। इससे पहले 'दिल्ली की योगशाला' के ऑफिशल ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट कर लोगों को इस बारे में जानकारी दी गई। ट्वीट में लिखा था, साथियों, दिल्ली की योगशाला की क्लास 1 नवंबर 2022 से सरकारी आदेश के अनुसार बंद की जा रही हैं। डीपीएसआरयू की बोर्ड मीटिंग में इसे जारी रखने का निर्णय ले लिया गया, लेकिन अभी तक इसे एलजी साहब की अनुमति नहीं मिली है। भविष्य में जैसे ही कोई सूचना आती है, तो आपको सूचित किया जाएगा।

# एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर माह के अंत तक सेवाएं रहेंगी प्रभावित



● डीएमआरसी ने पटरियों की मरम्मत कार्य के चलते लिया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को उपनगर द्वारका के सेक्टर 21 से जोड़ने वाली एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सेवाएं पटरियों की मरम्मत की वजह से नवंबर के अंत तक प्रभावित रहेंगी। दिल्ली मेट्रो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 किलोमीटर लंबी यह लाइन रेलवे स्टेशन को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने यहां जारी बयान में बताया, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन (एईएएल) पर परिचालन गति और ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के लिए पटरियों का मरम्मत कार्य चल रहा है। इसकी वजह से रात 11 बजे से सुबह सात बजे के बीच ट्रेन सेवाएं मामूली रूप से प्रभावित रह सकती हैं। बयान में कहा गया, सामान्य तौर पर इस लाइन पर हर 15 मिनट पर मेट्रो ट्रेन का परिचालन होता है जिसमें पांच से सात मिनट की और देरी हो सकती है और यह स्थिति इस साल नवंबर के अंत तक बनी रह सकती है।

अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को असुविधा नहीं हो, इसके लिए प्रत्येक स्टेशन पर इस संबंध में जानकारी की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह इस लाइन पर यात्री सेवा पांच बजे शुरू होती है।

### मामूली विवाद पर युवक को मारी गोली, घायल

**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों में कथित रूप से शामिल नहीं करने को लेकर एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पड़ोसी को गोली मार दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सुनील कालका (35) के रूप में हुई है जिसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने घटनास्थल से एक देशी पिस्तौल और एक खाली कारतूस बरामद किया है। हमले में घायल व्यक्ति की पहचान ललित (37) के रूप में की गई है और उसकी पीठ में गोली लगी है। उसे अस्पताल ले जाया गया।

## संक्षिप्त समाचार




आप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

### आप के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की युवा इकाई के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के संदर्भ में किए दावों की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि सुकेश के दावों के बाद आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का असली चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया है।

### खिचड़ीपुर बस्ती विकास केंद्र के जीर्णोद्धार के निर्देश

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अधिकारियों को राजधानी के खिचड़ीपुर में स्थित बस्ती विकास केंद्र का जीर्णोद्धार करने और इसे एक सप्ताह के भीतर सार्वजनिक उपयोग के लिए खोलने का निर्देश दिया। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आस-पास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने विभिन्न झुग्गी बस्तियों में बस्ती विकास केंद्र स्थापित किए हैं। उपमुख्यमंत्री ने खिचड़ी में सुविधा का निरीक्षण किया और पाया कि यह लंबे समय से बंद है और स्थानीय लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### डिलीवरी बॉय को पिस्तौल दिखाकर लूटा

**नई दिल्ली।** आरके पुरम इलाके में एक नवंबर की देर रात कार सवार बदमाश ने जोमैटो डिलीवरी बॉय को पिस्तौल दिखाकर लूट लिया। पीड़ित वीरेंद्र सैनी ने लूट का विरोध किया तो आरोपी ने उसकी जमकर पिटाई की। इसके बाद वह मोबाइल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित वीरेंद्र आरके पुरम में रहता है। उसने बताया कि वह कंपनी से ऑर्डर का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की कार से एक शख्स आया और उसने गाली-गलौज शुरू कर दी।

# व्यावसायिक शिक्षा की तरफ रुझान बढ़ाने के प्रयास तेज

## उपमुख्यमंत्री ने कहा, छात्रों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम अपनाने को प्रेरित करने के लिए चलाएंगे कार्यक्रम

● सरकारी स्कूल से पढ़ाई कर आईआईटी पास करने वाले छात्र कौशल क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढाएंगेः डिप्टी सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



खिचड़ीपुर स्थित इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) में विद्यार्थियों से बातचीत करते डिप्टी सीएम।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिला के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम जल्द तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक कार्यक्रम तैयार किया जाएगा जिसके तहत आईटीआई और स्नातक विद्यार्थी, विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के साथ बातचीत करके उन्हें व्यावसायिक पाठ्यक्रम अपनाने के प्रति प्रेरित करेंगे।

खिचड़ीपुर स्थित इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) में विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान सिसोदिया ने कहा कि आईटीआई के उन्नत पाठ्यक्रम छात्रों को उनकी पेशेवर आकांक्षाओं को हासिल करने में मदद करेंगे और भविष्य के लक्ष्यों के प्रति उन्हें स्पष्टता प्रदान करेंगे।

सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार के आईटीआई देश के युवाओं का कौशल बढ़ाने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई से निकलने वाले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं से भारत के विकास में नए अध्याय की शुरुआत करेंगे।

सिसोदिया ने कहा कि हमने बच्चों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम अपनाने के लिए सक्षम बनाया है और हमारे आईटीआई विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर के विद्यार्थियों को प्रेरित करना चाहिए कि वे शिक्षा की इस राह को अपनाएं। साथ ही देश के भविष्य का निर्माण भी करेंगे।

# प्रवासी कथा साहित्य इतिहास लेखन पर कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रवासी साहित्य वर्तमान में चर्चा के दौरान साहित्य जगत के लोग।

प्रवासी साहित्य वर्तमान में चर्चा का विषय बनकर उभरा है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में प्रो.सत्यकेतु सांकृत, डीन, एसओएल, डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली ने एक ओर कदम बढ़ाया है।

अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर के प्रोत्साहन से प्रो. सत्यकेतु सांकृत प्रवासी साहित्य 'एक सर्वेक्षण विषय' पर एक परियोजना को अंतिम स्वरूप देने का कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में प्रवासी कथा साहित्य इतिहास लेखन के अंत: सूत्र' विषय पर अंबेडकर विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र के वक्ता रोहित कुमार हैप्पी, वरिष्ठ संपादक एवं प्रख्यात चिन्तक, प्रवासी साहित्य), डॉ. नूतन पाण्डेय (सहायक निदेशक, केंद्रीय हिन्दी निदेशालय दिल्ली) ने प्रवासी साहित्य के इतिहास लेखन की सैद्धांतिकी और प्रवृत्तियों को स्पष्ट करते हुए कई तथ्यों पर प्रकाश डालना। पहले सत्र संचालन डॉ. गीता पांडेय ने किया।

द्वितीय सत्र के वक्ता प्रो. महेंद्रपाल शर्मा, (जामिया ), प्रो. प्रभाकर सिंह, (प्राध्यापक, हिन्दी, बीएचयू वाराणसी) जय वर्मा, (प्रख्यात कथाकार एवं प्रवासी साहित्य चिन्तक ) ने वक्तव्य दिया।

वरिष्ठ कथाकार जय वर्मा ने ब्रिटेन अमेरिका सूरीनाम आदि अनेक देशों के प्रवासी साहित्य की रचनाओं पर चर्चा की। प्रो. प्रभाकर सिंह ने प्रवासी साहित्य लेखन के सैद्धांतिकी पर अपनी बात रखी। इस सत्र संचालन डॉ. निकिता जैन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सत्यकेतु सांकृत ने किया।

# गुरुग्राम में 47 सेंटर पर एक शिफ्ट में 20 हजार उम्मीदवार देंगे सीईटी की परीक्षा

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### यातायात से लेकर परीक्षार्थियों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित

### एक कमरे में 24 परीक्षार्थियों के लिए 2 इंवीजिलेटर नियुक्त


फाइल फोटो।

**कॉमन** एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) परीक्षा को शांतिपूर्वक और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आने देने के लिए तैयारियां चल रही हैं। यहां एक सत्र में करीब 20 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। प्रदेश के कई जिलों से यहां आने वाले परीक्षार्थियों के रहने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं। यह परीक्षा 5 व 6 नवम्बर को होगी।

सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि यह परीक्षा पहली बार आयोजित की जा रही है। ऐसे में जरूरी है कि अधिकारी समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें, ताकि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। जिला में इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 47 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें एक शिफ्ट में 20 हजार 427 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

नकलरहित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला में 10 फ्लाइंग स्क्वाइड की टीमें लगाई गई हैं, जिनका नेतृत्व एचसीएस स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह परीक्षा दो शिफ्ट सुबह 10 बजे से 11:45 बजे तक तथा दोपहर बाद 3 बजे से शाम 4:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त ने बैठक में संबंधित अधिकारी को सेंटर सुपरवाइजरों तथा इंवीजिलेटरों के साथ बैठक कर उनके परीक्षा संबंधी संशयों को दूर करने के लिए कहा। परीक्षा के दौरान एक कमरे में 24 परीक्षार्थियों के लिए 2 इंवीजिलेटर नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा केन्द्र में प्रात:कालीन शिफ्ट के लिए प्रवेश का समय सुबह 8:30 बजे और सांयकाल की शिफ्ट के लिए दोपहर 1:30 बजे का निर्धारित किया गया है। इसके अलावा परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर 1 घंटा पहले पहुंचने का प्रयास करें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

#### ठहरने व खान-पान की व्यवस्था के लिए हेल्प डेस्क

**परीक्षार्थियों** के ठहरने व खान पान के लिए उपायुक्त ने बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया हुआ है। एसडीएम बादशाहपुर ने बताया कि परीक्षा के लिए आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पांच अलग-अलग स्थानों पर हेल्प डेस्क लगाए जाएंगे, जहां पर व्यक्ति अपने सेंटर के नजदीक ठहरने तथा खान-पान संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इन हेल्प डेस्क पर 24 घंटे स्टाफतैनात रहेगा, जो 8-8 घंटे की शिफ्टों में काम करते हुए परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। ये हेल्प डेस्क रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, इफ्को चौक, राजीव चौक, हुडा सिटी सेंटर पर लगाए जा रहे हैं, जो चार नवंबर को दोपहर तीन बजे से संचालित होंगे।

# गुरुग्राम में फर्जी पैथ लैब पकड़ी, एक साल में 750 लोग करा चुके जांच

### सीएम फ्लाइंग स्क्वायड की छापेमारी में हुआ खुलासा

### बिनौला औद्योगिक क्षेत्र में चलाई जा रही थी लैब

### लोगों की सेहत के साथ किया गया खिलवाड़

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



**जिले** में एक ऐसी पैथ लैब का भंडाफोड़ हुआ है, जो कि पूरी तरह से फर्जीवाड़े से चलाई जा रही थी। यह खुलासा सीएम फ्लाइंग स्क्वाइड की छापेमारी में हुआ है। छापेमारी में मौके से लैब संचालक को गिरफ्तार किया गया और 45 रैपिड टेस्ट किट व कागजात बरामद किए। बिनौला औद्योगिक क्षेत्र में एक साल से पैथ लैब चलाई जा रही थी। इस दौरान करीब 750 लोगों के टेस्ट इस लैब के माध्यम से किए गए। लैब को राहुल यादव नामक व्यक्ति संचालित करता था।

लैब को फर्जी तरीके से चलाने के इनपुट सीएम फ्लाईंग स्क्वायड को मिले थे। ऐसे में टीम के प्रभारी डीएसपी इंद्रजीत यादव के पास जानकारी पहुंची कि राहुल यादव नामक युवक फर्जी तरीके से यहां लैब चलाता है। वह बीएससी पास है। वह राजस्थान के अलवर जिला के गांव जोड़िया का रहने वाला है। इस समय वह रेवाड़ी के गांव बोडिया कमालपुर में रहता है। बीडीएन पैथ लैब नाम से वह लैब संचालित करता है। सीएम फ्लाईंग स्क्वायड की टीम ने बिना कोई देरी किए लैब पर छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई। छापेमारी के दौरान लैब में एक युवक रक्त के सेंपल की जांच कर रहा था। टीम के समक्ष उसने बताया कि वह यहां लैब तकनीशियन के तौर पर काम करता है। लैब संचालक राहुल यादव भी उस समय लैब में मौजूद था। छापेमारी टीम की ओर से उससे लैब संचालन के कागजात मांगे गए, लेकिन वह कुछ नहीं दिखा पाया। टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। उसने एक साल में 750 से अधिक लोगों के सेंपल लिए। उनके पास किसी तरह की कोई डिग्री नहीं मिली।

लैब संचालक ने साढ़े तीन हजार रुपये प्रतिमाह से लैब चलाने के लिए दुकान किराए पर ले रखी थी। मौके पर एक रिपोर्ट मिली, जिस पर डा. कंचन जैन के डिजिटल हस्ताक्षर हैं। टीम ने जब डा. कंचन को बुलाने के लिए कहा तो वह नहीं जानता। इससे साफ हो गया कि कंचन जैन को डाक्टर के नाम से भी वह फर्जी काम करता था।

## जम्मू तवी ट्रेन के उदयपुर तक संचालन का डॉ. डीपी गोयल ने किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


डॉ. डीपी गोयल।

**दिल्ली**-गुरुग्राम-रेवाड़ी के रास्ते उदयपुर तक जाने के लिए सीधी ट्रेन का संचालन करवाने को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने पहल की है। इस रूट पर एक साल पहले ट्रेन चलाने के लिए घोषणा की गई थी, जिसको लेकर उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री समेत राज्य मंत्रियों, अधिकारियों को पत्र लिखा है।

रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, रेलवे राज्य मंत्री दर्शना जरदोश, केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगाल, मंडल रेल प्रबंधक उत्तरी रेलवे डिम्पी गर्ग को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि अक्टूबर-2021 में रेलवे ने घोषणा की थी कि जम्मू तवी (जम्मू से पुरानी दिल्ली तक चलने वाली ट्रेन) के रूट को आगे बढ़ाकर उदयपुर तक किया जाएगा। इसका दिल्ली से आगे का रूट रेवाड़ी-नारनौल-रींगस-फुलेरा होते हुए उदयपुर पहुंचेगी। इस रेल के संचालन की सूचना आमजन तक पहुंची थी। इस गाड़ी के संचालन की घोषणा के समय उन श्रद्धालुओं को काफी खुशी हुई थी। यह गाड़ी सुबह उदयपुर के लिए रवाना होगी। दोपहर में यह गाड़ी उदयपुर से दिल्ली के लिए चलेगी और 4:30 बजे रींगस पहुंचेगी। इस दौरान यात्रियों को इतना समय मिल जाएगा कि खाटू श्याम जी के दर्शन करके वापस इसी गाड़ी से दिल्ली पहुंच सकते हैं। इस ट्रेन की घोषणा हुए एक साल घोषणा को हो चुका है। यात्री इस ट्रेन के संचालन के इंतजार में हैं। डा. डीपी गोयल ने अनुरोध किया है कि जम्मू तवी रेलगाड़ी को दिल्ली से रेवाड़ी, नारनौल, रींगस, फुलेरा से होते हुए उदयपुर तक संचालन का कार्य पूरा करें। इससे लोगों को आवाजाही में काफी राहत मिलेगी।

## पूर्व मंत्री राव नरबीर, विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मधु वाल्मीकि के लिए मांगे वोट

**गुरुग्राम।** जिला परिषद वार्ड-9 से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मधु वाल्मीकि के समर्थन में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह व पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा प्रत्याशी मधु वाल्मीकि को पार्षद चुनें, ताकि वे क्षेत्र का विकास करा सकें।

गांव शेरपुर, राजपुरा, गुड़ाना, सैनका, नूरगढ़, मंगवाकी, ब्राह्मणवास और गांव हालियाकी में राव नरबीर सिंह और सत्यप्रकाश जरावता ग्रामीणों के बीच पहुंचे। सबकी कुशलक्षेम पूछने के साथ ही ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। खेती-बाड़ी पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी मधु वाल्मीकि को वोट रूपी आशीर्वाद देने की अपील की। ग्रामीणों की ओर से वधु वाल्मीकि को भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिया गया। पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराने के लिए भाजपा को हर स्तर पर मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें सरकार और नेता वही चुनने चाहिए, जो विकास के पक्षधर हों। काम करने की उनमें ललक हो।


गुरुग्राम जिला परिषद के चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते ग्रामीण।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि सरकार के आठ साल के कार्यकाल में गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश में खूब विकास के काम हुए हैं। इन कामों के आधार पर और भविष्य में और भी विकास रफ्तार पकड़े, इसके लिए भाजपा को मजबूत बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि मनोहर सरकार के कार्यकाल में इतने विकास कार्य हो चुके हैं कि विपक्ष के पास मुद्दे ही नहीं बचे। विधायक ने कहा कि आदमपुर का उपचुनाव भी भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। वहां पर चुनाव प्रचार के दौरान लोगों ने खुलकर अपनी मन की बात कही। सभी का एक ही विचार था कि भव्य बिश्नोई की जीत को ऐतिहासिक बनाना है।

## नगर परिषद का संपत्ति कर डाटा ऑनलाइन, घर बैठकर करें भुगतान

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**आम** नागरिकों को अपनी संपत्ति कर की जानकारी व उसे भरने के लिए बिल की रसीद लेने के लिए परिषद कार्यालय में चक्कर लगाने नहीं होंगे। याशी कंपनी द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर 52,343 संपत्ति कर का डाटा ऑनलाइन कर दिया है। उपभोक्ता अपनी संपत्ति कर की जांच करने के बाद ऑनलाइन देख और जमा करा सकता है।

नगर परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 40 हजार की आबादी वाले शहर और 13 गांवों में रहने वाला नागरिक अपनी संपत्ति कर की जांच ऑनलाइन कर सकते हैं। हाल ही में परिषद द्वारा संपत्ति कर का 52,343 डाटा ऑनलाइन किया गया है। उपभोक्ताओं को नगर परिषद कार्यालय में जाकर संपत्ति बिल लेने के लिए न लाइन में खड़ा होना होगा और नहीं घंटों सीट से गैर हाजिर बाबू के आने का इंतजार करना होगा।

### घर बैठे ऑनलाइन ही करें खामियों को दूर

**दंपति** मालिक नगर परिषद के पोर्टल पर हुए ऑनलाइन डाटा में पाएं जाने वाली खामियों को दूर भी कर सकते हैं। उपभोक्ता पोर्टल पर ही अपनी संपत्ति से संबंधिक कागजात ऑनलाइन लगाकर ठीक कर सकते हैं। जिससे आम नागरिकों को अपनी संपत्ति रिकार्ड में खामियों को दूर करना आसान होगा।

### अब एनओसी लेना हुआ आसान

**आम** नागरिक अपनी संपत्ति की एनओसी लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्हें नगर परिषद कार्यालय में जाए बिना ही ऑनलाइन निकलवा सकते हैं। कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि संपत्ति कर का डाटा ऑनलाइन होने से आम नागरिक को कार्यालय के चक्कर लगाने नहीं होंगे। वहीं नगर परिषद को भी ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान होने से आय होगी। संपत्ति कर व एनओसी देने से परिषद को मिलने वाली फीस को विकास कार्यों पर खर्च किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव को लेकर वार्ड प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक


जिला परिषद चुनाव को लेकर बैठक लेती भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

**गुरुग्राम।** भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सोहना विधानसभा के वार्ड-1,2,3 की भोंडसी मंडल कार्यालय पर, व वार्ड-4 ,5 ,6 ,7 ,8, 9, 10 वार्ड की हेली मंडी मंडल कार्यालय पर चुनाव प्रभारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक कर वार्ड में चल रहे चुनाव प्रचार को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी हासिल की। आगामी कार्य योजना पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि कार्यकर्ता एक-एक मतदाता तक पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें। कार्यकर्ता अलग-अलग टीमों के हिसाब से चुनाव प्रचार अभियान चलाएं। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडौली, स्थानीय निकाय के प्रदेश सह संयोजक अनिल यादव, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, ज्योति डेंबला, जिला सचिव प्रदीप जैलदार, अनिल गंडास, धर्मेंद्र यादव, सुंदरलाल सरपंच, रणजीत नंबरदार, महेश चौहान, रामचंद्र भारद्वाज, अनिल भारती, रामकिशन राघव, गौरव चुघ, कृष्ण यादव, अभय चौहान, देवेंद्र यादव, दौलत राम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अब 26 नवंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर जिला में 12 नवंबर को लगने वाली लोक अदालत अब 26 नवंबर को लोक अदालत लगाई जाएगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। ललिता पटवर्धन ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। श्रीमती पटवर्धन ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफअपील दायर नहीं की जा सकती। लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

### मुलायम सिंह के नाम पर हो गुरुग्राम के अस्पताल का नाम



**गुरुग्राम।** यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के नाम पर गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल का नाम करने की मांग समस्त यादव समाज की ओर से की गई है। गुरुवार को यहां पत्रकार वार्ता करके समाज के अग्रणी लोगों ने इस मांग को रखा। उम्मीद जताई कि जल्द ही सरकार इस मांग को पूरा करेगी। पत्रकार वार्ता में समाजसेवी सूबे सिंह बोहरा ने कहा कि यूपी के पूर्व सीएम और देश के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपने पूरे जीवनकाल में गरीब, पिछड़े, कमजोर, मजदूर, किसान वर्ग के लिए सदा काम किया। वे किसानों के सच्चे हितैषी थे। तभी उनका नाम धरतीपुत्र पड़ा। उन्होंने पूरी लगन से लोगों की सेवा की। लोकनायक जप्रकाश, डा. राममनोहर लोहिया के आदर्शों को लोकप्रिय बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया । वह देश के रक्षा मंत्री रहते हुए वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों को शहीदों का दर्जा दिलवाया। कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के पार्थिव शरीर उनकी जन्मभूमि तक पहुंचाने का कार्य उन्होंने ही रक्षा मंत्री रहते हुए किया। जनता सदा उनके विचार सुनने के लिए उत्सुक रहती थी। वह आपातकाल के दौरान लोकतंत्र के लिए एक प्रमुख सिपाही थे। जमीन से जुड़े नेता के रूप में जनता ने उनके कार्यों को खूब सराहा। बोहरा ने कहा कि 50 वर्षों से अधिक समय तक वह भारतीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। यूपी के विकास में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुरुग्राम के अस्पताल का नाम मुलायम सिंह यादव के नाम पर करने के लिए समस्त यादव समाज ने उपायुक्त निशांत कुमार यादव को मांग पत्र सौंपा। इस दौरान जितेंद्र बाल, रोहताश डागर, विनोद नंबरदार, रणजीत नंबरदार रजोकरी, सुरेंद्र यादव, कालू नंबदार, अशोक नंबरदार, श्योचंद सरपंच, नरेश पौमी, धर्मवीर डागर, राजेश यादव, अरुण यादव, महेश मुकद्दम मौजूद रहे।

## नगर परिषद एक साल तक स्ट्रीट लाइटों की देखभाल करेगा, 50 लाख होंगे खर्च

**सोहना।** नगर परिषद ने शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों को पूरे एक साल तक देखभाल करने की योजना बनाई है। जिस पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। जल्द ही नये सिरे से खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का कार्य शुरू किया जाएगा।

दीपावली से पहले शहर की सड़कों, बाजार, मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें खराब होने के कारण अंधकार छाया हुआ था। परिषद प्रशासन ने दीपावली पर शहर के पुरानी आबादी वाले क्षेत्र के बाजार, गली-मोहल्ले और मुख्य सड़कों पर लगी खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का प्रयास किया था। जिसमें नगर परिषद प्रशासन को सफलता भी मिली, लेकिन नगर परिषद प्रशासन ने शहर के सभी 5200 स्ट्रीट लाइटों को पूरे एक साल तक बंद न होने देने की योजना तैयार की है। योजना को बहुत ही जल्द अमलीजामा पहनाने का प्रयास शुरू किया जाएगा। परिषद प्रशासन एक साल तक खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिए टेंडर छोड़ने की तैयारी में जुट गई है।

**स्ट्रीट लाइट केबल अंडर ग्राउंड करने की मांग :** द शहर के अंदर बंदरों का आतंक अब स्ट्रीट लाइटों को भी भुगतना पड़ रहा है। बंदरों द्वारा स्ट्रीट के पोल पर लगी केबल काट देने के मामले आ रहे हैं। जिन्हें परिषद के कर्मचारी शिकायत मिलने पर या जांच करने के दौरान ठीक करते हैं। स्थानीय नागरिकों में सुरेन्द्र पाल का कहना है कि स्ट्रीट लाइट के लिए लगी केबल जमीन के अंदर दबाई जाए। जिससे केबल को बंदरों से होने वाले नुकसान से बचाव से बचा जा सके। नगर परिषद एक्सइएन विक्की कुमार ने बताया कि निगम कमिश्नर मुकेश आहुजा ने शहर की स्ट्रीट लाइट को अगले एक साल तक देखभाल करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए 50 लाख रुपये मंजूर हुए हैं। स्ट्रीट लाइट की एक साल तक देखरेख करने का जल्द ही टेंडर लगाया जाएगा।


नगर परिषद एक्सइएन विक्की कुमार।

## पोलिंग स्टाफ की हुई पहली ट्रेनिंग

### सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित थी ट्रेनिंग

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम में पंचायत चुनाव की ट्रेनिंग में बोलते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**पंचायत** चुनाव के दूसरे चरण के तहत जिला में 9 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति और 12 नवंबर को सरपंच व पंच पद के चुनाव में अपनी सेवाएं देने वाले पोलिंग स्टाफकी खंड स्तर पर पहली ट्रेनिंग दी गयी। गुरुवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में दो चरणों मे आयोजित इस कार्यशाला में बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव ने पोलिंग स्टाफको पूरी चुनाव प्रक्रिया व उससे जुड़ी बारीकियों के बारे में अवगत कराया। अंतिम ट्रेनिंग चुनाव से 1 दिन पहले पोलिंग पार्टियों को रवानगी से पहले दी जाएगी।

कार्यशाला का निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावों में ड्यूटी लगने के साथ ही अब आप चुनाव सम्पन्न होने तक राज्य सरकार के कर्मचारी ना होकर राज्य चुनाव आयोग के कर्मचारी हैं। डीसी श्री यादव ने बताया कि 9 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति के होने वाले चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां 8 नवंबर को बताए गए स्थान से चुनावी सामग्री लेकर रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को चुनाव के बाद निर्धारित किए गए गए स्थान पर ही पोलिंग पार्टियां चुनावी सामग्री जमा करवाएंगी। इसी प्रकार 12 नवंबर को सरपंच व पंच पद के लिए होने वाले चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां 11 नवंबर को बताए गए निर्धारित स्थान से चुनावी सामग्री लेकर रवाना होंगी तथा 12 नवंबर को चुनाव के बाद पोलिंग पार्टियों को बताए गए स्थान पर ही चुनावी सामग्री जमा करवानी होंगी। सरपंच व पंच का परिणाम उसी दिन मतदान केंद्र पर जारी किया जाएगा जबकि जिला परिषद व पंचायत समिति के परिणाम 27 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।चुनाव सुबह 7:00 बजे से शुरू होकर सायं 6:00 बजे तक होगा। डीसी श्री यादव ने कार्यशाला में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैर-जिम्मेदाराना रवैया सहन नहीं होगी। उन्होंने अनुपस्थित रहे कर्मचारियों पर सख्ती बरतते हुए ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए। इस अवसर पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की क्षेत्रीय प्रशासक मीतू धनखड़, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, पटौदी की तहसीलदार रीटा ग्रोवर, गुरुग्राम के तहसीलदार दर्पण कम्बोज सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वी ने नए वी मैक्स प्लान्स के साथ अपनी पोस्टपेड पेशकश को बनाया सशक्त

### वी के नए पोस्टपेट प्लान नए दौर के डिजिटल यूजर्स को देते हैं ज्यादा मूल्य, नियंत्रण और उत्कृष्ट सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा। मेरठ**

**भारत** के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया ने आज के डिजिटल दौर में मोबाइल उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए देश के सर्वश्रेष्ठ वैल्यू पोस्टपेड प्लान्स- वी मैक्स के लॉन्च की घोषणा की है- जिसके तहत यूजर ज्यादा डेटा, ज्यादा नियन्त्रण, ज्यादा सुविधा और बेजोड़ कंटेंट पेशकश का लाभ उठा सकते हैं।

अपने नाम के अनुसार, वी मैक्स पिछले जनरेशन के पोस्टपेड प्लान्स की तुलना में उसी कीमत पर ज्यादा फायदे देता है। नए वी मैक्स प्रोपोजिशन के बारे में बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, हमन उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों और महत्वाकांक्षाओं के अनुसार निरंतर अपनी पेशकश में बदलाव लाकर आधुनिक सेवाएं पेश करते रहे हैं। वी मैक्स के साथ अपने पोस्टपेड पोर्टफोलियो को सशक्त बनाकर हम उच्च एआरपीयू पोस्टपेड यूजर्स को 5 जी रैड वी नेटवर्क के साथ ज्यादा पावर, मूल्य एवं सुविधा से लाभान्वित करना चाहते हैं। डोमेन विशेषज्ञों के साथ साझेदारी में विशिष्ट डिजिटल सेवाओं की व्यापक रेंज अब वी मैक्स के पोस्टपेड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगी और उन्हें आज के डिजिटल दौर में लाभान्वित करेगी। नए वी मैक्स प्लान देश भर में एक नवम्बर से वी के सभी मौजूदा एवं नए पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होंगे।




**वी मैक्स प्लान्स के विशेष फीचर्स हैं :** ज्यादा डेटा और एसएमएस- वी के उपभोक्ता अब वी के लोकप्रिय नाईट अनलिमिटेड फायदों के साथ ज्यादा डेटा कोटा का लाभ उठा सकते हैं, जिससे यूजर 5 जी रैडी नेटवर्क पर बहुत कुछ कर सकता है। वी मैक्स प्लान 3000 एसएमएस प्रति माह के फायदे भी देता है। वॉइस और डेटा के दायरे के बाहर ढेरों फायदे जैसे एंटरटेनमेन्ट, ट्रैवल डिस्काउन्ट, एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस- वी मैक्स पोस्टपेड प्लान एंटरटेनमेन्ट सेवाओं की व्यापक रेंज के साथ आते हैं जैसे वी मुवीज और टीवी के साथ-साथ सोनी लिव, एमजॉन प्राइम, डिजनी प्लस हॉटस्टार का मुफ्त सब्सक्रिप्शन। वी मैक्स प्लान मेक माय ट्रिप के माध्यम से उड़ान और होटल बुकिंग पर भी छूट के फायदे देता है। यात्रा के अन्य फायदों में शामिल हैं- 2999 रुपये प्रति वर्ष कीमत का सात दिन का इंटरनेशनल रोमिंग पैक तथा डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल एयरपोर्ट लाउंज का कॉम्पलीमेंटरी एक्सेस जो नए रैडएक्स1101 प्लान पर जारी रहेगा। मासिक बिल पर ज़्यादा नियन्त्रण- वी के यूजर वी ऐप के माध्यम से अपनी खुद की क्रेडिट लिमिट सेट कर सकते हैं, जिससे मासिक खर्चों पर उनका बेहतर नियन्त्रण रहता है। प्राथमिक कस्टमर सर्विस- वी मैक्स पोस्टपेड प्लान के सभी यूज़र्स को वी स्टोर पर प्राथमिकता दी जाएगी, कस्टमर केयर 20 सैकंड के अंदर उनका कॉल पिक करेगा, उनके प्लान के प्रकार के आधार पर उन्हें कस्टमर केयर एक्जक्टिव के साथ सीधे जोड़ा जाएगा। **फैमिली प्लान्स :** वी ने फैमिली प्लान्स को अपग्रेड कर रु 999 पर 4कनेक्शन और रु 1149 पर 5 कनेक्शन के फायदे भी लेकर आया है, जो एमज़ॉन प्राइम और डिज़्नी प्लस हॉटस्टार के साथ उपलब्ध हैं।

# सविता को मिलेगा राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवॉर्ड

कविता। फरीदाबाद

**हरियाणा** से फरीदाबाद की नर्सिंग ऑफिसर सविता को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवॉर्ड के लिए चुना गया है। सविता ने पायनियर का बताया कि फरीदाबाद में पहली बार यह अवॉर्ड उन्हें दिया जा रहा है। यह राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवार्ड उन्हें सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विकास शर्मा के सहयोग से मिलेगा। इस मौके पर उन्हें इंचार्ज डॉ. विकास शर्मा, स्टाफ बबीता, प्रीति, अजय चौहान, चन्दर, भूप सिंह, छैल बिहारी, तेजपाल राघव समेत सभी ने उन्हें बधाई दी। नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में कार्यरत नर्स सविता को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवॉर्ड 2021 से सम्मानित किया जायेगा। प्रतिष्ठित अवार्ड के लिये सविता के चयन से पूरा स्वास्थ्य महकमा उत्साहित है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये जगह-जगह से उन्हें बधाई व शुभकामनाएं मिल रही हैं।

**इसलिए दिया जाता है अवॉर्ड :** राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटेंगिल अवॉर्ड नर्सिंग के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। जो नर्सिंग सेवा से जुड़े कर्मियों को उनकी नि:स्वार्थ सेवा व असाधारण कार्य कुशलता के लिये प्रदान किया जाता है। आगामी सात नवंबर को सविता को यह अवॉर्ड देश के राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा।





ब्लड बैंक इंचार्ज और स्टाफ सविता को बधाई देते हुए। डॉ. विकास शर्मा

**सविता की खुशी :** राष्ट्रीय सम्मान के लिये चयनित होने पर सविता ने बताया कि जीवन में इतनी खुशी कभी महसूस नहीं की। जितना इस सम्मान के लिये चयनित होने के बाद कर रही हूं। राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिये चयनित होने पर उन्होंने अपने नर्सिंग प्रोफेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से मुझे जन सेवा का बेहतर मौका मिला। परिवार में दो बच्चे होने के बावजूद इस मुकाम पर पहुंचना थोड़ा मुश्किल था। अपने पति व माता-पिता सहित अन्य परिजनों से मिले सहयोग को उन्होंने सराहा। उन्होंने ब्लड बैंक इंचार्ज सहित सभी चिकित्सक व अपने सहकर्मी से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया।

**पहले मिले कई अवॉर्ड :** ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि स्टाफ सविता को मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ सब स्टैंड 2019 प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में बेस्ट होम मैकर के सब टाइटल से नवाजा जा चुका है।

वर्ष 2019 में मिस एंड मिसेज हरियाणा का अवॉर्ड मिला है। वहीं वर्ष 2018-2019 मैराथन में टॉप श्री का अवॉर्ड भी उन्हें मिल चुका है। वहीं 26 जनवरी को उन्हें कोरोना वैरियर का अवॉर्ड मिला है। उसे देखते हुए नर्सिंग काउंसलिंग के निकले ऑनलाईन फार्म आने पर सविता की एप्लीकेशन को पंचकुला भेजा। जिस पर उसका सलेक्शन हो गया।

# लापरवाही : गंभीर स्थिति में पहुंचा एनआईटी इलाके का प्रदूषण स्तर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में फिलहाल एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। जहां एक तरफ ग्रेप का तीसरा चरण जिले में लागू है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई किए जाने की घोषणा लगातार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ बुधवार को 346 एक्यूआई होने पर राहत के बाद बृहस्पतिवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 373 दर्ज किया गया। वहीं एनआईटी का एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) गंभीर स्थिति में पहुंचा नजर आया।

एनआईटी का एक्यूआई 438 दर्ज किया गया। जोकि एनआईटी वासियों के लिए काफी खरानाक साबित हुआ, लोगों को गले में खराश, आंखों में जलन, खांसी, आंखों से पानी निकलने और नाक में इंफेक्शन की समस्या का सामना करना पड़ा। देर शाम को इतना सेक्टर-24, मुजेसर का एक्यूआई 460 दर्ज किया गया। शहर भर में दिनभर स्मॉग छाया रहा। वहीं शाम होते ही स्मॉग एनआईटी औद्योगिक एरिये में एक्यूआई के संग ही बढ़ गया, जिससे वाहन चालकों को गाडियों की लाईटे जलाकर निकलना पड़ा। इससे श्वास रोगियों को काफी दिक्कतें हुई। चिकित्सकों की माने तो दिवाली के बाद से प्रदूषण बढ़ रहा है। ऐसे में अस्पताल में छाती में भारीपन की समस्या को लेकर मरीज पहुंच रहे हैं, जिसका मुख्य कारण प्रदूषण ही है। चिकित्सकों ने कहा कि ऐसे मौसम में मरीजों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखना चाहिए। धूम्रपान करने व शराब के अधिक सेवन से बचना चाहिए।



सांय 5.30 बजे सेक्टर-24 रोड का नजारा।

जानकारी के मुताबिक जिले की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स उतार चढ़ाव की स्थिति बनी गई है। बृहस्पतिवार को दिन भर जहां स्मॉग छाया रहा, वहीं दिन ढलने के बाद स्थिति खराब होती नजर आई। पांच बजे तक जिले में एक्यूआई 373 दर्ज किया गया। जिसमें एनआईटी क्षेत्र सबसे अधिक प्रदूषित रहा। यहां का एक्यूआई 438 दर्ज किया गया। वहीं, सेक्टर 11 में 417 व सेक्टर 30 में 265 एक्यूआई दर्ज किया गया। बल्लभगढ़ क्षेत्र का एक्यूआई 377 दर्ज किया गया। लेकिन पांच बजे के बाद एनआईटी में स्मॉग बढ़ने के साथ ही इलाके का एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार बढ़ता नजर आया। सेक्टर-24 औद्योगिक इलाके में 460 एक्यूआई दर्ज किया गया।

**आंखों और सांस में दिक्कत:** दिनभर स्मॉग छाये रहने से लोगों को आंखों में जलन महसूस हुई है। श्वास रोगियों की संख्या भी बढ़ गई है। इनमें आंखों में जलन, श्वास और ह्रदय रोगियों की संख्या अधिक थी। इसी प्रकार ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नेत्र रोग विभाग, श्वास और ह्रदय रोगियों की संख्या में 30 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऐसे में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. प्रवीन मलिक ने लोगों को बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि लोग सुबह-शाम घरों से बाहर निकलने से परहेज करें, अपनी दवाएं नियमित रुप लेते रहें, मास्क का प्रयोग करें, खूब पानी पिएं और कोई दिक्कत होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# पुरानी रंजिश में चचेरे भाई ने की चाकू से गोद कर हत्या



बीके की मोरचरी के बाहर खडे शोकाकुल मृतक युवक के परिजन। इनसेट में गौरव

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड पर स्थित गांव अनंगपुर में बृहस्पतिवार सुबह इसी गांव में रहने वाले दो सगे भाईयों को उनके चचेरे भाई ने अपने साथियों के साथ घेर लिया। दोनों के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए मुख्य आरोपी ने अपने एक चचेरे भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये। खून से लहूलुहान होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक को परिजनों द्वारा इलाज के लिए एशियन अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हत्या की सूचना मिलते ही थाना सूरजकुंड पुलिस की टीम के साथ आला अधिकारी और अपराध शाखा की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ का मामला दर्ज कर लिया है। थाना सूरजकुंड में दर्ज मामले के मुताबिक अनंगपुर गांव निवासी सोनी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह यहां अपने परिवार के साथ रहते है। उनके पड़ोस में उनका चचेरा भाई अंकित का परिवार रहता है। उनकी और अंकित के परिवार की पुरानी रंजिश चल रही है। जिसे लेकर अंकित आए दिन किसी न किसी बहाने उनके साथ झगड़ा करता रहता है। बीती रात भी अंकित ने फोन कर उनके परिवार के साथ गाली गलौज की थी। उस दौरान अन्य लोगों ने दोनों पक्षों को शांत करवा दिया था।

# शहर में किया पौधारोपण ड्राइव का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एक** व्यक्ति-एक पौधा योजना के तहत ओसेन नेटवर्क एक्सप्रेस एंड गेटवे डिस्ट्रीपार्कस, सेव अरावली ट्रस्ट व रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक साथ मिलकर वीरवार को शहर में पौधारोपण ड्राइव का आयोजन किया।

आयोजकों ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इसके तहत रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर आम, नीम, बढ़ व अमरूद सहित विभिन्न प्रकार के सैकड़ों पौधे लगाए व वितरित किए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर वृक्ष काटे जा रहे हैं, वह चाहे सरकारी संस्थान हो या प्राइवेट संस्थान उन सभी के द्वारा उतने ही संख्या मे वृक्ष लगाने के आदेश दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह भविष्य के किए बहुत गंभीर समस्या है, यदि हमने इस समस्या को दूर करने के लिए अभी से प्रयास नहीं किए तो यह समस्या आने वाले समय में मृत्यु का कारण भी बनेगी। उन्होंने कहा कि इस समस्या को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति पौधरोपण कर सहयोग दे सकता है।

उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही मानव और प्रकृति का घनिष्ठ संबंध रहा है। मनुष्य को भोजन, वस्त्र और आवास वनों के कारण की प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उस समय वृक्षों हमें खाने के लिए मीठे फल दिए और शरीर ढकने के लिए वृक्षों ने छाल और पत्ते दिए और पेड़ की टहनियों से घर की छत बनाई। प्राचीन काल का साहित्य भी हमें ताड़-पत्रों पर सुरक्षित मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ उपहार वन है। वनों की हरियाली के बिना मानव जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है। जन्म से लेकर मृत्यु तक इन वनों की लकड़ी ही उसके काम आती है। बचपन में लकड़ी के पालने में झूलना, बुढ़ापे में उसका सहारा लेकर चलना और जीवन लीला की समाप्ति पर इन्हीं लकड़ियों पर सोना मनुष्य की अंतिम गति है। इन वृक्षों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है।

# विकास कार्यों को लेकर एफएमडीए में बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की और चल रहे बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों में तेजी लाने और आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।

बैठक में फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम, नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) के आयुक्त जितेन्द्र सिंह और फरीदाबाद स्मार्ट सिटी, एफएमडीए, सिंचाई विभाग, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआई डीसी), हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी), दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

'सभी विभागों को शहर के लोगों को इष्टतम नागरिक सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने में मदद करने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने के लिए कहा गया है। सड़क के बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, सीवर



सुधीर राजपाल।

प्रबंधन आदि से संबंधित कार्यों की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है और परियोजनाओं के निष्पादन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी बाधा को इस तरह की बैठकों में हल किया जा रहा है,' एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुधीर राजपाल ने कहा।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने गुफा रेस्तरां रोड से अश्वनी अस्पताल तक सेक्टर 10/11 की डिवाइडिंग रोड की मरम्मत पर चर्चा की और प्राथमिकता के आधार पर सड़क की स्थिति में सुधार करने पर जोर दिया। फरीदाबाद नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है और वर्ष के अंत तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने डीएचबीवीएन को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि व्यापार मंडल रोड के मुख्य कैरिजवे पर पड़ने वाले एक इलेक्ट्रिक पोल को स्थानांतरित किया जाए, क्योंकि एफएमडीए व्यापार मंडल से सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक सड़क मरम्मत का कार्य कर रहा है।

सुधीर राजपाल ने आगरा नहर से चंदावली पुल तक सड़क पर पैचवर्क से संबंधित कार्य का भी जायजा लिया। मौजूदा सड़क जर्जर हालत में है और उस पर गड्ढों की संख्या अधिक होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। उन्होंने यूपी सिंचाई विभाग को गड्ढों को भरने और उन्हें बिटुमिनियम पैच से ढकने का निर्देश दिया। इस कार्य की त्वरित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निर्देश जारी किए कि एफएमडीए नागरिकों को राहत देने के लिए सड़क को मोटर योग्य स्थिति में बनाने के लिए इस पैचवर्क के लिए आवश्यक 2.5 करोड़ रुपये की राशि जमा करेगा। उन्होंने एचएसएएमबी को भी निर्देश दिए कि वह चंदावली गांव से बुखारपुर तक लिंक रोड से क्षतिग्रस्त लिंक रोड की मरम्मत और उन्नयन का काम शुरू करें।

# लूट की झूठी शिकायत का किया पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना सेक्टर 58 प्रभारी इंस्पेक्टर भारतेंद्र की टीम ने झूठी शिकायत देने पर एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम शशिकांत है जो सेक्टर 56 का रहने वाला है। आरोपी ने गुरुवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस को सूचना दी कि सेक्टर 56 पुल के पास तीन बाइक सवार आरोपियों ने उसके साथ 2.70 लाख रुपये की लूट की वारदात की है। पुलिस चौकी सेक्टर 55 इंचार्ज रणधीर सिंह तथा उनकी टीम मामले की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची जहां पर सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। आरोपी शशिकांत ने पुलिस को झूठी शिकायत दी। दरअसल शशिकांत को किसी व्यक्ति को पैसे देने थे। उसने उस पहले व्यक्ति को चेक दिया था जो बाउंस हो गया। आरोपी ने उसे कहा कि वह नकद रुपए लेकर आएगा और उसे दे देगा परंतु आरोपी ने लूट की झूठी वारदात का ड्रामा रचने की योजना बनाई ताकि उसे पैसे देने के लिए समय मिल जाए।

# सीईटी परीक्षा के परीक्षार्थियों को मिलेगी फ्री बस सेवा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम ने बताया कि पांच और छह नंवबर को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी 2022 की परीक्षा में भाग लेने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की भी व्यवस्था की गयी है। ताकि परीक्षार्थियों को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। परीक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पांच और छह नवंबर को सीईटी परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और वापसी के लिए मुफ्त परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों के साथ एक परिवारिक सदस्य को भी परीक्षा केन्द्र तक लाने और वापसी के लिए भी मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। सहायक अपने परिवार पहचान पत्र को दिखाकर ही इस सुविधा का लाभ ले पाएगा।

उपायुक्त विक्रम ने बताया कि 131 बसें बाहरी तीन रूटों पर सोनीपत, गुरुग्राम और पलवल जाएंगी और 33 बसें फरीदाबाद व बल्लभगढ़ के लोकल रूट पर जाएगी। पहली शिफ्ट की परीक्षा के बाहरी रूट के लिए सोनीपत- प्रात: 4.30 बजे, गुरुग्राम- प्रात: छह बजे और पलवल- प्रात: 6.30 बजे और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा के बाहरी रूट के लिए सोनीपत- प्रात: 9 बजे, गुरुग्राम- प्रात: 10 बजे और पलवल- प्रात: 11 बजे निर्धारित बस स्टैंड से बसें रवाना होंगी। इसके साथ ही परीक्षार्थियों के लिए प्रशासन द्वारा 5 हेल्प डेस्क बनाए गए है जिसमें तीन हेल्प डेस्क ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, न्यू टाउन बाटा रेलवे स्टेशन और बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर और 2 हेल्प डेस्क एनआईटी बस स्टैंड और बल्लभगढ़ बस स्टैंड पर बनाए गए है।

### 33 बस लोकल रूटों के लिए और 131 बस बाहरी रूटों पर जाएंगी

**बसों के रूट निम्न प्रकार से है :** रूट नंबर -1 (फरीदाबाद ब्लॉक) में के एल मेहता, एनआईटी-1, के एल मेहता, एनआईटी-2, डीएवी कॉलेज नंबर-3, गोवेर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नंबर-3, गोवेर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नंबर-5 को शामिल किया है। वहीं रूट नंबर -2 में सेंट जोंस, सैनिक कॉलोनी, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 21-बी, अरावली इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-43, सेंट कोलंबस, सूरजकुंड और सूरजकुंड इंटरनेशनल, दयाल बाग को शामिल किया है। रूट नंबर -3 में डीपीएस, सेक्टर-19, डीवीएन, सेक्टर-19, गोवेर्मेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हरमन माइनर स्कूल, सेक्टर-29, जॉन एफ कैनेडी, सेक्टर-29, गोवेर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अजरौंदा, सेक्टर-15, डीएवी, सेक्टर-14, मानव रचना, सेक्टर-14 को शामिल किया। वही रूट नंबर -4 में फरीदाबाद मॉडल स्कूल, सेक्टर-31, मानव संस्कार, एत्मादपुर, मुरारी लाल पल्ला-3, तरुण निकेतन, पल्ला और गोवेर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा को शामिल किया है।



विक्रम सिंह, जिला उपायुक्त।

रूट नंबर -5 में अरावली इंटरनेशनल स्कूल, मानसकृति स्कूल, सेक्टर-82, मुकूल कान्वेंट सेक्टर-81, बुढ़ैना, शिरडी साईं बाबा, सेक्टर-86, डीपीएस, सेक्टर-81, शिव नादर स्कूल, सेक्टर-82 शामिल किया है। वहीं बल्लभगढ़ ब्लॉक में रूट नंबर -1 में बोहरा पुब्लिक स्कूल, चावला कॉलोनी, अग्रवाल स्कूल, सेक्टर-3, कारमल कान्वेंट स्कूल, सेक्टर-7, सेंट थॉमस सीनियर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर-8, डिवाइन पुब्लिक स्कूल, सेक्टर-9 बी, डीसी मॉडल स्कूल, सेक्टर-9 को शामिल किया। वहीं रूट नंबर -2 में डीएवी पब्लिक स्कूल, मिल्क प्लांट, अग्रवाल कॉलेज, मिल्क प्लांट, आर्य विद्या मंदिर स्कूल आदि को शामिल किया है।

# त्योहारों के बाद अत्यधिक प्रदूषण के कारण ईएनटी संक्रमण बढ़े

**नई दिल्ली।** भारत में दीवाली के साथ शुरू होने वाले उत्सव भारतीयों के जीवन में खुशी लेकर आते हैं और इनके साथ ही अनेक सांस की एवं ईएनटी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं। हर साल उत्तर भारत के कई शहरों में रहना बहुत मुश्किल हो जाता है, खासकर इसलिए क्योंकि त्योहारों के जश्न और सर्दियों की शुरुआत के साथ ही लोगों को सांस की बीमारियां शुरू हो जाती हैं।

प्रिस्टीन केयर के प्राईमरी कंसल्टेशन प्लेटफॉर्म, प्रिस्टीन केयर डेटा लैब्स और लाईब्रेट के मुताबिक सर्दी, खांसी, गला खराब होने जैसी अनेक समस्याओं के मरीज पिछले साल की दीवाली के मुकाबले इस साल 40 प्रतिशत बढ़े हैं। इसके अलावा, आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि ईएनटी से संबंधित पूछताछ पिछले साल की दीवाली के मुकाबले इस साल लगभग 90 प्रतिशत बढ़ी। मरीजों द्वारा पूछताछ में होने वाली वृद्धि का मुख्य कारण कोविड-19 के दौरान ऑनलाईन प्राईमरी कंसल्टिंग प्लेटफॉर्म्स को अपनाया जाना है। अब फिजिशियन से टेली कंसल्टिंग, दवा के लिए आर्डर और घर बैठे आसानी से डायग्नोस्टिक टेस्ट बुक करने में सभी आयु वर्ग के लोग सहज हैं। इस साल दिल्ली, गुड़गांव और नोएडा में वायु गुणवत्ता क्रमश: 312, 322 और 305 के एक्यूआई के साथ %बहुत खराब% श्रेणी में दर्ज की गई।

### इस साल दीवाली से पहले के मुकाबले नाक और सांस-संबंधी समस्याएं 40 प्रतिशत बढ़ीं

डॉ. नीरज अग्रवाल - एमबीबीएस, प्रिस्टिन केयर में एमएस-ईएनटी ने कहा, काफी ज्यादा स्मॉग और प्रदूषण (दीवाली के त्योहार पर) में रहने का एक आम साईड इफेक्ट छाती में जलन, आंखों में जलन, खाँसी और गला खराब होना है। ये साईड इफेक्ट हर किसी को हो सकते हैं, लेकिन बुजुर्गों और बच्चों को इनका खास जोखिम होता है। ईएनटी संक्रमण की शिकायत करने वाले मरीजों की संख्या में चौंकाने वाली वृद्धि हुई है, और कई संस्थान एवं अस्पताल लॉन्ग-कोविड के लक्षणों पर अध्ययन भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्म ही उच्चतम मार्ग की ओर ले जाते हैं : योगेंद्र



**फरीदाबाद।** व्यक्ति के कर्म ही उच्चतम मार्ग की ओर ले जाते हैं। इसलिए, जो कर्म पुण्यवान बनाएं, दयावान बनाएं ऐसे कार्य मनुष्य को करने चाहिए। यह बात आर्य समाज सेक्टर 19 के वार्षिक उत्सव के दौरान चल रहे पारिवारिक सत्संग कार्यक्रम में राजेंद्र पाल बत्रा, अशोक आर्य, रविंद्र कुमार तनेजा तथा डॉक्टर ओम प्रकाश वधवा द्वारा महावीर नगर स्थित महावीर मंदिर में डॉक्टर योगेंद्र याज्ञिक (होशंगाबाद) ने लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन की कमाई को दूसरों के लिए समर्पित करने वाले व्यक्ति देवत्व प्रवृत्ति के होते हैं। डॉक्टर याज्ञिक लोगों को देवत्व, असुर, पिशाच जैसी प्रवृत्ति के लोगों की व्याख्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की आत्मा सत्य और असत्य को जानती है, लेकिन व्यक्ति स्वार्थ वश सत्य को छोड़ असत्य की ओर चल पड़ता है। जिसके कारण जीवन में अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें कोई भी कार्य करने से पूर्व चिंतन करने की आवश्यकता है और चिंतन में सकारात्मक चिंतन से व्यक्ति को देवत्व की प्राप्ति होती है। इसीलिए, समाज में लोगों को अच्छा और बुरा भी कहा जाता है। इससे पूर्व भजन उपदेशक दिनेश पथिक ने अनेक भजन सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समाज के प्रधान डॉक्टर गजराज सिंह आर्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज को एकजुटता और सकारात्मक सोच मिलती है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज का एक ही सिद्धांत है कि वे दिखावा और आडंबर के खिलाफ लोगों को जागरूक करें। ताकि लोग भ्रमित ना हो। कार्यक्रम में देवेंद्र शास्त्री, अशोक आर्य, विमला ग्रोवर, शांता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सरला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### पुलिस कर्मी बन बुजुर्ग महिला से कंगन ठगे

**फरीदाबाद।** मंदिर से घर लौट रही एक बुजुर्ग महिला को सेक्टर दस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने खुद को पुलिस कर्मी बताते हुए महिला को लूट का डर दिखाते हुए सोने के कंगन उतार लिये और कागज में लपेट कर लौटा दिये। घर पहुंचने पर महिला देखा कि कागज में नकली कंगन थे। पीड़िता के बेटे ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। सेक्टर दस निवासी नवीन अरोड़ा ने सेक्टर 11 पुलिस चौकी को दी शिकायत में कहा है कि उनकी 67 वर्षीय माता जी जसवंत कौर अन्य दिनों की तरह मंगलवार सुबह भी इसी सेक्टर में स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए गईं थी। करीब साढ़े दस बजे वे वापस घर लौट रही थी। घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर उन्होंने देखा कि दो बाइकों पर सवार चार युवक आ रहे थे। उनमें से दो युवक थोड़ा पहले रूक गए। जबकि बाइक सवार अन्य दो युवकों ने उन्हें रोककर लिया और खुद को पुलिस कर्मी बताते हुए लूटपाट का डर दिखाकर कंगन उतार कर पर्स में रखने को कहा। इस बीच उन्होंने पीछे से राहगीर बन आ रहे अपने साथी को रोक लिया। दोनों ने उसकी अंगूठी और चेन उतार कर कागज में लपेट कर लौटा दी। जसवंत कौर द्वारा कंगन न उतरने की बात कहने पर आरोपियों ने जेब से तेल की शीशी निकाल कर उनके हाथों पर लगाया और कंगन उतार लिये। कागज में लपेट कर लौटाने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए। उन्होंने घर पहुंच कर कागज खोला तो उसमें नकली कंगन थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ब्लैकमेल कर पांच लाख मांगने पर युवती समेत दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने 5 लाख रुपये मांगने के मुकदमे में युवती सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एनआईटी एरिया के रहने वाले विनोद का नाम शामिल है। आरोपित युवती फरीदाबाद के सारण एरिया की रहने वाली है। आरोपी विनोद एक फिजियोथैरेपिस्ट है जिसकी एनआईटी तीन में एक अपनी क्लीनिक है और आरोपित युवती वहां पर पिछले तीन साल से कार्य कर रही है। क्लीनिक में कार्य करने वाली युवती ने विनोद के दोस्त प्रदीप जो फिजियोथैरेपिस्ट है और उनके क्लीनिक पर आता जाता रहता था उसके साथ दोस्ती की और शारीरिक संबंध स्थापित किए। युवती ने प्रदीप के खिलाफ 18 अक्टूबर को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया। प्रदीप ने जब युवती को मुकदमा वापस लेने के लिए कहा तो उसने इसके बदले में पांच लाख रुपये की मांग की। विनोद ने कहा कि वह उनका समझौता करवा देगा। प्रदीप के परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने का प्लान बनाया। प्रदीप जब पैसे देने के लिए विनोद के क्लीनिक गया तो पैसे देने के पश्चात पुलिस ने मौके पर रेड की और दोनों आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 5 लाख रुपये बरामद किए। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### अम्मा के आशीर्वाद स्वरूप बांटे बिस्किट




**फरीदाबाद।** देश के सबसे बड़े अस्पताल व विगत अगस्त में देश के प्रधानमंत्री व पूज्य अम्मा के द्वारा लोकर्पित, अमृता हॉस्पिटल में कार्यरत 2000 से अधिक श्रमिकों को अम्मा के आशीर्वाद स्वरुप 2500 से अधिक बिस्किट पैकेट वितरित किये गए। अम्मा की प्रमुख शिष्य स्वामिनी करुणामृता की प्रेरणा से इन्हें अमृता हॉस्पिटल के सभी चार गेटों से प्रदान किया गया। अम्मा के शिष्य स्वामी हर्षमृता चैतन्य, स्वरुपमृता चैतन्य, कर्नल गोपाल कृष्णन, कलंतरे व अमृता हॉस्पिटल परिवार के सदस्यों के द्वारा वितरित किये गए। दीपावली उत्सव के साथ प्राप्त इस प्रसाद से सभी श्रमिक वर्ग में हर्ष, उल्लास था। सभी ने पूज्य अम्मा की इस कृपा को अम्मा के आशीर्वाद जैसा माना। अम्मा के भक्त लवन जैन के वालों का कार्यक्रम में समर्पित योगदान रहा। टीम जेएसएन व अमृता हॉस्पिटल की सेफ्टी टीम ने यह कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

### 70 हजार चुराने पर जेबकतरा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने 70000 रुपये चोरी करने वाले जेबकतरे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विशाल है जो पलवल जिले के कस्बा मोहल्ले का रहने वाला है। 30 अक्टूबर को आदर्श नगर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने बल्लभगढ़ अनाज मंडी से ऑटो में अपने साथ बैठे हुए व्यक्ति की जेब काटकर 70000 रुपये चोरी कर लिए थे। थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। इस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने सीसीटीवी फुटेज तथा गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑटो चलाता है। इसके साथ इसके दो अन्य साथी भी मिले हुए हैं। आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जो बल्लभगढ़ मंडी से अकेले जा रहे यात्रियों को अपने साथ बैठाते हैं और रास्ते में उसकी जेब से पैसे चोरी करके उसे रास्ते में ही उतारकर फरार हो जाते हैं। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी की धाराओं के तहत दो मुकदमे दर्ज हैं। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और वारदात में शामिल इसके साथियों की धरपकड़ करके वारदात में उपयोग ऑटो तथा चोरी की रकम बरामद की जाएगी।

## मोरबी दुर्घटना

### गहन जांच

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वादा किया है कि मोरबी दुर्घटना पर जांच की प्रमुख संस्तुतियों को लागू किया जाएगा। इससे लाभदायक परिणाम निकल सकते हैं। गुजरात के मोरबी में केबल पुल के ध्वस्त होने के बारे में जितनी जानकारियां सामने आ रही हैं, वे जनता को गुस्सा दिलाने वाली हैं। हमारे देश में नौकरशाही संवेदनशीलता की तुलना आमतौर से प्रशासनिक अक्षमता से की जाती है, लेकिन इस मामले में भारतीय मानकों के आधार पर भी सार्वजनिक सुरक्षा की घोर अनदेखी की गई। अभियोजन ने मोरबी में अदालत को बताया है कि मरम्मत के लिए चुनी गई ठेकेदार कंपनी ओरेवा इस काम के लिए उपयुक्त नहीं थी। ऐसा नहीं हुआ कि को यह काम पहली बार मिला हो, उसने पहले भी 2007 में यह काम किया था। ओरेवा ग्रुप घड़ियां व एलेक्ट्रिक तथा घरेलू उपकरण बनाने में विशेषज्ञ है, लेकिन इसके बावजूद उनको बार-बार उन्नीसवीं शताब्दी का केबल पुल मरम्मत का काम दिया गया। ओरेवा के दो प्रबंधकों तथा दो सब-इंस्पेक्टरों को पुलिस हिरासत में रिमांड पर लिया गया है। इसके साथ ही पांच और लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है जिनमें सुरक्षा गार्ड व टिकट बुकिंग क्लर्क शामिल हैं। पहली नजर में यह हास्यास्पद लगता है। क्या मामूली वेतन पाने वाले गार्ड व टिकट क्लर्कों की नीतिगत निर्णय लेने की क्षमता थी? शायद वे बलिदान किए बकरों की तरह हैं। इस बीच अब तक बड़े लोगों पर हाथ नहीं डाला गया है। कंपनी के प्रमोटरों या उसके अधिकारियों को इस तथ्य के बावजूद गिरफ्तार नहीं किया गया है कि उनका दायित्व गार्डों और क्लर्कों की तुलना में अधिक है।

135 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी से पूरे राज्य में शोक की लहर



है। गुजरात की दो बार असोसियेशनों ने कहा है कि वे आरोपियों के मुकदमे नहीं लड़ेंगी। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक 'विस्तृत, निष्पक्ष व व्यापक' जांच का वादा किया है। उसने यह भी कहा है कि 'जांच की प्रमुख संस्तुतियों को शीघ्रातिशीघ्र लागू किया जाएगा।' विडंबना है कि हमारे देश में सार्वजनिक सुरक्षा विरले ही राजनेताओं और प्रशासन के एजेंडे पर होती है तथा आमतौर पर घटनाओं पर केवल प्रतिक्रिया का दृष्टिकोण रहता है। दशकों पहले एक स्कूल बस यमुना में गिर गई थी और इसके बाद ही बच्चों को ले जा रहे वाहनों के सुरक्षा मानक बनाए गए थे। लेकिन आज भी हम देखते हैं कि शहरों में स्कूली बच्चे असुरक्षित ढंग से आते जाते हैं। 1997 में दिल्ली के उपहार सिनेमा में आग लगने के बाद मची भगदड़ में 59 लोग मारे गए थे तथा 103 घायल हुए थे। इसके बाद ही ऐसी स्थितियों में पेवेश व निकास द्वारों तथा अग्नि नियंत्रण पर जोर दिया गया। ऐसी घटनाओं के अनेक उदाहरण हैं। हमें उम्मीद है कि व्यापक जांच तथा उसकी प्रमुख संस्तुतियों के क्रियान्वयन के प्रधानमंत्री के वादे से व्यवस्थित परिवर्तन होंगे जिनसे सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित होगी, फिर चाहे वे पुल हों अथवा फ्लाईओवर, सड़कें या पार्क। इस पहल में केन्द्र सरकार को राज्य सरकारों तथा नगर अधिकारियों से समन्वय स्थापित करना चाहिए। इसका अर्थ सभी राजनीतिक पार्टियों के बीच सार्थक संवाद भी है। कभी-कभी प्रतिद्वंद्वी राजनेताओं को भी एक-दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए। कम से कम यह मोरबी में दुर्भाग्य से मारे गए लोगों के प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि होगी।

# दिल्ली नगर निगम का उल्लेखनीय योगदान

**मीडिया की चकाचौंध से दूर दिल्ली नगर निगम एक जन-हितैषी स्वशासी नागरिक संस्था बन गई है। उसने राष्ट्रीय राजधानी में कुछ महत्वपूर्ण नागरिक समस्याओं से निपटने में उल्लेखनीय नेतृत्व प्रदर्शित किया है।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, लोक नीति शोध केंद्र के निदेशक हैं)





देश की राजधानी में लोगों का अपने जीवन में पहला और अंतिम संपर्क जिस सरकारी विभाग से होता है, वह दिल्ली नगर निगम-एमसीडी है। जन्म के समय एमसीडी बिना किसी परेशानी के न्यूनतम खर्च पर जन्म प्रमाणपत्र प्रदान कर चेहरे पर खुशी लाती है। यह काम उन कार्यालयों में होता है जो स्वच्छ तथा सज्जन लोगों के प्रबंधन में हैं। किसी व्यक्ति के अंतिम संपर्क को भी नगर निगम कार्यालयों में मानवीय ढंग से मृत्यु प्रमाणपत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी के नगर निगम परिवार के अन्य सदस्यों की तरह जनता की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं तथा जीवन की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए विकसित हो रहे हैं। मुख्यधारा मीडिया की चकाचौंध से अलग हट कर एमसीडी में बहुत कुछ बदल गया है। सोशल मीडिया पर नजरें टिकाए रखने के आदी लोग भले ही इससे अनजान हों क्योंकि यहां जनता का पैसा विज्ञापनों पर नहीं खर्च किया जाता है और अपने अच्छे कामों को बढ़ा चढ़ा कर पेश करने के लिए उनकी मार्केटिंग नहीं की जाती है। पिछले 15 साल में एमसीडी भ्रष्टाचार के उस दलदल से बाहर निकली है जहां कांग्रेस ने स्थानीय स्वशासी संस्थाओं को धकेल दिया था। दिल्ली प्रवासियों का शहर है जो अपने पसीने से राष्ट्रीय राजधानी की अर्थव्यवस्था संचालित करते हैं। वे अपने सपने पूरे करने के प्रयास में कठोर परिश्रम करते हैं। वे बहुत साधारण किस्म के आवासों में बिना किसी शानोशौकत के रहते हैं। शायद वे उनके पैतृक घरों की तरह सुविधा संपन्न नहीं होते हैं। जब प्रवासी दिन-रात कठोर परिश्रम करते हैं तब एमसीडी प्राइमरी स्कूलों में उनके बच्चों का ध्यान रखती है। पिछले कुछ वर्षों में एमसीडी स्कूलों में व्यापक परिवर्तन आए हैं। शिक्षा परिणामों को आगे बढ़ाने के लिए वे क्रिया-आधारित सीखने की विधियां स्वीकार कर रहे हैं।

एमसीडी स्कूल अत्यधिक कुशल शिक्षकों द्वारा कम आयु वाले छोटे बच्चों को जीवन कौशल हेतु तैयार करते हैं। अनुबंध वाले शिक्षकों को समाहित कर यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी स्कूलों को समुचित संख्या में शिक्षक उपलब्ध हों। संस्थाओं की ओर से वे छात्रों के माता-पिता के साथ संबंध विकसित करते हैं। सबसे बड़ी कुछ संरक्षक-शिक्षक बैठकें एमसीडी द्वारा आयोजित की जाती हैं। मुख्यधारा मीडिया ने अक्सर इनकी अनदेखी की है क्योंकि बच्चे अधिकांशत: कम आय वाले प्रवासी परिवारों से होते हैं। कम आयु वाले बच्चे देखते हैं कि उनके स्कूल सौर ऊर्जा संचालित हैं और इस प्रकार वे ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर हैं। स्कूलों ने स्मार्ट कक्षायें सुनिश्चित की हैं। जहां छात्र प्रशिक्षित शिक्षकों के सहयोग से क्रिया-आधारित सीखने के माध्यम से जुड़ते हैं, वहीं तकनीकी जानकारों का भी लाभ उठाया जाता है। वे पूरी तरह सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों की पोषण आवश्यकतायें पूरी हों। यह एमसीडी की ओर से उन लोगों के जीवन में देखभाल का पहला हस्तक्षेप होता है जो अपने पसीने से राष्ट्रीय राजधानी का निर्माण व उसका संचालन करते हैं।

यह भी देखा गया है कि कम आय व मध्यम वर्ग के लोग अपना अतिरिक्त समय राष्ट्रीय राजधानी के सार्वजनिक पार्कों में बिताते हैं। उनकी बेहतरी का ध्यान रखते हुए एमसीडी उनके बच्चों की मनोरंजनात्मक गतिविधियों पर भी गौर करती है। एमसीडी ने सामुदायिक पार्कों में ओपेन जिम स्थापित किए हैं जो अत्यधिक सफल रहे हैं। संसद सदस्य भी इस पहल का समर्थन करते हैं। सामुदायिक पार्कों में स्थिति ओपेन जिमों का राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम उपयोग होता है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी ने राष्ट्रीय राजधानी पर विनाशकारी छाप छोड़ी थी। अस्पतालों में भारी भीड़ थी। तत्कालीन स्वास्थ्यरक्षा ढांचे की क्षमता की इस समय अत्यधिक कठोर परीक्षा हुई थी। यह चुनौती इसलिए भी गंभीर हो गई थी क्योंकि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मुहल्ला क्लीनिकें वैश्विक महामारी के कारण वीरान पड़ी थीं क्योंकि वे केवल ओपीडी केन्द्र थे। एमसीडी ने इस अवसर पर अपने स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त बिस्तर बढ़ा कर उनको कोविड वार्डों में बदला था। यह काम बहुत तेजी से किया गया था क्योंकि आपातकाल से निपटने के लिए एमसीडी अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही थी जिसमें आक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध कराना भी शामिल था। एमसीडी द्वारा बनाए कोविड वार्डों पर भारी दबाव था क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में दूसरी लहर आने पर बड़े व छोटे अस्पतालों पर बोझ बहुत बढ़ गया था। एमसीडी के हिंदू राव अस्पताल ने कोविड-19 से पेश चुनौतियों का सामना करने में अग्रणी भूमिका अदा की। वास्तव में नगरनिगम स्वास्थ्य ढांचे को चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय किय गया, सभी सुविधाओं में सर्वोत्तम स्थितियां तैयार करने के प्रयास किए गए तथा डाक्टरों और नर्सों के कोई खाली स्थान नहीं थे। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा गया कि नगर निगम की स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रशिक्षित कार्यबल व उपकरणों की कोई कमी न होने पाए। 2017 में सर्वाधिक प्रकोप के समय राष्ट्रीय राजधानी में 9,000 से अधिक डेंगू मामले सामने आए थे। उसके बाद से एमसीडी तथा उसके जमीनी कामगारों ने सुनिश्चित किया कि राष्ट्रीय राजधानी में जीव-जनित रोगों की कोई बड़ी महामारी न फूटने पाए। इसके लिए मलेरिया इंस्पेक्टर की सहायता के लिए हजारों फील्ड कार्यकर्ताओं की टीम लगाई गई जो राष्ट्रीय राजधानी पर कड़ी नजर रखते थे। कीटनाशकों के छिड़काव से बड़े पैमाने पर डेंगू को फैलने से रोका गया। इसके साथ ही नगर निगम के अस्पतालों में फीवर वार्ड बनाए गए व उनमें अतिरिक्त बिस्तर लगाए गए। इसके अलावा स्वास्थ्यरक्षा कर्मियों ने पूरी मेहनत से अपने काम को अंजाम दिया।

एमसीडी ने व्यापक पौधरोपण के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण सरोकारों को भी स्वर दिए तथा यह भी सुनिश्चित किया कि लगाए गए पौधे बड़े होकर लोगों की आवश्यकतायें पूरी करें।

राष्ट्रीय राजधानी में नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक पार्क अब हरियाली से भरे हैं। ये ऐसे समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जब पंजाब में पराली जलाने के कारण राष्ट्रीय राजधानी में धुंध व स्माग की चादर छा गई है। दिल्ली की सड़कों के किनारे पेड़ अच्छी तरह पर्यावरण की सुरक्षा कर रहे हैं। एमसीडी हरित ऊर्जा के उपयोग में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। एमसीडी की सड़कें सौर ऊर्जा से प्रकाशित हैं। नगर निगमों ने हरित ऊर्जा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास किए हैं। पहले के पूर्वी नगर निगम ने अकेले ही अपने अधिकारक्षेत्र में 1.77 लाख एलईडी लाइटें लगवाई थीं। वास्तव में एमसीडी ने पिछले कुछ साल में अत्यधिक पर्यावरण संवेदनशीलता दिखाई है। उसने विभिन्न स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन में कमी ला कर कार्बन फुटप्रिंट में काफी कमी की है। सुभाष नगर, ग्रीन पार्क व निगमबोध घाट श्मसानों को सीएनजी सुविधायें दी गई हैं। तकनीक का प्रयोग कर यह सुनिश्चित किया गया है कि लोगों को अपना मूल्यवान समय कागजी कामकाज व अन्य औपचारिकताओं पर न खर्च करना पड़े। इसके लिए प्रक्रियाओं को आनलाइन किया गया है।

इसके बावजूद एमसीडी को अभी बहुत कुछ करना बाकी है तथा उसके समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिनसे कठोरता से निपटना होगा। उसे सुनिश्चित करना है कि अन्य चीजों के साथ दिल्ली एक विश्वस्तरीय शहर बने। वित्तीय सीमाओं के बावजूद दिल्ली एमसीडी ने दिखा दिया है कि उसने राष्ट्रीय राजधानी में कुछ महत्वपूर्ण नागरिक समस्याओं से निपटने में उल्लेखनीय नेतृत्व प्रदर्शित किया है। नगर निगमों का एकीकरण किया गया है और अब वे एक इकाई के रूप में काम करेंगे। कांग्रेस सरकार द्वारा दिल्ली में अनेक नागरिक स्वशासी संस्थायें बनाने का कदम राजनीति से प्रेरित था। लेकिन ये संस्थायें अवसर के अनुकूल उठ खड़ी हुईं और उन्होंने दिखा दिया कि वे जनता की आवश्यकतायें पूरी करने तथा उसकी देखभाल में अपनी प्रतिबद्धताओं से अलग नहीं हटेंगी। नगर निगमों ने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनेक उत्कृष्ट प्रयास किए और उनकी सफलताओं की अनेक गाथायें हैं। आने वाले दिनों में इनको और गति दी जाएगी ताकि अच्छे व्यवहारों को संस्थाबद्ध किया जा सके। दिल्ली में इस दिशा में काम हो रहा है।

# जीएम सरसों को अनुमति का आधार वैज्ञानिक नहीं

> "विदेशी शक्तियों के दबाव में जीएम फसलों को अनुमति देने से कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य को भारी नुकसान हो सकता है।"



**अश्विनी महाजन**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)

18 अक्टूबर, 2022 को पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार की एक समिति, जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) ने एक बार फिर जीएम सरसों की एक किस्म डीएमएच-11 को पेश करने की सिफारिश की है। इससे पहले मई 2017 में भी जीईएसी ने इसी किस्म को हरी झंडी दी थी।

लेकिन किसानों और वैज्ञानिकों के भारी विरोध के कारण सरकार ने जीईएसी की सिफारिशों को मंजूरी नहीं दी। कहा जा रहा है कि इस किस्म को प्रोफेसर दीपक पेंटल ने विकसित किया है और पूरी तरह से स्वदेशी है। यह भी दावा किया जा रहा है कि यह जीएम सरसों 26 फीसदी अधिक उपज देगी। यह भी कहा जा रहा है कि देश में खाद्य तेलों का उत्पादन बेहद कम है, जिससे देश को खाद्य तेल के आयात में बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की हानि हो रही है। यह भी दावा किया जा रहा है कि जीएम सरसों उपभोक्ताओं, किसानों और पर्यावरण के लिए सुरक्षित है।

लेकिन इन दावों का झूठ इस बात से साफ होता जा रहा है कि जीएम सरसों को अनुमति देते हुए जीईएसी ने खुद कुछ शर्तें लगाई हैं। इस प्रकार, जीईएसी इस बीज की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त नहीं है। जीएम सरसों की सुरक्षा के बारे में कोई सबूत नहीं है; और वे शर्तों को लागू करके साइड इफेक्ट की जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं, कि भविष्य में वे कह सकते हैं कि हमने जीएम सरसों को केवल कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी और चूंकि उन शर्तों का पालन नहीं किया गया था, इसलिए उनका कोई दोष नहीं है।

जीईएसी के इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि डीएमएच-11 एक स्वदेशी खोज है। 2002 में, प्रोएग्रो सीड कंपनी (बायर की सहायक कंपनी) ने इसी तरह के निर्माण के लिए व्यावसायिक अनुमोदन के लिए आवेदन किया, जिसे प्रो. पेंटल और उनकी टीम अब एचटी सरसों डीएमएच -11 के रूप में प्रचारित कर रही है। उस समय बेयर के आवेदन को ठुकरा दिया गया था क्योंकि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने कहा था कि उनके क्षेत्र परीक्षणों ने बेहतर उपज का सबूत नहीं दिया।

जैसा कि सर्वविदित है कि जीएम सरसों का संकरण दो जीनों बार्नेज और बारस्टार के माध्यम से प्राप्त किया



जाता है, जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स नामक मिट्टी के जीवाणु से प्राप्त होता है। बार-बारस्टार-बर्नेज जीन बायर क्रॉप साइंस की एक पेटेंट तकनीक है, और बायर कोई स्वदेशी कंपनी नहीं है। इस तथ्य को छुपाया गया है और भविष्य में बायर कंपनी अपने बौद्धिक संपदा अधिकारों के बदले भुगतान की मांग कर सकती है और भारत के किसान को अपनी नाक से भुगतान करना होगा। उल्लेखनीय है कि डीएमएच-11 के बारे में उच्च उत्पादकता का जीईएसी का दावा सही नहीं है क्योंकि भारत के सरसों और रेपसीड अनुसंधान संस्थान का कहना है कि देश में पहले से ही ऐसी किस्में विकसित हो चुकी हैं, जिनमें डीएमएच-11 की तुलना में कम से कम 25 प्रतिशत अधिक उपज होती है। समय की मांग है कि सरकार इन स्वदेशी संकर गैर-जीएम किस्मों को बढ़ावा दे।

गौरतलब है कि डीएमएच-11 का परीक्षण करते समय इसकी शाकनाशी सहनशीलता का कोई परीक्षण नहीं किया गया था। जब जागरूक नागरिकों और विशेषज्ञों ने जीईएसी के इस कुकृत्य का पर्दाफाश किया तो समिति ने शर्त रखी कि किसी भी स्थिति में किसानों द्वारा किसी भी प्रकार की शाकनाशी का प्रयोग नहीं किया जाएगा। अब चूंकि यह किस्म शाकनाशी सहिष्णु है, इसलिए स्वाभाविक रूप से कोई भी सरकारी एजेंसी किसानों को शाकनाशी का उपयोग करने से नहीं रोक सकती है, जब शाकनाशी मुक्त बाजार में उपलब्ध हैं। इस संबंध में एक समानांतर उदाहरण हमारे सामने है कि यद्यपि ग्लाइफोसेट नामक शाकनाशी का उपयोग केवल चाय बागानों और गैर-फसल क्षेत्रों में ही किया जा सकता है। लेकिन देशभर में धड़ल्ले से इसकी बिक्री होती है और भारत में इसकी कुल बिक्री 1,200 करोड़ रुपये से ज्यादा है. जाहिर है, जीईएसी का यह कृत्य वास्तव में अनैतिक है।

गौरतलब है कि दुनिया विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों के दुष्प्रभावों से जूझ रही है। इन जड़ी-बूटियों के कारण, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों में कैंसर एक महामारी की तरह बढ़ रहा है, जहां ऐसी किस्मों का उपयोग किया जा रहा है, और इन जड़ी-बूटियों के निर्माताओं के खिलाफ मुकदमेबाजी भी लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि सिर्फ यूएसए में ही ग्लाइफोसेट/राउंडअप बनाने वाली कंपनी बॉयर के खिलाफ 1.40 लाख मामले कैंसर पीड़ितों की ओर से दर्ज किए गए हैं।

सबसे बुरी बात यह है कि देश में खाद्य पदार्थों में जीएम के आने के बाद खाद्य निर्यात पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अभी तक हमारे देश में खाद्य पदार्थों में इनकी अनुमति नहीं है। देश में उत्पादित सभी खाद्य पदार्थ गैर-जीएम हैं। देश के खाद्य निर्यात में यह गैर-जीएम टैग यूरोप सहित कई देशों में हमारे खाद्य उत्पादों की स्वीकार्यता को बढ़ाता है।

गौरतलब है कि आज भारत 50 अरब डॉलर के खाद्य पदार्थों का निर्यात अन्य देशों को करता है। इसके चलते देश इन निर्यातों को बाधित करने का जोखिम नहीं उठा सकता। विदेशी शक्तियों के दबाव में जीएम फसलों को दी गई अनुमति से कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और निर्यात को भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मामले में जीईएसी की सिफारिशों को दरकिनार कर देश के हितों की रक्षा करे।

## आप की बात

### जिंदा होने का प्रमाण

**देश** को नया और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिये प्रधानमंत्री दिनरात काम कर रहे है और वे जनता को जनार्दन कहते है क्योंकि जनता ने भारी बहुमत से पूर्ण विश्वास के साथ उनके दल को मत दिया लेकिन स्वतन्त्र भारत में जनता जनार्दन के साथ लोकसेवकों द्वारा शासकों जैसा व्यवहार किया जाता है। उनकी समस्याओं के साथ टरकाऊ और लटकाऊ कार्यशैली अपनाई जाती है। हर माह मोटी रकम लेने वाले लोकसेवकों का कार्य केवल हर आवेदन को फारवर्ड करना नही होता। बल्कि उस समस्या के समाधान के लिये अधीनस्थों को त्वरित समाधान का निर्देश देना होता है देश के शासन और प्रशासन की कितनी बदनामी होती है। हमारे अधिकारीगण कभी ध्यान नही देते । इसका उदाहरण है। एक जीवित व्यक्ति को को अपने को जिंदा साबित करने के लिये कार्यालयो के चक्कर लगाने पड़ते हैं, और अधिकारी गण निष्क्रिय बने बैठे रहते हैं। ऐसे लोगो की आवाज को दिल्ली तक पहुचाने के लिये एक व्यक्ति ने मृतक संघ बनाया। फिर भी लोगों को स्थाई समाधान नहीं मिला। पुरुष अपने साथ हुये अन्याय का बदला लेने के लिये लम्बी लड़ाई लड़ते हैं। लेकिन वृद्धों की कोई नही सुनता। वे कुढ़ कर मर जाते हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### सराहनीय पहल

**दिल्ली** के राज्यपाल के द्वारा ऑपरेशन क्लीन दिल्ली विशेष सफाई अभियान की शुरुआत एक अच्छी पहल है। दुर्भाग्यवश देश की राजधानी में कूड़ा निस्तारण प्रबंधन पर राजनीतिक चरम पर है। नई दिल्ली क्षेत्र को छोड़कर पूरी दिल्ली में सफाई व्यवस्था जगजाहिर है। दिल्ली वाले, कूड़ा ना उठाये जाने पर , मजबूरी वश गंदगी में रहने से आहत हैं। लेकिन दिल्ली के राज्यपाल ने दिल्ली के लोकल गार्जियन के रूप में दिल्ली को प्रदूषण एवं गंदगी से बचाने का एक प्रशंसनीय कार्य किया है। इस कार्यक्रम को 2 नवंबर से मायापुरी क्षेत्र में अभियान की शुरुआत करते समय दिल्ली वालों से सक्रिय सहयोग के लिए आह्वान किया है जिसमें विशेष रूप से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं बाजार कल्याण संघ को आमंत्रित किया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह एक जोन के 4 वार्डों पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अभियान में क्षेत्रीय उपायुक्त की भूमिका महत्वपूर्ण है जिनको यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि दिल्ली में स्वच्छता का मापदंड विश्व स्तरीय हो ताकि दिसंबर से होने वाले जी-20 बैठक में सम्मिलित होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि स्वच्छ दिल्ली की छवि लेकर अपने देश लौटें।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### हास्यास्पद बयान

**मोरबी** के दर्दनाक हादसे पर ओरेवा कंपनी के मैनेजर ने कोर्ट में कहा हादसा ईश्वर की मर्जी से हुआ है! अब उनके इस बेहद बेशर्मी वाले बयान पर हंसे या रोए या माथा ठोकें। पिछले कुछ समय से कुछ भी बोला जा रहा है । महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी गैर जिम्मेदारी वाले बयान दिए जाते हैं, जो जवाबदारों की अपने कर्तव्य के प्रति गंभीरता को ही दर्शाता है! बकौल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पिछले दिनों दिए गए बयानों पर गौर फरमाए 'मैं तो प्याज ही नहीं खाती हूं', देश की डगमगाती अर्थव्यवस्था के लिए देवीय (भगवान) घटना जिम्मेदार है, रुपया कमजोर नहीं, डॉलर मजबूत हुआ है तो लोकसभा में बयान दिए जाते है महंगाई ढूंढने पर भी दिखाई नहीं देती है । ऐसे अटपटे व हास्यास्पद बयानों की फेहरिस्त लंबी है, मगर दुख की बात है कि जब जवाबदार ही ऐसे उटपटांग बयान देते हैं तो अब हम किस से उम्मीद करें? दरअसल हमारे लोकतंत्र को मजाक तंत्र बना कर रख दिया है! किसे दोष दें? इसके लिए भी जवाबदार जनता को ही जिम्मेदार ठहराने लगें तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**रोहित** वेमुला सामाजिक भेदभाव व अन्याय के खिलाफ मेरे संघर्ष के प्रतीक थे और बने रहेंगे।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

**हमें** इस्राइल की जनता से व्यापक विश्वास मिला है। हम भारी विजय के निकट हैं।

– **बेंजामिन नेतनयाहू**
इस्राइली नेता





**गुजरात** में भाजपा की हालत इतनी खराब है कि वह देश के सबसे बड़े ठग की सहायता ले रही है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# लखनऊ, कानपुर व वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू

**कैबिनेट**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पुलिस** कमिश्नर प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए योगी सरकार ने इसके पुनर्गठन के संबंध में प्रस्तावित कार्रवाइयों को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके अन्तर्गत लखनऊ, कानपुर व वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू कर दी गई है। संपूर्ण नोएडा में पहले से ही पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू है।

कैबिनेट के इस फैसले के बारे में कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि लखनऊ के छह, वाराणसी के 12 और कानपुर नगर के 14 ग्रामीण थानों को भी कमिश्नरेट में जोड़ दिया गया है। डीजीपी डीएस चौहान ने बीती 26 सितंबर 2022 को शासन को पत्र लिखकर अवगत कराया था कि नवसृजित पुलिस जिलों जैसे लखनऊ ग्रामीण, कानपुर आउटर तथा वाराणसी ग्रामीण के अधीन कार्यरत थानों का भौगोलिक विखराव हो रहा है। इससे एक तरफ जहां एक ओर कार्य के निष्पादन में प्रशासनिक व पर्यवेक्षणीय समस्याएं उत्पन्न हो रहीं हैं, वहीं दूसरी ओर जनमानस को भी अपने कार्यों और अधिकारों तक अपना बात पहुंचाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ ग्रामीण, कानपुर आउटर तथा वाराणसी ग्रामीण का आकार बहुत छोटा एवं थानों की संख्या कम तथा इनकी भौगोलिक स्थिति विषम है, ऐसी स्थिति में एडीजी जोन/आईजी रेन्ज के द्वारा इनका पर्यवेक्षण सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है, जिससे इन जिलों को प्रभावी महत्ता नहीं मिल पा रही है। जिलाधिकारी, कार्यालय, न्यायालय, अभियोजन कार्यालय व जेल आदि मूल जिलों में ही स्थित हैं, इस कारण भी व्यवहारिक दिक्कतें आ रही हैं। डीजीपी के प्रस्ताव पर गृह विभाग की तरफ से कैबिनेट के सामने लखनऊ नगर व लखनऊ ग्रामीण, कानपुर नगर और कानपुर आउटर और वाराणसी नगर तथा वाराणसी ग्रामीण को समाहित कर एक जिले के रूप में अधिसूचित किए जाने का निर्णय लिया गया है। लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर और वाराणसी के महानगरीय क्षेत्रों के समस्त सहायक पुलिस आयुक्तों, अपर पुलिस आयुक्तों, उप पुलिस आयुक्तों, अपर पुलिस आयुक्तों, संयुक्त पुलिस आयुक्तों और पुलिस आयुक्तों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### उप्र आईटी एवं स्टार्टअप नीति-2017 के तहत वित्तीय प्रोत्साहन स्वीकृत

**लखनऊ।** मंत्रिपरिषद ने उप्र सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति-2017 के अन्तर्गत वाणिज्यिक परिचालन आरम्भ करने के लिए अवधि निर्धारण की व्यवस्था को अंगीकृत किये जाने तथा मेसर्स माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, मेसर्स एमएक्यू इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड तथा मेसर्स वन 97 कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड को केस-टू केस आधार पर प्रोत्साहनों के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है। मेसर्स माइक्रोसॉफ्ट इंडिया द्वारा 2186 करोड़ रुपये के निवेश से अपनी इकाई स्थापित की जा रही है। मेसर्स एमएक्यू इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 483 करोड़ रुपये का निवेश किया जाना प्रस्तावित है। मेसर्स वन 97 कम्यूनिकेशन्स लिमिटेड द्वारा नीति के अन्तर्गत 3 चरणों में लगभग 571 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के लिए इकाईयों द्वारा भूमि आवंटन करा लिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति 2017 में केस टू केस आधारित प्रोत्साहन की व्यवस्था है। इस निर्णय से प्रदेश में 3 वृहद सूचना प्रौद्योगिकी इकाईयों की स्थापना होगी। इससे प्रदेश की जीडीपी तथा सॉफ्टवेयर निर्यात में वृद्धि होगी। निवेशकों द्वारा इकाईयों की स्थापना और औद्योगीकरण के फलस्वरूप प्रदेश में लगभग 20000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होने की सम्भावना है। इससे जन.सामान्य का सामाजिक आर्थिक उत्थान होगा। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्ट अप नीति 2017 के अन्तर्गत वाणिज्यिक परिचालन आरम्भ करने के लिए अवधि निर्धारण की व्यवस्था नहीं थी। अतः इस परिप्रेक्ष्य में मंत्रिपरिषद द्वारा नीति की अवधि में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के लिए निवेशकों को निवेश आरम्भ करने की तिथि से वाणिज्यिक परिचालन आरम्भ करने के लिए अवधि के निर्धारण पर अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

### गन्ना मूल्य भुगतान के लिए शासकीय गारंटी पर देय शुल्क माफ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 24 सहकारी चीनी मिलों के पेराई सत्र 2022-23 में गन्ना मूल्य भुगतान के लिए नगद साख-सीमा (कैश क्रेडिट लिमिट) की व्यवस्था में शासकीय गारंटी पर देय गारंटी शुल्क को माफ कर दिया है। इसके अलावा देशी शराब के लिए कुल उत्पादन का 20 फीसदी शीरा आरक्षित कर दिया गया है। इसके साथ ही वर्ष 2021-22 में आरक्षित बचे शीरे को जनवरी 2023 तक बेचनी की अनुमति दे दी गई है। इस संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार उप्र सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड की 24 चीनी मिलों को चलाने के लिए सहकारी बैंकों व जिला बैंकों से ली जाने वाली नगद साख सीमा के विरुद्ध शासकीय गारंटी दी जानी है। इस पर हर साल शासकीय गारंटी प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। पेराई सत्र 2021-22 में 3787.24 करोड़ रुपए की नगद साख सीमा पर शासकीय गारंटी दी गई थी। इस पर देय गारंटी शुल्क 9.4681 करोड़ रुपए को माफ किया गया था। पेराई सत्र 2022-2023 के लिए उप्र सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड की 24 सहकारी चीनी मिलों को 3697 करोड़ रुपए पर देय गारंटी शुल्क 9.2425 करोड़ रुपए के भुगतान से छूट प्रदान की गई है। सहकारी चीनी मिलों को शासकीय गारंटी प्रदान करने से चीनी मिल क्षेत्र के 441271 किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान होगा। अपर मुख्य सचिव गन्ना विभाग संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में 1 नवंबर से 31 अक्तूबर तक शीरा वर्ष निर्धारित कर रखा है। वर्ष 2022-23 में शीरे की अनुमानित उत्पादन सी हैवी के टर्म में 753.33 लाख कुंतल में देश मदिरा के लिए 144.45 लाख कुंतल की जरूरत का अनुमान लगाया गया है। इसके आधार पर सी हैवी के टर्म में 20 फ़ीसदी शीरा देशी शराब के लिए आरक्षित किया गया है। साथ ही आरक्षित व अनारक्षित शीरे के मध्य वार्षिक निकासी का अनुपात एक बटा चार निर्धारित किया गया है। लघु इकाइयों को आवंटन उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर किया जाएगा। नई इकाइयों की स्थापना के संबंध में एक लाख कुंतल शीरा हर साल की मांग वालों के मामले में फैसला लेने का अधिकार आबकारी आयुक्त को दिया गया है। अन्य राज्यों से शीरा आयात करने के पूर्व आयातक को आबकारी आयुक्त और शीरा नियंत्रक से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। देशी शराब का उपभोग समाज के गरीबों द्वारा किया जाता है।

## अब डीजी स्कूल शिक्षा के ही अधीन होंगे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में महानिदेशक शिक्षा का ओहदा और बड़ा कर दिया गया है। कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार अब बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग महानिदेशक स्कूल शिक्षा के अधीन होंगे। अभी तक इन दोनों विभाग के अलग-अलग निदेशक होते हैं। शिक्षा विभाग का सर्वेसर्वा अब महानिदेशक शिक्षा ही होगा। बेसिक शिक्षा के साथ ही अब माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन निदेशालय भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा के अधीन होंगे। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा अब बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग दोनों का काम देखेंगे। डीजी स्कूल के नियंत्रण में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के सभी विभाग और कार्यालय होंगे। सरकार ने प्रदेश में कक्षा एक से लेकर 12 तक की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए यह फैसला किया है।

## यूपी में खुलेंगे तीन नए निजी विवि

**लखनऊ।** कैबिनेट में यूपी में तीन नए निजी विश्वविद्यालय खोले जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसमें कर्नाटक का विख्यात जेएसएस विश्वविद्यालय नोएडा में, एसडी सिंह विश्वविद्यालय फतेहगढ़-फर्रुखाबाद में और एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय गाजियाबाद में खोला जाएगा। इन तीनों विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह आशय पत्र उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 6 के प्राविधानों के अन्तर्गत शर्तों के अधीन आशय पत्र निर्गत किए गए हैं। यह शर्त भी रखी गई है कि प्रायोजक संस्था द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा कि सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के विवाद, शासन के संज्ञान में आने पर विवाद को गुणदोष/प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा आशयपत्र वापस लिया जा सकता है और प्रायोजक संस्था को कोई आपत्ति नहीं होगी। प्रदेश सरकार का कहना है कि इन तीन निजी विश्वविद्यालयों के आने से प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

## पीपीपी माडल पर होगा वाराणसी मंडलीय कार्यालय का निर्माण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने अब वाराणसी मंडलीय कार्यालय का निर्माण पीपीपी माडल पर कराने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने राजस्व विभाग द्वारा आवास विकास विभाग को मिली जमीन निजी विकासकर्ता को देने का अधिकार आवास विभाग को दे दिया है। वाराणसी में एकीकृत मंडलीय कार्यालय का निर्माण किया जाना है। पहले वाराणसी विकास प्राधिकरण को बनाने का अधिकार दिया गया था लेकिन बाद में इसे पीपीपी माडल पर बनाने पर सहमति बनी। राजस्व विभाग की जमीन पहले आवास विभाग को मुफ्त में देने का फैसला कैबिनेट से हुआ था लेकिन पीपीपी माडल पर बनने की वजह से अब इस जमीन को बनाने वाली कंपनी को हस्तांतरित करना होगा। इसीलिए, कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा गया।

## प्रदेश में 7 और डेटा सेंटर व 5 नए सेंटर आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डेटा सेंटर नीति-2021 और स्टार्ट-अप के संशोधन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**योगी** सरकार उत्तर प्रदेश को डाटा सेंटर का हब बनाने जा रही है। इसके लिए कैबिनेट ने डेटा सेंटर नीति-2021 में संशोधनों के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। हाल ही में ग्रेटर नोएडा में खुले उत्तर भारत के पहले डेटा सेंटर के बाद अब योगी सरकार ने राज्य में 7 और डेटा सेंटर खोलने का फैसला किया है। इस तरह ग्रेटर नोएडा के डेटा सेंटर को मिलाकर कुल 8 डेटा सेंटर हो जाएंगे।

अब नोएडा व ग्रेटर नोएडा के अलावा अन्य जिलों में भी डेटा सेंटर खुल सकेंगे। ये डेटा सेंटर ग्रेटर नोएडा में खुले नए डेटा सेंटर की क्षमता से कम होंगे। सरकार इन सभी डेटा सेंटर के लिए भूमि अनुदान की व्यवस्था करेगी। साथ ही डुएल फीडर की सप्लाई में एक फीडर की सप्लाई का खर्च वहन करेगी। अपर मुख्य सचिव आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स अरविंद कुमार ने बताया कि डेटा सेंटर पालिसी में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। वन ट्रिलियन इकानमी के दृष्टिगत जो दिक्कतें इसमें आ रही हैं, उन्हें संशोधनों के जरिए दूर किया गया है। डेटा सेंटर पालिसी के तहत जो लक्ष्य तय किए गए थे, वो हमने समय से पहले ही हासिल कर लिए हैं, इसलिए उन लक्ष्यों को बढ़ाया जा रहा है। जैसे एक लक्ष्य तय किया गया था कि डेटा सेंटर में हम 250 मेगावॉट की कैपेसिटी लेकर आएंगे लेकिन 636 मेगावॉट की कैपेसिटी के डेटा सेंटर के प्रस्ताव आ गए हैं। ऐसे में हमने लक्ष्य को बढ़ाकर 900 मेगावॉट के डेटा सेंटर को लाभ प्रदान करेंगे। इसके अलावा छोटे डेटा सेंटर की भी नीति बनाई गई है ताकि डेटा सेंटर का प्रसार बाकी जिलों में भी हो सके। भले ही वो डेटा सेंटर नोएडा के स्केल के ना भी हों तब भी उन्हें मंजूरी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा डेटा सेंटर के लिए एफएआर की परिभाषा में भी बदलाव किया है, ताकि नक्शे जल्दी पास हो सकें। पार्शियल कंप्लीशन की व्यवस्था दी गई है जबकि बिजली कनेक्शन को लेकर भी सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। इसके अलावा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस डेटा सेंटर की फील्ड में भी दस करोड़ रुपए तक की फंडिंग की जाएगी। इन बदलावों से न सिर्फ निवेश बढ़ेगा बल्कि तेजी से आएगा। ये पॉलिसी 5 साल तक के लिए मान्य होगी। इसके अलावा कैबिनेट ने स्टार्ट-अप नीति के संशोधन के प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की। इसके तहत प्रदेश में 5 नए सेंटर आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। नीति में लक्षित 3 सेंटर आफ एक्सीलेंस पहले ही खोले जा चुके हैं। सरकार की ओर से इन्हें 10 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की जाती है। ये 5 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नए-नए क्षेत्रों में खोले जाएंगे। इन क्षेत्रों में क्वांटम कंप्यूटिंग, 3डी प्रिंटिंग, 5जी, वर्चुअल रिएलिटी, स्पेसटेक जैसी नई और उभरती फील्ड को इसमें शामिल किया है। इसके तहत ये भी व्यवस्था की गई है कि स्कूल स्तर पर ही इनोवेटिव कल्चर को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए अवेयरनेस कैंप चलाए जाएंगे, बूथ कैंप्स लगाए जाएंगे ताकि स्कूलों में इनोवेशन को बढ़ावा मिल सके और बच्चों में इसके प्रति रुचि जाग सके। इसके एक्सीलरेटेड प्रोग्राम की व्यवस्था की गई है।

# खाद्य प्रसंस्करण नीति में एमएसएमई उद्यमियों का विशेष ध्यान दिया जाएगा

**एमएसएमई उद्यमी अभी से जीआईएस के लिए अभी से शुरू करें तैयारी**

● उद्यमी महासम्मेलन 2022 में शामिल हुए सीएम

● कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य यूपी

● प्रदेश सरकार हर सेक्टर के लिए ला रही है नयी पॉलिसी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उद्यमी महासम्मेलन-2022 में शामिल हुए। कृषि आधारित एमएसएमई उद्योगों के उत्थान के लिए आयोजित इस महासम्मेलन में प्रदर्शनी भी लगायी गयी है जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन भी किया। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बात की घोषणा की कि प्रदेश सरकार की ओर जल्द लायी जाने वाली खाद्य प्रसंस्करण नीति में एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों की ओर से उठाये गये मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने सम्मेलन में आये उद्यमियों का अवाहन किया कि उप्र में फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में खाद्य प्रसंस्करण नीति 2022 में हम प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कुछ नये कदम उठाने जा रहे हैं। इसमें प्रसंस्करण उद्योग को सीधे अपना उत्पाद बेचने वाले किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सुविधा होगी। ऐसी उपज को मंडी शुल्क और उपकर से छूट दिये जाने के आपके प्रस्ताव पर हम गंभीरता से विचार करेंगे। नयी प्रसंस्करण नीति में सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े उद्यमों के हितों का पूरा ध्यान रखेगी। इसके अलावा निर्यात सब्सिडी देने का प्रस्ताव भी प्रदेश सरकार के पास विचाराधीन है। साथ ही श्रम और पर्यावरण विभाग के द्वारा उद्यमियों को बार बार परेशान करने की बात सामने आयी है।

इसमें सरकार की ओर से समिति का गठन किया जाएगाए जिसके अनुमोदन के उपरांत कार्रवाई की जाएगी। किसी भी उद्यमीए वो चाहे किसी भी सेक्टर का होए उसे कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी भूमि क्रय करने और भू परिवर्तन को लेकर भी तमाम बाधाएं बतायी गयी हैं। उनके सरलीकरण करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किये जाएंए इस बात के निर्देश दिये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी आज असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है। यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। देश की 12 फीसद कृषि योग्य भूमि यूपी में है। हमारे अन्नदाता देश के खाद्यान का 20 फीसदी उत्पादन करते हैं। जरूरत इस बात की है कि हमारे अन्नदाताओं के पुरुषार्थ से उपजी फसलों को सही बाजार उपलब्ध हो, इसके लिए प्रधानमंत्री के बीज से बाजार तक के अभियान को सफल बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों को अपने स्तर पर प्रयास करना होगा। यही एक मात्र जरिया है जिससे रोजगार सृजन के साथ ही अन्नदाताओं की आमदनी बढ़ाने का संकल्प पूरा होगा।

## 2017 से पहले बंद होने की कगार पर पहुंच गया था प्रदेश में एमएसएमई उद्योग

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में एमएसएमई उद्योग लगभग बंद होने की कगार पर पहुंच गया था। उद्योगपति अपने उद्यम को यहां से बंद करके दूसरे राज्यों में निवेश की संभावना तलाश रहे थे। मगर आज प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति सबके सामने है। अपराध और अपराधियों के प्रति इस सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। हमें निवेश को आगे बढ़ाना है तो सुरक्षा के साथ.साथ मूलभूत सुविधाओं को भी ध्यान में रखना है। इसके लिए हमने प्रदेश के अंदर बुनियादी व्यवस्था पर काम किया है। कभी इसी प्रदेश में तीन से चार घंटे बमुश्किल बिजली मिल पाती थी। आज विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी उद्योग नीति देश की सर्वोत्तम नीतियों में से एक होगी। कृषि क्षेत्र में हमने बहुत से कार्य किये हैं। बहुत से जनपदों में कृषि से जुड़े उत्पादों को ही हमने वन डिस्टिक्ट वन प्रोडक्ट बनाया है। सीएम ने कहा कि फरवरी में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है जिसमें भारत और दुनिया के बड़े बड़े उद्यमी यहां आ रहे हैं। हमने सभी क्षेत्र के लिए पॉलिसी बनायी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी उद्यमियों का आह्वान किया कि वो अभी से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दें। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर सचिव, आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## 30 पीपीएस अफसर प्रोन्नति पाकर बने आईपीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में 30 पीपीएस प्रोन्नति पाकर आईपीएस बन गए हैं। इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। श्रवण कुमार सिंह, सर्वानंद सिंह यादव, हफीजुर्रहमान, रमेश प्रसाद गुप्ता, केशवा चंद गोस्वामी समेत 30 पीपीएस अधिकारियों का प्रमोशन कर उन्हें आईपीएस बना दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 1992 और 1993 बैच के पीपीएस अधिकारियों को आईपीएस पर पदोन्नति मिली है। जिन 30 पीसीएस अधिकारियों को पदोन्नति मिली है उनमें सबसे पहला नाम श्रवण कुमार सिंह का है, जिन्हें पीपीएस से आईपीएस पर प्रमोट किया गया है। साथ ही सर्वानंद सिंह यादवए हफीजुर्रहमान, रमेश प्रसाद गुप्ता, केशवा चंद गोस्वामी, ओमवीर सिंह का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। पीपीएस अधिकारी रहे राजेश कुमार यादव, बबिता साहू, लाल साहब यादव, राज धारी चौरसिया, विनोद कुमार भी आईपीएस बन गए हैं। वहीं इसी क्रम में पीपीएस ओम प्रकाश यादव, महात्मा प्रसाद, प्रबल प्रताप सिंह, राजेश कुमार, दया राम, गिरिजेश कुमार, प्रेम चंद, डॉ. भीम प्रिया अशोक, संजय कुमार भी अब आईपीएस बन गए हैं। दिनेश कुमार सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला, ब्रजेश कुमार मिश्रा, आशुतोष शुक्ला, ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार राय, शिवाजी, अरविंद मिश्रा, आदित्य कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह का भी आईपीएस के पद पर प्रमोशन हो गया है। अक्टूबर में इसको लेकर बैठक हुई थी जिसमें 30 पीपीएस अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान किए जाने पर सहमति बनी थी।

## एसी कमरों में रहने वालों को धरातल की समझ नहीं होती है: बीजेपी

**लखनऊ।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि सपा की हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली हो गई है। एसी कमरों में रहने वालों को धरातल की समझ नहीं होती है। इसीलिए कुछ लोग मिथ्या आरोप लगा रहे हैं। प्रदेश में सपा कांग्रेस की राह पर चल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा विपक्ष के बयानवीर नेताओं के मिथ्या आरोपों को जनता भी भलि भांति समझ चुकी है।

उन्होंने कहा कि परिणाम आने से पहले ही सपा मुखिया ने हार स्वीकार ली है। उन्हें पता था कि जनता ने भाजपा की डबल इंजन सरकार को फिर आशीर्वाद दे दिया है। इसीलिए अखिलेश यादव केवल मीडिया में बयानबाजी करते रहे। सपा का जनता से न सरोकार है और न जनहित से। सपा धरातल से कट चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के जन-जन को मिल रहा है। इसीलिए गोला गोकर्णनाथ के उपचुनाव में भी जनता का भरपूर अशीर्वाद भाजपा को मिला है। जनता से मिले प्यार और समर्थन के बल पर भाजपा बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रही है।

## अखिलेश ने गोला उपचुनाव में भाजपा पर लगाया धांधली का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी उठाए सवाल



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सत्ता लोलुपता के चलते कहीं भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्भव नहीं है। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से भाजपा कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। लखीमपुर खीरी के गोला गोकरननाथ विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में भाजपा धांधली से जीतने की तैयारी में मतदाताओं को स्वतंत्र रूप से मतदान नहीं करने दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार को सभी स्थितियों से पहले ही अवगत कराया गया लेकिन जिस तत्परता से कार्यवाही अपेक्षित थी वह नहीं हुई है। लोकतंत्र के लिए यह खतरे की घंटी है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र 139 गोला गोकरननाथ के मतदान स्थल के बूथ प्रभारी पूर्व प्रधान जुबेर व हरिनगर के पूर्व प्रधान मेजर सिंह बिट्टू को पुलिस बेवजह पकड़ कर ले गई। इसी क्षेत्र के ग्राम लालापुर, मदनपुरए लक्ष्मणजती के पोलिंग स्टेशन पर भाजपा समर्थकों ने कब्जा कर मुस्लिमों व समाजवादी पार्टी के मतदाताओं तथा बूथ प्रभारियों को वहां से भगा दिया है। उक्त विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 324, 325, 326 रामपुर के सम्बन्धित गांव के मतदाताओं पर अनावश्यक पुलिस ने लाठीचार्ज किया। जिससे मतदान बाधित हुआ। मतदाता डरे रहे हैं। इसी क्षेत्र के बूथ संख्या 260-261-262 में बीएलओ ने मतदान करने के लिए पर्ची नहीं बांटी। आधारकार्ड और वोटर आईडी दिखाने के बावजूद मतदाताओं को अधिकारियों ने मतदान नहीं करने दिया है। इसकी भी जांच हो कि अपनी गाड़ी में पैसो से भरे लिफाफे लेकर भाजपा विधायक क्यों घूमते रहे। मोहम्मदी विधानसभा से भाजपा विधायक ने सिकन्दराबाद से बूथ संख्या 333, 334, 337 पर घूम घूम कर मतदान को प्रभावित करने का प्रयास किया है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और मतदाताओं के साथ मारपीट की है। कई मतदान केन्द्रों पर ईवीएम में खराबी से मतदान देर तक बाधित रहा है।

**वन ट्रिलियन डॉलर के संकल्प को साकार करेगा जीआईएस-23**

# 23 विभागों को दिया गया 10 लाख 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य

● आईटी और इलेक्ट्रानिक्स विभाग का सबसे अधिक 120000 करोड़ लक्ष्य निर्धारित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के संकल्प को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। इसमें ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-23 जीआईएस-23 बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 23 विभागों को 10 लाख 40 हजार करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएम योगी ने हाल ही में निवेश से संबंधित पूरी प्रक्रिया को आनलाइन और पारदर्शी बनाने के निर्देश अवस्थापना और औद्योगिक विकास विभाग को दिए थे। सीएम के निर्देश पर सीआरएम पोर्टल निवेशकों और विभागों के बीच सेतु का कार्य करेगा। पहले फेज में जीआईएस-23 में होने वाले सभी एमओयू इसी पोर्टल के माध्यम से होंगे। निवेशकों को इसी पोर्टल के माध्यम से अन्य अनापत्तियां भी जारी की जाएंगी। दूसरे फेज में निवेशकों के लिए पोर्टल पर कॉलिंग सिस्टम युक्त हेल्प डेस्क की भी सुविधा दी जाएगी। फिलहाल विभाग की ओर से निवेशकों को रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक उपलब्ध करा दिया गया है। जीआईएस 23 को लेकर विभागों में नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की जा रही है। सीएम योगी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश में नंबर एक बनाने के लिए अपने दूसरे कार्यकाल में 10 सेक्टरों का चयन किया था और सेक्टरवार सूक्ष्म, मध्यम और दीर्घकालीन लक्ष्य तय किए थे। अब जीआईएस-23 को देखते हुए 23 विभागों को निवेश लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। इसमें आईटी और इलेक्ट्रानिक्स विभाग को सबसे अधिक 120000 करोड़ रुपए, एमएसएमई को 75 हजार करोड़ और यूपीसीडा को 70 हजार करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी, युमना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथारिटी, पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, टेक्सटाइल और आवास विभाग को 60-60 हजार करोड़, नगरीय निकाय को 50 हजार करोड़, सौर ऊर्जा, स्वास्थ्य और एफएसडी को 40-40 हजार करोड़ यूपीडा को 30 हजार करोड़, फूड प्रासेसिंग, डेयरी और पशुपालन को 25-25 हजार करोड़, पर्यटन को 20 हजार करोड़, सूचना को 10 हजार करोड़, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और टेक्निकल एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट के लिए पांच-पांच हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य दिया गया है।

# अपना दल एस का राष्ट्रीय अधिवेशन आज, राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपना** दल एस के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर राजधानी के सभी चौक चौराहों पर होर्डिंग, पोस्टर से सजाने संवारने का कार्य जोरों पर है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

अधिवेशन को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। अधिवेशन में पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और पार्टी के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे और नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि 4 नवम्बर शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आहूत है। राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अधिवेशन में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष सहित राज्य भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इसके बाद पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में उनके दिशा निर्देश पर पार्टी की गतिविधियों को और गति देने के लिए आगामी कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे।

राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि अधिवेशन को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी तादाद में कार्यकर्ता लखनऊ आ रहे हैं।

# छुटपुट समस्याओं के साथ निबटा गोला का उपचुनाव





**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी में** गुरुवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरणनाथ उपचुनाव के लिए मतदान निष्पक्षए शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें मतदाताओं ने बड़ चड़कर हिस्सा लिया। मतदान सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। एडीजीए आईजीए डीएमए एसपी के साथ अन्य अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ती रहीं। जहां भी ईवीएम खराबी की सूचना मिली तत्काल उन्हें बदला गया। हर बूथ पर सीएपीएफकी तैनाती की गई थी।

रिटर्निंग अधिकारीए विधानसभा गोला गोकरण नाथ उप निर्वाचन 2022ए एसडीएम गोला अनुराग सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोला गोकरण नाथ के लिए आज हुए उप निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेटों से दूरभाष पर प्राप्त सूचना के आधार पर 57ण्35 फीसदी मतदान हुआ। फाइनल आंकड़ों के मिलान होने के बाद विशुद्ध प्रतिशत की जानकारी होगी।

उपचुनाव में खासकर युवाओं का जोश सर चड़कर बोला। पहली बार बने नए मतदाता और महिलाओं ने भी मतदान करने में विशेष रुचि दिखाई। वहींए चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाई गई थी। जिले की फोर्स के साथ बाहर से आए केंद्रीय बल के जवान भी पूरी मुस्तैदी से लगे हुए थे। जिले के प्रशासनिक व पुलिस महकमा की तत्परता से चुनाव निष्पक्ष स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

सुरक्षा को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारीए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी संजीव सुमन लगातार गतिशील रहे। भारी दल.बल के साथ अधिकारी द्वय ने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर दिया। जिलेभर की कुशलता पर डीएम की नजर बनी रही। डीएम.एसपी अपने अपने मोबाइल के माध्यम से पूरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए रखी। इस दौरान विभिन्न दलों के एजेंट से बातचीत कर उनका फीडबैक लिया। जिस पर उन्होंने कोई समस्या नहीं होने की बात कही।

मतदान शुरू ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन अपनी पूरी टीम के साथ निकल गए। उन्होंने मतदान स्थल पब्लिक इंटर कॉलेजए कृषक समाज इंटर कॉलेजए गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए प्राथमिक विद्यालय लाल्हापुरए उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणजतीए प्राथमिक स्कूल लक्ष्मणजतीए प्राथमिक विद्यालय मदनपुरए उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर घुन्सीए प्राथमिक विद्यालय सिकंद्राबादए सुभाष प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र गोलाए उच्चतर प्राथमिक विद्यालय त्रिलोक गिरी नगर क्षेत्रए गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज सहित बड़ी संख्या में मतदान स्थलों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम बूथ के पीठासीन अधिकारी से मतदान की कुशलता की जानकारी लेते रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक भी हर बूथ पर तैनात फोर्स से वहां की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। दोनों अफसरों ने अधीनस्थों से पूछा कि सब कुछ व्यवस्थित तो है। हां में जबाव मिलने पर अफसर संतुष्ट हुए।

माण् आयोग से नामित प्रेक्षक गोपाल मीणा ने भ्रमणसील रहकर बड़ी संख्या में मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। एडीएम संजय कुमार सिंह ने एएसपी अरुण कुमार सिंह के संग दाऊदपुरए करसौरए गुजाराए लखहाभूड़ए अलीगंज भूड समेत दर्जनों मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। वही एडीजी बृजभूषण शर्माए आईजी लक्ष्मी सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट ने गैर जनपदीय एएसपी संग भ्रमणशील रहे। विधान सभा उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्नं संपन्न हुआ। अफसरों ने राहत की सांस ली है। डीएमए एसपी ने मतदाताओं का आभार जताया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों को बधाई दी है।

### मतदान में दिव्यांग वृद्ध मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

विधानसभा उपचुनाव के मतदान को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह है। लोकतंत्र के पर्व में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और मतदान किया। इसके बाद दूसरे मतदाताओं को वोट करने का संदेश दिया। गोला उपचुनाव में मतदान करने के प्रति दिव्यांगों में भी भारी उत्साह दिखा। मतदान करके लौटी युवती ने कहा कि उन्हें भी क्षेत्रीय विधायक चुनने में अपना सहयोग देना है। इसी कारण दोपहर तक घर के कामकाज करने के बाद वोट डालने पहुंची हूं। उधरए दिव्यांग युवक अपने वोट डालकर बोला कि की उसे कई दिनों से मतदान करने का इंतजार था। उसे मतदान करने के बाद बेहद खुशी मिली है।

सीडीओ ने संभाली कंट्रोल रूम की कमानए वेबकास्टिंग से रखी पैनी निगाह

सीडीओ अनिल कुमार सिंह कलेक्ट्रेट में स्थापित विधानसभा उपचुनाव 2022 के कंट्रोल रूम की कमान स्वयं संभाली। उन्होंने वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम के जरिए गोला विधानसभा उपचुनाव के मतदेय स्थलों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया। यही नहीं कंट्रोल में प्राप्त एक.एक शिकायत को ससमय निस्तारित कराया और सभी सूचनाओं को ससमय आयोग एवं संबंधित को प्रेषित कराया गया।

### ब्लॉक में बने कंट्रोल रूम से रिटर्निंग अफसर ने रखी पैनी नजर संभाला प्रबंधन

रिटर्निंग अधिकारीए एसडीएम अनुराग सिंह ने कुंभी ब्लॉक में संचालित कंट्रोल रूम में स्वयं मौजूद रहकर प्राप्त माण् आयोग से प्राप्त सूचनाओं एवं विभिन्न दलों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराया। समय.समय पर निर्वाचन से संबंधित सभी गतिविधियों से जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराते रहे। उन्होंने आयोग से प्राप्त निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करवाया। यही नहीं उन्होंने निकटवर्ती बूथों का स्वयं भी निरीक्षण किया। उन्होंने वेबकास्टिंग कंट्रोल रूम के जरिए भी सभी बूथों का सघन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया।

### मतदान से पहले शिव मंदिर में पूजन करने पहुंचे भाजपा.सपा प्रत्याशी

गोला गोकर्णनाथ। गोला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। गोला विधानसभा क्षेत्र में लगभग प्रतिशत मतदान हुआ। सपा भाजपा के बीच हुए इस चुनाव में सपा ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उच्चाधिकारियों ने बूथों पर निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी जहां सब कुछ चौकस पाया। गोला विधानसभा क्षेत्र में 7 प्रत्याशी मैदान में है जिसमें समाजवादी पार्टी से विनय तिवारी व भारतीय जनता पार्टी से अमन गिरी मैदान में हैं। चुनाव सपा व भाजपा के बीच है। गुरुवार को सुबह भाजपा प्रत्याशी अमन गिरी तथा सपा प्रत्याशी विनय तिवारी ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। तत्पश्चात सपा प्रत्याशी ने श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज में बने बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी अमन गिरी ने श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में बने बूथ पर अपने मत का प्रयोग किया। दोनों प्रत्याशियों ने क्षेत्र में दौरा कर अपने अपने पक्ष में मतदान कराने की पुरजोर कोशिश की।

### सपा प्रत्याशी ने लगाया सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप

सपा प्रत्याशी विनय तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी पर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। इसी के साथ ही उन्होंने भाजपा पर बूथों पर कब्जा करने का भी आरोप लगाया। जिसके बाद जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने लालापुर मदनपुर लक्ष्मणजती आदि बूथों पर निरीक्षण किया जहां सब कुछ सामान्य पाया। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल ने चुनाव में लगे अधिकारियों से मोहम्मदी विधायक की शिकायत की। इसमें कहा गया है कि मोहम्मदी विधायक बूथों पर निरीक्षण करते पाए गए हैं। जो कि चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है सुरक्षा प्राप्त कोई भी जनप्रतिनिधि इस प्रकार के कार्य नहीं कर सकता। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल सीआरपीएफके जवान महिला पुलिस बल बूथों पर लगाया गया।

### एडीजी और आईजी ने किया बूथों का निरीक्षण

उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए एडीजी बृजभूषण सिंह ने अलीगंज क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। आईजी लक्ष्मी सिंह ने गोला शहर के कई बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के कई बूथों का निरीक्षण किया जहां सब कुछ सही पाया।

### देर शाम तक चलता रहा मतदान

मैलानी.खीरी। उप विधान सभा चुनाव सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलता रहा। पुलिस अधिकारी व जोनल मजिस्ट्रेट व व सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित तमाम अधिकारी पोलिग बूथों पर बने रहें। जहां नव युवकों ने मतदान करने में बड़.चड़ कर भाग लिया वहीं बुजुर्गों ने मतदान करने में हिम्मत नहीं हारी। नगर मैलानी में प्राथमिक विद्यालय प्रथम व श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज मे पोलिग बूथों पर पहुंच कर लोगो ने मतदान किया।

## क्विक न्यूज

### बैंकर्स की जिला सलाहकार समिति की हुई बैठक

**सीतापुर।** बैंकर्स की जिला सलाहकार समिति में बैंकों के माध्यम से संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को दिए जाने के निर्देश डीएम अनुज सिंह ने दिए। कलेक्टेऊट सभागार में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बैंकर्स एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अंसिल्लरी एक्टिविटीज में ऋण आवेदन को बढ़ाएं। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि बड़े बकायादारों की सूची फोटो सहित सभी बैंकर्स अपने बैंक में लगाये। मत्स्य पालन, पशुपालन, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री बुनकर क्रेडिट कार्ड योजना, पी0एम0एम0वाई0 एण्ड स्टैण्डअप योजना आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु तैयार ऋण योजना नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। सीडीओ अक्षत वर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, परियोजना निदेशक डूडा सुधीर गिरि, सहित बैंकों के जिला समन्वयक व अधिकारी मौजूद रहे।

### 12 नवम्बर तक आपत्तियां का होगा निस्तारण

**सीतापुर।** अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामभरत तिवारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर 2022 को करा दिया गया है। इसके पश्चात 7 नवम्बर 2022 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर उनका निस्तारण 12 नवम्बर 2022 तक कराया जाना है। आयोग के निर्देशानुसार 05 मतदान स्थलों तक के मतदान केन्द्रों पर 01 अधिकारी/कर्मचारी तथा 05 मतदान स्थलों से अधिक के मतदान केन्द्रों पर 02 अधिकारी/कर्मचारी नियुक्त कर प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्त उपजिलाधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने अधीनस्थ निकायों के अन्तर्गत पुनरीक्षण कार्यक्रम का विस्तृत प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें, जिससे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करायी जा सके।

### बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी विधिक जानकारियां

**सीतापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफसे बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की गई। गुरूवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्वान पैनल अधिवक्तागण व पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा अपनी उपस्थिति देकर बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ जिला कारागार सीतापुर का निरीक्षण भी किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी ने बताया कि जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''कुलदीप कुमार'' के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर के तत्वाधान में 31 अक्टूबर से 13 नवंबर 2022 तक 2 सप्ताह का महाअभियान प्रारंभ किया गया है। शिविर का आयोजन जनपद की समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, नगर पालिका, नगर पंचायत व समस्त न्याय पंचायतों में किया जा रहा है।

### लोधी समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाइयां

**निघासन खीरी।** राष्ट्रीय लोधी महासभा की बैठक निघासन के महारानी अवंती बाई पब्लिक स्कूल देवीदीन पुरवा में संपन्न हुई जिसमें संगठन के लोगों ने इकट्ठा होकर समाज के उत्थान के बारे में चर्चा की। चर्चा में राष्ट्रीय संगठन व संस्थापक बहन अनुपमा सिंह द्वारा इंजीनियर कृष्णचंद्र लोधी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया व फोन पर बारी.बारी से खूब बधाइयाँ दी। राष्ट्रीय लोधी महासभा के लखीमपुर खीरी के जिलाध्यक्ष रतीराम लोधी ने बताया कि ऐसे ही समाज के हितैशी लोगों को प्रदेश में जरूरत थी ईण् कृष्ण चंद्र लोधी जी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संगठन को काफी मजबूती मिलेगी और अच्छा मार्गदर्शन पदाधिकारियों को मिलेगा क्यों कि संगठन के पदाधिकारियों व समाज के प्रति चिंता रखते है और बराबर पदाधिकारियों के सम्पर्क में बने रहते है जिससे पूरे प्रदेश में संगठन और मजबूत होगा और बीच बीच में संस्थापक बहन अनुपमा जी का मार्गदर्शन मिलता रहता है। अब हम लोगों को चाहिए कि समाज के प्रति जितनी भी प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जिम्मेदारी दी जाए उसको तुरन्त लगन के साथ करना चाहिए इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रधान संतोष लोधीए भगौती प्रसाद लोधीए राम कृपाल लोधीए कैलाश लोधीए कृष्णा लोधीए राजकिशोर लोधीए सहजराम लोधी समेत समाज के पदाधिकारियों समेत समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

# सीतापुर की पुलिस पर ईसानगर की महिला ने घर में घुसकर अभद्रता करने के साथ लगाया लूट का आरोप

● रविवार की रात उपनिरीक्षक के साथ पहुचे चार सिपाहियों ने घर मे घुसकर किया बवाल

**संवाददाता।**धौरहरा लखीमपुर.खीरी।



**धौरहरा सर्किल** के थाना ईसानगर क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव की एक महिला ने सीतापुर जनपद की कोतवाली देहात की चौकी कचनार में तैनात एक उपनिरीक्षक व उसके साथी चार सिपाहियों पर रविवार की रात घर मे घुसकर मारपीट अभद्रता करने के साथ नकदी समेत जेवर लूटने का आरोप लगाया है। सबसे अहम बात तो यह है कि उक्त पुलिस टीम ने ईसानगर पुलिस से बगैर संपर्क किए ही महिला के घर में घुसकर तांडव कर नौ दो ग्यारह हो गई जिसको लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

ईसानगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर के मजरा मोहनपुरवा निवासी सुनीता देवी पत्नी सर्वेश कुमार ने डीएम खीरी व एसपी समेत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि बीते रविवार को रात करीब 12 बजे पड़ोसी जनपद सीतापुर की कोतवाली देहात की चौकी कचनार में तैनात दरोगा शशांक पाण्डेय व उनके साथी चार सिपाही उसके घर अचानक पहुचकर उसके साथ अभ्र्द्रता करने के साथ ही घर मे दुकान के रखे 12600 रुपये की नकदी समेत पायलएसोने के कुण्डलएटीका लूट ले गए है। इस दौरान उसके पति खेतो में फसल बचाने गए हुए जिनको जब यह जानकारी हुई तो वह सभी पुलिस टीम के बारे में पता कर डीएम व एसपी खीरी समेत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाकर न्याय की गुहार लगाई है।

**ईसानगर पुलिस को घटना की नहीं हुई जानकारी**

रविवार की देर रात सीतापुर जनपद की कचनार चौकी इंचार्ज शशांक पाण्डेय व उनके चार हमराहियों के द्वारा ईसानगर के मोहनपुरवा गांव की सुनीता देवी के घर मे घुसकर किए गए बवाल की जानकारी ईसानगर पुलिस को नहीं है। जिससे गांव में यह भी चर्चा हो रही है कि जब दूसरे जनपद से आये थे तो स्थानीय पुलिस को सूचना देकर व साथ लेकर आते पर उक्त दरोगा ने ऐसा न कर घर मे घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट करने के साथ साथ अभ्र्द्रता कर घर मे रखी ड़12600 की नकदी समेत जेवर भी उठा ले गए।

### एक माह पहले जेठ को घर से उठाकर वसूले थे 20000

पीड़िता सुनीता देवी ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि करीब एक माह पहले भी उक्त दरोगा उसके जेठ ब्रजमोहन को पकड़ लिया था जिनको 20000 रुपये लेने के बाद छोड़ा था। साथ ही बताया कि कुछ माह पहले आरती निवासी अमेठी जिला खीरी की शादी प्रदीप निवासी सिंगरिया कोतवाली देहात सीतापुर के साथ हुई थी जिसमें उसके पति सर्वेश भी गए थे। अब अनीता व प्रदीप में अनबन हो गई तो पुलिस उसके घर बवाल कर रही है।

## कसमंडा ब्लाक प्रमुख की हुई बोर्ड बैठक

# कसमंडा ब्लाक की बोर्ड बैठक में क्यों पहुंची चार थानों की पुलिस

**संवाददाता।** सीतापुर

● भाजपा विधायक सिधौली मनीष रावत, बिसवां निर्मल वर्मा हुए शामिल

●क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत सदस्यगण रहे बैठक में मौजूद

●सीओ सिधौली की देखरेख में चार थानों की पुलिस रही मुस्तैद

**कसमंडा ब्लाक** प्रमुख का चुनाव पूरे प्रदेश में चर्चा में रहा था, कारण यहां ब्लाक प्रमुख के चुनाव में हथगोले चलने के साथ खूब उपद्रव होने के बाद यहां से निर्दलीय प्रत्याशी मुन्नी देवी ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव मैदान में हराकर कुर्सी पर कब्जा जमाया था। चुनाव होने के बाद हालात सामान्य हुए तो भाजपा खेमे के साथ प्रमुख मुन्नी देवी खड़ी हो गई। गुरूवार को कसमंडा में पूर्व एजेंडे के साथ बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ जिसमें बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, सिधौली विधायक मनीष रावत व खुद ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी ने अध्यक्षता की। बैठक में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, जिला पंचायत सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। बैठक के दौरान भारी पुलिस बल भी ब्लाक कार्यालय के सामने मौजूद रहा। सिधौली विधायक मनीष रावत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगो तक पहुंचाए। कसमंडा ब्लाक प्रमुख की बोर्ड बैठक में 102 छेत्रपंचायत सदस्यो मे से 60, 78 ग्राम प्रधानो मे से 21 ग्राम प्रधान, 4 जिलापंचायत सदस्यो मे 3 जिलापंचायत सदस्य मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था सीओ सिधौली यादुवेंद यादव की देख रेख मे हुई, जिसमें सिधौली सर्किल के चारो थाना प्रभारी निरीक्षक अटरिया मुकेश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक रामपुर कला जीतेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सिधौली ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कमलापुर राज करन शर्मा, चौकी प्रभारी मास्टरबाग शिवबहादुर सिंह, वरिष्ट उपनिरीक्षक शिव प्रसाद पाण्डेय, उप निरीक्षक सुरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रवीन तिवारी के साथ–साथ एक मोटर पीएससी बल भी मुस्तैद रह। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कसमंडा दिनेश यादव, एडीओ आईएसबी शिवप्रकाश दुबे, एडीओ सहकारिता आशुतोष धुर्वे, एपीओ मनरेगा चन्द्रप्रकाश, ग्राम पंचायत अधिकारी हिमाली पांडेय, रविकान्त शुक्ला, विनीत यादव, जितेन्द्र शुक्ला, दिनेश वर्मा, नीतू वर्मा, जिलापंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, गोविंद प्रसाद, प्रेमदीप जयसवाल, प्रधान शूफ्यिान खान, देशराज यादव, संतोष यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय लक्ष्मी जयसवाल, देशराज यादव आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष

### लगातार बढ़ा...

रोहिणी (453), सोनिया विहार (444), विवेक विहार (444) और वजीरपुर (444) शामिल रहे। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, रात साढ़े नौ बजे गाजियाबाद का एक्यूआई (416), नोएडा (423), ग्रेटर नोएडा (418), गुरुग्राम (430) और फरीदाबाद (373) पर दर्ज किया गया। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली पूर्वानुमान एजेंसी सफर ने कहा कि वायु प्रदूषण बढ़ने में पंजाब में जलाई जा रही पराली का योगदान गुरुवार को 38 प्रतिशत रहा। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के अनुसार, पंजाब में पराली जलाने के 3,634 मामले सामने आए, जो इस साल अब तक के सबसे अधिक मामले हैं।

### गुजरात में...

कई विधायक भाजपा में शामिल हो गए। इस वजह से विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या बढ़कर 111 हो गई जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या घटकर 62 पर पहुंच गई। इस बार के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी भी अपना दमखम दिखाने जा रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब तक दर्जनों बार वहां का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले कुछ समय से गुजरात और हिमाचल प्रदेश का दौरा करते रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में उन्होंने गुजरात में सैकड़ों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। गुजरात में 4.9 करोड़ से अधिक मतदाता हैं और इनमें 4.6 लाख मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग राज्य में 51,782 मतदान केंद्र स्थापित करेगा। इनमें 34,276 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में हों। शहरी इलाकों में 17,506 मतदान केंद्र होंगे।

### नहीं पेश...

परेशान कर रही है। सोरेन ने आज कड़े शब्दों में कहा, अगर मैं मुजरिम हूं तो मुझे सजा सुना दिया जाए, मुझे कोई चिंता नहीं है। मुझे गिरफ्तार किया जाए। यह अजूबा मामला है जहां मुजरिम गिरफ्तार होने को तैयार बैठा है और दोषी बताने वाले सजा सुनाने को तैयार नहीं हैं। अवैध खनन मामले में भी प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन को बुधवार को नोटिस भेजकर अपन क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद ईडी ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष इंतजाम करने का अनुरोध किया था। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से भी अपने कार्यालय की सुरक्षा करने का अनुरोध किया था। इस बीच, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने टिप्पणी की, भगवान न करे कि जेल से राज्य चलाने वाले मुख्यमंत्री का रिकॉर्ड झारखंड के नाम भी बन जाए।

### रैली के...

थी और खान की गाड़ी के साथ चल रहा था और उसने बाईं ओर से गोलीबारी की। पुलिस द्वारा पकड़े गए संदिग्ध ने कहा कि वह खान को मारना चाहता था क्योंकि वह जनता को गुमराह कर रहे हैं। डॉन अखबार ने एक वीडियो बयान का हवाला दिया जिसमें संदिग्ध ने कहा, वह (खान) लोगों को गुमराह कर रहे थे और मैं इसे नहीं देख सकता था इसलिए मैंने उनकी जान लेने की कोशिश की। पीटीआई नेता इमरान इस्माइल ने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री पर हमला हुआ, उस समय वह खान के साथ खड़े थे। उन्होंने दावा किया, यह सीधी हमला था... गोली जान लेने के लिए थी, न कि डराने के लिए। एआरवाई न्यूज के अनुसार खान की हालत खतरे से बाहर है। एआरवाई न्यूज को खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी का मुखपत्र माना जाता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खान पर हमले की निंदा की और गृह मंत्री को घटना के संबंध में तत्काल रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। शरीफ ने ट्वीट किया, मैं पीटीआई अध्यक्ष और अन्य घायल लोगों के स्वस्थ होने की दुआ करता हूं। संघीय सरकार सुरक्षा और जांच के लिए पंजाब सरकार को हर संभव सहायता देगी। हमारे देश की राजनीति में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री शरीफ ने अपनी हालिया चीन यात्रा को लेकर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को इस घटना के बाद स्थगित कर दिया। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने खान पर हमले को जघन्य हत्या का प्रयास बताया। उन्होंने ट्वीट किया, मैं अल्लाह का शुक्रिया अदा करता हूं कि वह सुरक्षित हैं लेकिन उनके पैर में गोलियां लगी हैं, उम्मीद है कि वह गंभीर नहीं होगा। विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने खान पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शुरू में बताया गया था कि खान सुरक्षित हैं जबकि कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि, बाद में पता चला कि खान भी घायल हैं और उनके पैर में गोली लगी है।

### भ्रष्टाचारी बचने...

किया जाता है। उन्होंने कहा, मैं तो देखता हूं कि ईमानदारी का ठेका लेने वाले लोग, उनके साथ (भ्रष्टाचारियों) फोटो खिंचवाने में भी शर्म नहीं करते। यह स्थिति भारतीय समाज के लिए ठीक नहीं है। ऐसे लोगों को समाज द्वारा कर्तव्य का बोध कराया जाना बहुत आवश्यक है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गुलामी के लंबे कालखंड से भ्रष्टाचार, शोषण की और संसाधनों पर नियंत्रण की जो विरासत मिली, दुर्भाग्य से आजादी के बाद इसे और विस्तार मिला।

# श्रीरामचरितमानस केवट चरित्र सुन भक्त हुए भाव विभोर

**संवाददाता।** निघासन खीरी

**श्री रूद्र** महायज्ञ का आयोजन प्राचीन हनुमान गढी मंदिर निघासन में पंडित पिंकू शुक्ला की अध्यक्षता मैं हो रहा जिसमें छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ से पधारे कथा व्यास श्रद्धेय पीयूष दीक्षित जी महाराज ने राम चरित्र मानस के माध्यम से केवट चरित्र का वर्णन किया। पूर्व जन्म की कथा केवट जो था वह एक कछुआ था ।भगवान श्री राम चतुर्भुज नारायण लक्ष्मी स्वरूप मां सीता शेषनाग अवतार लक्ष्मण पूर्व जन्म में केवट भगवान के चरण स्पर्श करना चाहता था मगर मां लक्ष्मी और शेषनाग के कारण कछुआ जब भी जाता चरण स्पर्श नहीं कर पाता।

भगवान चतुर्भुज नारायण ने कछुए को वचन दिया कि जब मैं त्रेता युग में अयोध्यापुरी में जन्म लूंगा तब आप मेरे चरणों की अविरल भक्ति प्राप्त करोगे। युग में जब भगवान श्रीराम का अवतार हुआ जब भगवान श्री राम केवट के यहां पहुंचे तब केवट बहुत प्रसन्न हुआ। आज हमारे जन्म जन्मांतर के पुण्योदय हुए हैं। आज तो बिना चरण धोए उस पार नहीं करूंगा। भगवान ने चरण धुला कर भगवान श्री राम केवट की सरल भक्ति पर सरल भाव पर रीझ कर भगवान श्री राम केवट की नाव पर बैठे और केवट को अविरल भक्ति प्रदान की




देवस्थली देवकली तीर्थ से पधारे परम श्रद्धेय परम विद्वान आचार्य प्रवर श्री राजेश शास्त्री जी महाराज जी का आगमन हुआ। महाराज श्री के आशीर्वचन सुनकर भक्त गण बहुत प्रफुल्लित हुऐ श्री रूद्र महायज्ञ जिसका आज पंचम दिवस की प्रात: काल बेला में वेदी पूजन भगवान का हवन का कार्य यज्ञ आचार्य पंडित हिमांशु शुक्ल जी महाराज के द्वारा पूजन का कार्य सुचारू रूप से वैदिक ब्राह्मणों द्वारा आचार्य कृष्णानंद जी महाराज पंडित गोपाल शास्त्री पंडित दिलीप दीक्षित पंडित विग्नेश पांडेय पंडित आनंद तिवारी अमित त्रिवेदी अंकित मिश्र द्वारा संपन्न हुआ।

# विधानसभा उपचुनावों में दिखा मतदाताओं का मिलाजुला रुख

● तेलंगाना के मुनूगोड़े में 77 प्रतिशत से अधिक, महाराष्ट्र के अंधेरी (पूर्व) में 31.74, बिहार के मोकामा व गोपालगंज में क्रमशः 53.45 और 51.48 प्रतिशत, हरियाणा के आदमपुर में 75.25 , यूपी के गोला गोकर्णनाथ में 55.68 और ओडिशा के धामनगर में 66.63 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया



बिहार के गोपालगंज उपचुनाव में अपनी बारी के इंतजार में खड़े मतदाता

**भाषा।** नई दिल्ली

**छह राज्यों** में फैले सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में महाराष्ट्र के अंधेरी (पूर्व) में 31.74 प्रतिशत तथा तेलंगाना की मुनूगोड़े सीट पर 77.55 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम सूचना आने तक, पांच अन्य सीटों पर मतदान प्रतिशत की बात करें तो बिहार के मोकामा व गोपालगंज में क्रमशः 53.45 प्रतिशत और 51.48 प्रतिशत, हरियाणा के आदमपुर में 75.25 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश के गोला गोकर्णनाथ में 55.68 प्रतिशत और ओडिशा के धामनगर में 66.63 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। इन आंकड़ों में हालांकि बदलाव की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि कुछ मामूली घटनाओं को छोड़कर उपचुनाव कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। जिन सात सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें भाजपा के पास तीन और कांग्रेस के पास दो सीटें हैं, जबकि शिवसेना और राजद के पास एक-एक सीट है। इन उपचुनावों में भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। बिहार में उपचुनाव के लिए मुख्य मुकाबला भाजपा और राजद के बीच है। हरियाणा में भाजपा के सामने कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और आम आदमी पार्टी (आप) की मुख्य चुनौती हैं। भाजपा का मुख्य मुकाबला तेलंगाना में तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति), उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) के साथ है। इन उपुचनाव के नतीजों से विधानसभाओं में राजनीतिक दलों की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन उन्होंने इसे हल्के में नहीं लिया है और आक्रामक तरीके से चुनाव प्रचार किया है। मतों की गिनती छह नवंबर को होगी।

ओडिशा की धामनगर विधानसभा सीट पर सत्तारूढ़ बीजद और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें मिली हैं। भाजपा ने मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। रामेश्वरपुर में मतदान केंद्रों 169 और 170 पर बीजद और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में दो लोग घायल हो गए। भाजपा उप्र की गोला गोकर्णनाथ और ओडिशा की धामनगर सीट फिर जीतने का प्रयास कर रही है। भाजपा और टीआरएस तेलंगाना ने मुनूगोड़े सीट पर आक्रामक प्रचार किया था। इस सीट पर कांग्रेस विधायक के इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है जो भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। हरियाणा की आदमपुर सीट पर उपचुनाव पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई के इस्तीफे की वजह से अनिवार्य हो गया था। कुलदीप ने इस साल अगस्त में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे। बिश्नोई के बेटे भव्य इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे हैं। आदमपुर सीट 1968 से भजनलाल परिवार के पास रही है और दिवंगत मुख्यमंत्री ने नौ बार, उनकी पत्नी जस्मा देवी ने एक बार एवं कुलदीप ने चार बार इसका प्रतिनिधित्व किया है।

बिहार में, जनता दल (यूनाइटेड) के भाजपा से अलग होने के बाद तीन महीने से भी कम समय पहले बनी नीतीश कुमार की अगुवाई वाली महागठबंधन सरकार के लिए राज्य में पहली चुनावी परीक्षा होगी। बिहार विधानसभा की दो सीट-मोकामा और गोपालगंज पर राज्य में सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल राजद और विपक्षी दल भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। मोकामा सीट पर पहले राजद का और गोपालगंज पर भाजपा का कब्जा था। महाराष्ट्र में मुंबई के अंधेरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव भाजपा उम्मीदवार के पिछले महीने मैदान से हटने के बाद महज औपचारिकता भर है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े की उम्मीदवार ऋतुजा लटके के अब आराम से जीत दर्ज करने की उम्मीद है। उनके खिलाफ छह उम्मीदवार हैं, जिनमें से चार निर्दलीय हैं। राकांपा और कांग्रेस ने लटके की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इस साल मई में ऋतुजा लटके के पति एवं शिवसेना विधायक रमेश लटके के निधन के कारण अंधेरी (पूर्व) सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया था। एकनाथ शिंदे और 39 अन्य विधायकों की बगावत से शिवसेना के दो खेमों में बंटने और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार के गिरने के बाद राज्य में यह पहला चुनाव है।

# कर्ण सिंह ने रीजीजू के हमले को लेकर नेहरू का बचाव नहीं किया: रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका पर कानून मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा निशाना साधे जाने के बाद नेहरू का बचाव नहीं किया। रमेश ने सिंह को लेकर यह टिप्पणी उस वक्त की है जब जम्मू-कश्मीर के पूर्व सद्र-ए-रियासत ने राज्य के विलय के संदर्भ में एक अंग्रेजी दैनिक में लेख लिखा है। रमेश का कहना है कि इस लेख में कर्ण सिंह ने अपने पिता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व राजा हरि सिंह का बचाव किया है।

कांग्रेस महासचिव ने ट्वीट किया, जम्मू-कश्मीर पर ऐसा कोई विद्वतापूर्ण और गंभीर अध्ययन सामने नहीं आया है जो महाराजा हरि सिंह को अच्छी भूमिका में प्रदर्शित करे। वीपी मेनन द्वारा किए गए अध्ययन में भी हरि सिंह को ऐसे नहीं पेश किया गया है कि जिनके साथ कुछ गलत हुआ हो। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि कर्ण सिंह ने हिदुस्तान टाइम्स में उनका बचाव किया है।

उन्होंने कहा, मुझे इससे हैरानी होती है कि डॉक्टर कर्ण सिंह ने नेहरू पर रीजीजू द्वारा निशाना साधे जाने के बाद नेहरू का बचाव नहीं किया। उन्हीं नेहरू के समर्थन के बिना डॉक्टर कर्ण सिंह वह सब हासिल नहीं कर सकते थे जो उन्होंने किया। इसे उन्होंने 2006 में आई अपनी पुस्तक में स्वीकार किया है। रीजीजू ने हाल ही में कहा था कि अनुच्छेद 370 को लागू करना और पाकिस्तान के साथ विवाद को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की नेहरू की गलतियों ने बहुत नुकसान किया, देश के संसाधनों को खत्म कर दिया और आतंकवाद ने सैनिकों और नागरिकों समेत हजारों लोगों की जान ले ली। कांग्रेस ने इसको लेकर दावा किया था कि रीजीजू को इतिहास का ज्ञान नहीं है।

# केरल के राज्यपाल ने कुलपतियों की नियुक्तियों में राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप को खारिज किया

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और सत्तारूढ़ एलडीएफ गठबंधन के बीच जारी गतिरोध बृहस्पतिवार को बढ़ गया जब राज्यपाल ने कुलपतियों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आरोप को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और मुख्यमंत्री कार्यालय पर तस्करी की गतिविधियों को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया। राज्यपाल खान ने कहा कि वह विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति में उनके हस्तक्षेप का एक भी उदाहरण आने पर इस्तीफा देने को तैयार हैं। खान ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय राज्य में तस्करी की गतिविधियों को संरक्षण दे रहा है और ऐसे हालात में उनके पास हस्तक्षेप करने का आधार है।

मैंने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। लेकिन अब मैं देख रहा हूं कि तस्करी की सभी गतिविधियों को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा संरक्षण मिल रहा है। सीएमओ में बैठे लोग कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति को अपने कम योग्यता प्राप्त और अयोग्य रिश्तेदारों की नियुक्ति के लिए निर्देश देते हैं।

मैंने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। खान ने कहा, लेकिन यदि राज्य सरकार, सीएमओ और मुख्यमंत्री के करीबी लोग तस्करी गतिविधियों में शामिल हैं तो निश्चित रूप से मेरे हस्तक्षेप करने का आधार बनता है। राज्यपाल ने साथ ही मुख्यमंत्री विजयन को सार्वजनिक तौर पर चुनौती देते हुए पूछा कि क्या आरोप साबित न कर पाने पर वह पद से इस्तीफा देंगे? राज्यपाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, वे (वामपंथी सरकार व मुख्यमंत्री) कह रहे हैं कि मैं ऐसा (कुलपतियों के खिलाफ कार्वाई) इसलिए कर रहा हूं ताकि वहां आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के लोगों को नियुक्त कर सकूं। अगर मैंने ऐसे किसी एक व्यक्ति को भी नामित किया हो या अपने पद का इस्तेमाल कर आरएसएस के ही नहीं बल्कि अन्य किसी को भी नामित किया हो तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। पर क्या वह (मुख्यमंत्री) आरोप साबित नहीं कर पाए तो इस्तीफा देंगे? जब आप मेरे खिलाफ इतने गंभीर आरोप लगाते हैं तो आपको इसे साबित भी करना होगा। पत्रकारों ने उनसे विजयन द्वारा बुधवार को लगाए गए आरोपों पर सवाल किया था। विजयन ने तिरुवनंतपुरम में शिक्षा संरक्षण समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में खान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के खिलाफ उनके कदम, विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करना और राज्य के वित्त मंत्री को हटाने की मांग करना यहां आरएसएस-संघ परिवार का एजेंडा लागू करने के प्रयास हैं।

# पायनियर के पत्रकार बिस्वजीत बनर्जी को लाडली मीडिया पुरस्कार

● लैंगिक संवेदना श्रेणी में लेख 'हार्वेस्ट ऑफ होप' को दिया गया पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**'द पायनियर'** के वरिष्ठ पत्रकार बिस्वजीत बनर्जी को प्रतिष्ठित 12वें लाडली मीडिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बिस्वजीत बनर्जी को लैंगिक संवेदनशीलता (क्षेत्रीय) श्रेणी में उनकी रिपोर्ट के लिए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) से सहायता प्राप्त इस पुरस्कार को प्रदान किया गया है। 'द पायनियर' के लखनऊ संस्करण में राजनीतिक संपादक के तौर पर कार्यरत बिस्वजीत बनर्जी को यह सम्मान अंग्रेजी कैटेगरी (श्रेणी) में उनके लेख 'हार्वेस्ट ऑफ होप' के लिए दिया गया है। बनर्जी का यह लेख फूला देवी और उनकी साथियों द्वारा कोरोना महामारी के बाद गांव में ठहरने के विकल्प को चुनने के संदर्भ में है। इसके बाद फूला और उनकी साथियों ने सब्जियों की खेती शुरू की और फिर यह उनकी कामयाबी की कहानी बन गई। 'पापुलेशन फर्स्ट' की निदेशक डॉ. एएल शारदा ने कहा कि लाडली मीडिया पुरस्कार 76 लोगों को दिया गया है, जिसमें अधिकांश मुख्य धारा के पत्रकारों के साथ ही ब्लॉगर्स, पॉडकास्टर्स और वेब आधारित पत्रकार भी हैं। हैदराबाद स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय (एमएएनयू) के परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री सुनीता कृष्णन, यूएनएफपीए के श्रीराम हरिदास, ब्रिटिश डिप्टी कमिश्नर गैरेथ व्यान ओवेन और एमएएनयूयू के कुलपति सैयद अनीउल हसन मौजूद थे। मुंबई की स्वयंसेवी संस्था 'पापुलेशन फर्स्ट' द्वारा लाडली बालिकाओं के लिए चलाया जा रहा अभियान है। यह संस्था स्वास्थ्य, जनसंख्या और महिलाओं के मुद्दे पर काम करती है।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में आतंक्वाद अंतिम सांस गिन रहा है : मनोज सिन्हा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यहां आतंकवाद अंतिम सांस गिन रहा है। उन्होंने सभी हितधारकों से केंद्र शासित प्रदेश में स्थाई शांति और सामान्य स्थिति लाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। केवल पुलिस और सुरक्षाबल ही स्थाई शांति नहीं ला सकते हैं। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों और प्रशासन के अन्य धड़े भी इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उप राज्यपाल का यह बयान केंद्र शासित प्रदेश में कश्मीरी पंड़ितों की चुन-चुनकर हत्या की घटनाओं को लेकर राजनीतिक दलों द्वारा की जा रही आलोचना के जवाब में आया है। सिन्हा ने गरखाल सीमावर्ती इलाके में बुधवार शाम को आयोजित कार्यक्रम में कहा था, मैं पूरे भरोसे से कह सकता हूं कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस गिन रहा है। उन्होंने कहा कि अब ऐसी व्यवस्था की जरूरत है जिसके प्रति आम लोगों को यह विश्वास हो कि उन्हे न्याय मिलेगा और प्रशासन उनकी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था केंद्र शासित प्रदेश में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में बड़ी पहल साबित होगी। सिन्हा ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति पारदर्शिता और कतई बर्दाश्त नहीं करने के सिद्धांत ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में क्रांति लाई है।

### फडणवीस पंढरपुर मंदिर में दोनों आधिकारिक पूजा करने वाले महाराष्ट्र के पहले नेता होंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पंढरपुर स्थित मशहूर विट्ठल मंदिर में दोनों आधिकारिक पूजा करने वाले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य के पहले राजनीतिक नेता होंगे। वे मंदिर में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्तिक एकादशी पूजा करेंगे। मंदिर में यह पारंपरिक पूजा राज्य सरकार की ओर से की जाती है। यह मंदिर एक बड़ा तीर्थ स्थल होने के साथ ही वारकरी संप्रदाय का केंद्र है। वर्ष 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान फडणवीस ने आषाढ़ी एकादशी पूजा अपनी अधिकारिक हैसियत से की थी। पंढरपुर मंदिर में दो बड़ी पूजा होता है-आषाढ़ी एकादशी और कार्तिक एकादशी। हिंदू पांचांग में आषाढ़ का महीना जून या जुलाई में पड़ता है, जबकि कार्तिक माह अक्टूबर या नवंबर में पड़ता है। एक अधिकारी ने कहा, वर्ष 1985 से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर में आषाढ़ी एकादशी पर पूजा करते रहे हैं। वर्ष 1995 से उप मुख्यमंत्री को कार्तिक एकादशी पूजा करने का सम्मान दिया गया। अभी तक ए दोनों पूजा करने का अवसर किसी एक ही व्यक्ति को नहीं मिल पाया है, क्योंकि अब तक कोई एक ही व्यक्ति महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के पद पर नहीं रहा। लेकिन फडणवीस पहले मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब एकनाथ शिंदे सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं।

### गुजरात चुनावः कही एक मतदाता के लिए बनेगा मतदान केंद्र तो कही पोत कंटेनर में होगा मतदान

**नई दिल्ली।** गुजरात में भरूच जिले में एक स्थान पर 200 से अधिक मतदाताओं के लिए पोत कंटेनर में मतदान केंद्र बनाया जाएगा ताकि उन्हें मतदान वाले दिन लंबी दूरी तय नहीं करना पड़े। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि यह पोत कंटेनर एक अस्थाई मतदान केंद्र होगा जिसे भरूच जिले के आलियाबेट इलाके में स्थापित किया जाएगा। इस स्थान पर ऐसा कोई सरकारी या गैर सरकारी स्थान नहीं है जहां मतदान केंद्र बनाया जा सके। कुमार ने कहा, हमारी टीमें दूरस्थ और वन क्षेत्रों में जाएंगी और नौका से भी यात्रा करेंगी ताकि कोई मतदाता इस चुनाव में नहीं छूटे। प्रदेश में शियालबेट एक द्वीप है जहां जाने के लिए आयोग की टीम को नौका का उपयोग करना होगा क्योंकि मुख्य क्षेत्र से यहां तक पहुंचने के लिए कोई वैकल्पिक संपर्क माध्यम नहीं है। कुल 4,757 वोट हैं। गिर वन क्षेत्र में भी एक मतदान केंद्र स्थापित होगा। अतीत में सिर्फ एक मतदाता भरतदास दर्शनदास के लिए भी मतदान केंद्र स्थापित किया जा चुका है। गुजरात की कुल 182 विस सीटों में से पहले चरण में 89 सीटों पर एक दिसंबर को चुनाव होगा तथा शेष 93 सीटों पर पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। आठ दिसंबर को मतगणना होगी।

# केंद्र ने महाराष्ट्र के लिए दो लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दीः मोदी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के लिए दो लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मोदी का यह बयान महाराष्ट्र से कुछ बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं के गुजरात तथा कुछ अन्य राज्यों में चले जाने के बाद विपक्ष की आलोचनाओं के मद्देनजर आया है। महाराष्ट्र में विपक्ष ने इस मुद्दे पर एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार को घेर रखा है। प्रधानमंत्री ने 75,000 लोगों की भर्ती के तहत नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए यहां आयोजित महाराष्ट्र सरकार के समारोह के दौरान एक वीडियो संदेश में कहा कि राज्य सरकार की पहल रोजगार सृजन के उद्देश्य को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा, केंद्र ने महाराष्ट्र के लिए दो लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे रोजगार के लिए नए अवसरों का सृजन होगा। यूरोपीय विमानन कंपनी एयरबस के एक संघ और टाटा समूह ने सैन्य विमान निर्माण के लिए 22,000 करोड़ रुपए की परियोजना के लिहाज से पिछले दिनों गुजरात के वडोदरा को चुना जिसके बाद राज्य सरकार विपक्ष की आलोचनाओं का सामना कर रही है। इसी तरह वेदांता-फॉक्सकॉन के 1.54 लाख करोड़ रुपए के सेमीकंडक्टर संयंत्र के महाराष्ट्र से चले जाने को लेकर भी शिंदे सरकार को अलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। यह संयंत्र पहले पुणे जिले में लगना प्रस्तावित था। सितंबर में इसे गुजरात ले जाने की घोषणा हुई।

# जयशंकर 7, 8 नवंबर को रूस का दौरा करेंगे, विदेश मंत्री लावरोव, डिप्टी पीएम मंटुरोव से वार्ता होगी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की अगले सप्ताह मास्को यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक सहयोग पर प्रमुखता से बातचीत होगी। जयशंकर का यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है जब रूस का यूक्रेन के साथ संघर्ष कई महीनों से जारी है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि जयशंकर सात और आठ नवंबर को रूस का दौरा करेंगे तथा रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ बातचीत करेंगे। रूस ने पिछले हफ्ते जयशंकर की यात्रा की घोषणा की थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, विदेश मंत्री जयशंकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। चर्चा में दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद है। जयशंकर-मंटुरोव की वार्ता में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग से जुड़े मुद्दों को उठाया जाएगा। बागची ने कहा, विदेश मंत्री जयशंकर व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) के अपने समकक्ष रूस के उप प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बागची ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच नियमित उच्च स्तरीय वार्ता के क्रम में होगी।

यह पूछे जाने पर कि रूस काला सागर गलियारे के माध्यम से यूक्रेन से अनाज के निर्यात की अनुमति देने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित समझौते में फिर से शामिल होने के लिए सहमत है, बागची ने सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा चुनौती को दूर करने के लिए कोई भी प्रयास स्वागत योग्य कदम है। हम उर्वरकों, खाद्य और ऊर्जा की उच्च कीमतों के प्रभाव के बारे में दुनिया भर के देशों के, विशेष रूप से विकासशील दुनिया के प्रभावित होने के बारे में बात कर रहे हैं और ऐसा कोई भी कदम जो उपलब्धता बढ़ाने और भोजन की लागत को कम करने की प्रक्रिया में मदद करता है, एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अनाज समझौते पर मेरी कोई विशेष टिप्पणी नहीं है क्योंकि हम इसमें सीधे तौर पर शामिल नहीं हैं। हमने रिपोर्ट देखी है कि यह फिर से शुरू हो गया है। जयशंकर ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था, जिसके बाद अप्रैल में लावरोव ने भारत का दौरा किया था। पश्चिम के कई देशों द्वारा पिछले कुछ महीनों में दबाव बनाए जाने के बावजूद भारत ने रूस से रियायती कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है।

### बंबई उच्च न्यायालय का नाम बदलने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बंबई उच्च न्यायालय का नाम बदलकर महाराष्ट्र उच्च न्यायालय करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने एक पूर्व न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा, ए कानून निर्माताओं द्वारा तय करने के मुद्दे हैं। इसे यहां लाने के लिए आपको किस मौलिक अधिकार का पूर्वाग्रह है? 26 वर्षों तक न्यायाधीश के रूप में कार्य करने वाले ठाणे के वीपी पाटिल द्वारा दायर याचिका में अधिकारियों को महाराष्ट्र के लोगों की विशिष्ट संस्कृति, विरासत और परंपराओं के संरक्षण के लिए महाराष्ट्र अनुकूलन कानून (राज्य और समवर्ती विषय) आदेश, 1960 के एक खंड के कार्यान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। पाटिल ने कहा कि अन्य राज्यों के संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे अपने उच्च न्यायालयों के नाम उन राज्यों के नाम के अनुसार बदलें जहां वे स्थित हैं।

# पड़ोसी के खिलाफ सलमान की मानहानि याचिका पर नए सिरे से होगी सुनवाई

**भाषा।** मुंबई

**बॉम्बे उच्च न्यायालय** के एक न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभिनेता सलमान खान द्वारा उनके पड़ोसी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में दायर अपील पर फैसला सुनाना समयाभाव के कारण संभव नहीं होगा। अब सलमान की याचिका पर एक अन्य न्यायाधीश नए सिरे से सुनवाई करेंगे। मामले में दलीलें सुनने वाले और अपना आदेश सुरक्षित रखने वाले न्यायमूर्ति सी वी भदंग शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

अभिनेता की अपील को अब दिवाली की छुट्टियों के बाद एक अन्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा और नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति भदंग ने एक निचली अदालत के मार्च 2022 के आदेश के खिलाफ सलमान की अपील पर सुनवाई अगस्त में शुरू की थी। निचली अदालत ने पनवेल में सलमान के फॉर्महाउस के पास एक जमीन के मालिक केतन कक्कड़ को अभिनेता के खिलाफ अपमानजनक वीडियो पोस्ट डालने से रोकने से इनकार कर दिया था। उसने कक्कड़ को अपने पहले के यूट्यूब वीडियो हटाने का निर्देश देने से भी मना कर दिया था।

न्यायमूर्ति भदंग ने दलीलें पूरी होने के बाद 11 अक्टूबर को आदेश को सुरक्षित रखा था। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा, दुर्भाग्य से मैं फैसला पूरा नहीं कर पा रहा। मैंने कल शाम तक हरसंभव प्रयास किया। लेकिन दुर्भाग्य से छुट्टियां थीं, प्रशासनिक काम था और मेरे पास दूसरे काम थे। उन्होंने कहा, "मैं संबंधित पक्षों की आशंका को समझता हूं और इसमें पर्याप्त समय और प्रयास लगा है।

मैं इस मामले को किसी भी तरह से निपटना पसंद करता। दुर्भाग्य से यह मेरे करियर के अंतिम समय में आया। बॉलीवुड स्टार ने, मुंबई के पास पनवेल में अपने फार्महाउस पर उनकी गतिविधियों के बारे में सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो को लेकर निचली अदालत में कक्कड़ के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

जब दीवानी अदालत ने कक्कड़ के खिलाफ कोई अंतरिम निरोधक आदेश पारित करने से इनकार कर दिया, तो खान ने उच्च न्यायालय का रुख किया। उनकी याचिका में कहा गया है कि कक्कड़ द्वारा अपलोड किए गए पोस्ट न केवल मानहानिकारक हैं, बल्कि सांप्रदायिक और भड़काऊ प्रकृति के हैं। कक्कड़ की वकील आभा सिंह और आदित्य सिंह ने दावा किया कि अभिनेता ने मानहानि का मुकदमा अपने मुवक्किल पर अपनी जमीन छोड़ने का दबाव बनाने के लिए दायर किया था।

# कतर में हिरासत में आठ भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, दूतावास जल्द रिहाई के लिए प्रयास कर रहा

**नई दिल्ली।** कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को हिरासत में लिए जाने की खबरों के बीच विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वहां का भारतीय दूतावास हिरासत में लिए गए नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। नौसेना के पूर्व अधिकारियों की हिरासत के बारे में खबरों को लेकर पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आठ भारतीय नागरिकों की हिरासत से अवगत हैं, जिनके बारे में हमें जानकारी मिली है कि कतर में एक निजी कंपनी के लिए काम कर रहे थे।

कतर में भारतीय दूतावास वहां के अधिकारियों के संपर्क में है और दूतावास के अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिकों तक राजनयिक पहुंच हासिल की है। उन्होंने कहा, हिरासत में लिए गए लोगों ने कुछ मौकों पर अपने परिवार के सदस्यों से भी बात की है। हमने एक और दौर की राजनयिक पहुंच का अनुरोध किया है और हम इस पर कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बागची ने कहा, हमारा दूतावास और मंत्रालय उन लोगों के परिवारों के संपर्क में है। वहां हमारा दूतावास हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिकों की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। एक अलग सवाल में, ट्विटर के मालिक-अरबपति एलन मस्क के ट्विटर खाते को प्रमाणित करने वाले उपयोगकर्ता के नाम के सामने सत्यापन वाले ब्लू टिक के लिए प्रति माह आठ डॉलर का शुल्क लिए जाने के बयान पर, बागची ने कहा, किस तरह की रुपरेखा तैयार होगी, सदस्यता सेवा किस तरह होगी और जब यह होगी, उसके मुताबिक हम इस पर फैसला करेंगे।

# केसीआर ने विधायक खरीद मामले के दस्तावेजों को भेजा सुप्रीम कोर्ट

● जब कभी लोकतंत्र पर खतरा मंडराया, कोर्ट ने देश की रक्षा की हैः केसीआर

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्मयमंत्री के चंद्रशेखर राव ने वृहस्पतिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा तेलंगाना सरकार के तीन विधायकों के खरीद फरोख्त मामले से जुड़े संपूर्ण दस्तावेजों को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और सभी न्यायाधीश के साथ सभी राज्यों के उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को भेजा गया है ताकि वे लोकतंत्र की रक्षा कर सकेंगे। उन्होने मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया कि विधायक खरीद में शामिल लोगों को दंडित करें। टीआरएस विधायकों के खरीद संबंधी वीडियो जारी करते हुए केसीआर ने कहा कि खरीद में शामिल अभियुक्तों ने दावा किया कि वे चार राज्यों दृ तेलंगानाए दिल्लीए आंध्रप्रदेश व राजस्थान की सरकारों को गिराने का प्रयास कर रहे हैं। अबतक आठ राज्य सरकारें वे गिरा चुके हैं। यह देश और लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। केसीआर ने देश के न्यापालिका से गुहार लगाया कि हमेशा लोकतंत्र बचाने का काम न्यायपालिका ने किया हैए इसलिए पूरी आशा करता हूं कि विधायक खरीद के मामले की कानून के दायरे में निष्पक्ष जांच हो और षडयंत्र करने वाली ताकतों को संविधान के अनुसार रोका जा सके। इस देश में लोकतंत्र बरकरार रहे इसी में सबकी भलाई है। केसीआर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि मैं आपका राजनीतिक सहयोगी हूंए आठ वर्ष से आपसे मिलकर काम कर रहा हूंए इस कांड को रोकियेए यह आपको श्रेय नहीं देगा। यह देशहित में ठीक नहीं है। राज्य की सरकारों को काम करने नहीं दिया जा रहा है।

### पूर्व मंत्री अय्याना पतरूडु और उनका बेटा गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम।** आंध्रप्रदेश की सीआईडी पुलिस ने बृहस्पतिवार को पूर्व मंत्री और तेलुगू देशम पार्टी के वरिष्ठ नेता सी अय्याना पतरुडु एवं उनके बेटे राजेश को सिंचाई भूमि के संबंध में अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल करने को लेकर गिरफ्तार किया। सीआईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जो धाराएं लगाई गई हैं, उनमें कुछ ऐसी हैं जिनके तहत 10 साल तक की कैद का प्रावधान है। उनके अनुसार अय्याना पतरुडु और उनके बेटे को तड़के अनाकपल्ली जिले के नासिपटनम में उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उनके मुताबिक गिरफ्तारी के समय तनाव उत्पन्न हो गया क्योंकि पतरुडु के परिजनों ने पुलिस के साथ नोकझोंक की। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मी दोनों को गिरफ्तार करने के लिए जबरन घर में घुस गए। तेदेपा सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना की निंदा की है।

# नेतन्याहू की सत्ता में वापसी तय

## इजराइल चुनाव : 91 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती पूरी

भाषा। यरुशलम



**इजराइल के** आम चुनाव में करीब 91 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत दक्षिणपंथी गुट ने बृहस्पतिवार को 120 सदस्ईय संसद में 65 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत हासिल कर लिया। इसके साथ ही नेतन्याहू की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। केंद्रीय निर्वाचन समिति के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीट, प्रधानमंत्री याइर लापिड की एश अतीद को 24, रिलीजियस जियोनिज़्म को 14, नेशनल यूनिटी को 12, शास को 11 और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म को आठ सीटें प्राप्त होंगी। संसद का प्रतिनिधित्व करने के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए आवश्यक 3.25 प्रतिशत की सीमा को पार करने वाले छोटे दलों में, राम के पांच सीटें जीतने की संभावना है वहीं हदाश-ताल और यिसराइल बेयटेनु के पांच और लेबर पार्टी के चार सीटे जीतने का अनुमान जताया जा रहा है। संसदीय प्रतिनिधित्व के लिए अर्हता के करीब पहुंच गई मेरेट्ज़ पार्टी और नीचे खिसक गई है, वहीं अरब पार्टी बलाद भी अर्हता के निशान से नीचे जाती दिख रही है। मेरेट्ज़ के आगे बढ़ने से नेतन्याहू नीत दक्षिणपंथी गुट 61-62 सीटों तक सिमट सकता थी।

नेतन्याहू गठबंधन में 65 एमके (इजराइली संसद के सदस्य) शामिल होंगे, जबकि लैपिड ब्लॉक में 50 और हदाश-ताल में पांच सदस्य होंगे। टाइम्स ऑफ इज़राइल अखबार के अनुसार, नेतन्याहू नीत गठबंधन में महिलाओं की संख्या में भारी गिरावट आएगी। इन परिणामों के आधार पर, नेतन्याहू के नेतृत्व वाले संभावित गठबंधन में नौ महिला सदस्य होंगी, जिसमें छह उनकी लिकुड पार्टी में और तीन अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स गुट से होंगी।, हालांकि यह आंकड़ा मंत्री स्तरीय नियुक्तियों के माध्यम से बढ़ सकता है। इजराइल में 2019 में 73 वर्षीय नेतन्याहू पर रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी एवं विश्वासघात के आरोप लगने के बाद से राजनीतिक गतिरोध चला आ रहा है। नेतन्याहू इजराइल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार 12 वर्षों तक और कुल मिलाकर 15 साल तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल सत्ता से हटना पड़ा था।

### इजराइल में हिंसा में दो लोग मारे गए

**तेल अवीव।** इजराइल के सुरक्षा बलों ने पश्चिमी तट में बृहस्पतिवार को एक फलस्तीनी की हत्या कर दी जबकि पूर्वी यरुशलम में एक पुलिस अधिकारी को चाकू मारने के बाद एक अन्य फलस्तीनी को गोली मार दी गई जिससे उसकी मौत हो गई। इजराइल में इसी सप्ताह राष्ट्रीय चुनाव कराए गए और मतों की गिनती के अंतिम चरण में होने के बीच यह हिंसा हुई है। इस चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को उनके दक्षिणपंथी सहयोगियों की मदद से बहुमत मिलने की संभावना है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कब्जे वाले पश्चिमी तट में इजराइल के हमले में एक फलस्तीनी व्यक्ति की मौत हो गई। इजराइली पुलिस ने दावा किया कि यह घटना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान उस वक्त हुई जब उस व्यक्ति ने सुरक्षा बलों पर बम फेंका। मंत्रालय ने मरने वाले व्यक्ति की पहचान दाउद मोहम्मद खलील रेयान (42) के रूप में की है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुई एक अन्य घटना में एक फलस्तीनी ने यरुशलम के ओल्ड सिटी में एक पुलिस अधिकारी को चाकू मार दी। इसके बाद अधिकारी ने हमलावर पर गोली चलाई जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गया।

## अमेरिका ने ईरान को संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष महिला अधिकार निकाय से बाहर करने की मांग की

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका** ने बुधवार को घोषणा की कि वह महिलाओं व लड़कियों के अधिकारों के उल्लंघन और सितंबर में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए की गई कार्वाई को लेकर ईरान को संयुक्त राष्ट्र के लैंगिक समानता से जुड़े वैश्विक निकाय से बाहर करने का प्रयास करेगा। ईरान में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय युवती की मौत के विरोध में लोग सितंबर से सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ईरान को कमिशन ऑन द स्टेटस ऑफ वीमेन से हटाने के लिए अन्य देशों के साथ काम करने के अमेरिका के इरादे को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों का हनन करने वाले किसी भी देश की किसी भी अंतरराष्ट्रीय या संयुक्त राष्ट्र के निकाय में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।



टोक्यो 2020 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों और बीजिंग के 200 से अधिक पदक विजेताओं के स्वागत के दौरान ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने लंदन के बकिंघम पैलेस में पदक विजेताओ, ईव मुइरहेड, जेनिफर डोड्स और हैली डफसे मुलाकात की

## ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने भारतीय संदिग्ध पर 10 लाख डॉलर का इनाम रखा

**मेलबर्न।** क्वीन्सलैंड पुलिस ने चार साल पहले समुद्र तट पर एक ऑस्ट्रेलियाई महिला की कथित हत्या कर भारत भाग जाने वाले भारतीय चिकित्सा सहायक को पकड़ने में मदद के लिए दस लाख डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। कॉर्डिंगली (24) अक्टूबर 2018 में केयर्न्स से 40 किलोमीटर दूर वांगेटी बीच पर अपने कुत्ते को घुमा रही थी तभी उनकी हत्या कर दी गई। खबर के अनुसार इनिसफेल में कार्यरत नर्स राजविंदर सिंह (38) मामले में प्रमुख संदिग्ध है।

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
**VEHICLES FOR SALE**
1) TATAMOTORS_T1518FBGD
REG. NO. HR38Z2646-YOM 2018
MINIMUM RESERVE PRICE 793321
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 18.11.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :JAGDISH SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 919582795967
EMAIL-jagdish.singh@kotak.com

**RAMPUR FERTILIZERS LTD.**
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
NOTICE OF BOARD MEETING
In pursuance of Regulaltion 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Friday, the 11th November, 2022, at 4:00 P.M. at its Regd. Office: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 (U.P.), inter alia, to consider, approve and adopt unaudited Financial Results for the quarter ended on September 30, 2022 pursuant to Regulation 33 of LODR.The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE and MSE to upload on their websites i.e. www.cse-india.com, www.msei.in respectively.
By order of Board
Sd/-
Place: Rampur — Anshuman Khaitan
Date: 03.11.2022 — (Managing Director)



दक्षिण कोरिया में शनिवार रात के हैलोवीन उत्सव के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए लोग फूल चढ़ाते हुए

## उत्तर कोरिया ने तीन और मिसाइलें दागीं, जापान सरकार ने लोगों को बंकर में जाने के निर्देश दिए

**सियोल (एपी)।** उत्तर कोरिया ने बृहस्पतिवार को भी हथियारों का परीक्षण जारी रखा। उसने एक अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) सहित कम से कम तीन मिसाइलें दागीं। परीक्षण के चलते जापान सरकार को अपने नागरिकों को आसपास के इलाके खाली करने के अलर्ट जारी करने के साथ ही ट्रेनों को अस्थाई रूप से रोकना पड़ा। यह परीक्षण प्योंगयांग द्वारा 20 से अधिक मिसाइलें दागे जाने के एक दिन बाद किया गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, उत्तर कोरिया ने अपनी राजधानी प्योंगयांग के पास एक क्षेत्र से सुबह सात बजकर 40 मिनट पर एक अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसके लगभग एक घंटे बाद काचेओन शहर से दो छोटी दूरी की मिसाइलें प्रक्षेपित की गईं।

# जैविक हथियारों के इस्तेमाल की जांच संबंधी रूस के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में भारत नहीं हुआ शामिल

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**यूक्रेन** और अमेरिका द्वारा जैविक हथियारों का इस्तेमाल करने के रूस के दावों की पड़ताल के लिए जांच आयोग के गठन की मांग संबंधी मसौदा प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए मतदान में भारत ने हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव बुधवार को पारित नहीं हो पाया क्योंकि परिषद के केवल दो सदस्यों रूस और चीन ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं भारत सहित परिषद के अन्य सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के काउंसलर ए. अमरनाथ ने बताया कि भारत जैविक हथियार सम्मेलन (बीडब्ल्यूसी) को अत्यधिक महत्व देता है, जो जनसंहार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली भेदभाव रहित निरस्त्रीकरण संधि है। हम बीडब्ल्यूसी की प्रभावशीलता को बढ़ाने और उसे पूरी तरह से लागू करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। अमरनाथ ने कहा कि भारत एक प्रभावी, सार्वभौमिक व भेदभाव रहित सत्यापन तंत्र मुहैया कराने के लिए एक समग्र एवं कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रोटोकॉल को लेकर वार्ता करने की आवश्यकता को दोहराता है ताकि बीडब्ल्यूसी का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा, यह बीडब्ल्यूसी को मजबूत करने और अन्य देशों द्वारा इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है और हमें उम्मीद है कि वर्तमान स्थिति देशों द्वारा इस तरह के प्रोटोकॉल पर शीघ्र विचार, वार्ता करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि इन सभी तथ्यों पर गौर करते हुए भारत ने प्रस्ताव पर हुए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने रूस द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक बयान में कहा, इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया क्योंकि यह दुष्प्रचार, बेईमानी, दुर्भावना पर आधारित है और इस निकाय के प्रति पूर्ण सम्मान व्यक्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि रूस अपने दावों के समर्थन में कोई विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया, जैसा कि आप आज के मतदान में देख सकते हैं कि चीन के अलावा किसी को उसके दावों पर भरोसा नहीं है। मैं रूस के झूठ पर बात करके अपना और समय व ऊर्जा बर्बाद नहीं करूंगी। न ही सुरक्षा परिषद को करना चाहिए।

### रूसी सैनिकों की मेयरों का अपहरण कर यूक्रेन के शहरों पर नियंत्रण पाने की कोशिश

**कीव।** यूक्रेन में रूसी टैंकों के घुसने के कुछ ही समय बाद रूस के सैनिकों ने मेलितोपोल के मेयर इवान फेदोरोव के दफ्तर के दरवाजे को तोड़ दिया था। सैनिकों ने मेयर के सिर पर एक बोरा रखा, उन्हें एक कार में बैठाया और कुछ घंटे के लिए शहर में घुमाते रहे थे। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थे। फेदोरोव (34) उन 50 से अधिक स्थानीय नेताओं में शामिल हैं जिन्हें 24 फरवरी को जंग शुरू होने के बाद से अब तक बंधक बनाया गया है। रूस के कब्जे वाले इलाकों में वहां के लोगों पर नियंत्रण हासिल करने के मकसद से यह किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य कई लोगों की तरह उन पर हमलावरों के साथ मिल जाने के लिए दबाव डाला गया।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट

## सेंसेक्स 69.68 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई



**वैश्विक** बाजारों के नकारात्मक रुख के साथ स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 69.68 अंक टूटकर बंद हुआ। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट का प्रभाव घरेलू बाजार पर भी पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 69.68 अंक या 0.11 प्रतिशत घटकर 60,836.41 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 420.95 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.15 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,052.70 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 2.66 प्रतिशत की गिरावट हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, इन्फोसिस, विप्रो, एचडीएफसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तरफ भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, भारती एयरटेल और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में लाभ दर्ज हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर, फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि करने का निर्णय वैश्विक बाजारों के लिए भारी पड़ा, क्योंकि निवेशक कम वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों को 0.75 प्रतिशत बढ़ाकर 3.75 से चार प्रतिशत कर दिया है, जो इसका 2008 से सबसे ऊंचा स्तर है। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को बैठक की। इस रिपोर्ट में बताया जाएगा कि इस वर्ष जनवरी से लगातार तीन तिमाहियों में वह खुदरा मुद्रास्फीति को छह फीसदी की संतोषजनक सीमा से नीचे रखने में क्यों विफल रहा है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.11 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में बंद हुए। यूरोप में बाजार गिरावट में कारोबार कर रहे थे तथा अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट भी बुधवार को गिरकर बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 प्रतिशत बढ़कर 95.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### जल्द रुपया प्राप्तियों पर निर्यात प्रोत्साहन मानदंडों को अधिसूचित कर सकता है डीजीएफटी

**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) जल्द ही निर्यातकों को प्रोत्साहन देने के मानदंडों को अधिसूचित कर सकता है। विदेश व्यापार नीति के तहत दिए जाने वाले इन प्रोत्साहनों में भारतीय रुपए में प्राप्तियां लेने की अनुमति भी शामिल है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले डीजीएफटी ने पहले ही भारतीय रुपए में निर्यात और आयात के चालान, भुगतान और निपटान की अनुमति दी। इसका मकसद घरेलू मुद्रा में व्यापार को सुविधाजनक बनाना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जुलाई में बैंकों को घरेलू मुद्रा में वैश्विक व्यापारिक समुदाय की बढ़ती रुचि को देखते हुए भारतीय रुपए में निर्यात और आयात लेनदेन के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने के लिए कहा था।

## व्हॉट्सएप के वॉयस, वीडियो कॉल से एक साथ जुड़ सकेंगे 32 उपयोगकर्ता

नई दिल्ली, तीन नवंबर (भाषा) त्वरित संदेश सेवा मंच व्हॉट्सएप के उपयोगकर्ता अब वॉयस या वीडियो कॉल पर एक बार में 32 उपयोगकर्ताओं को एक साथ जोड़ सकेंगे, 25 जीबी तक की फाइल भेज सकेंगे और एक समूह में 1,024 सदस्यों को जोड़ सकेंगे। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि व्हॉट्सएप उपयोगकर्ता अपने समुदाय के 5,000 सदस्यों और उपयोगकर्ताओं को ब्रॉडकास्ट संदेश भी भेज सकेंगे। मेटा के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक पर यह जानकारी दी। इसमें उन्होंने कहा, आज हम व्हॉट्सएप पर समुदाय (कम्युनिटीज) शुरू कर रहे हैं। इससे ग्रुप बेहतर हो जाएंगे क्योंकि सब-ग्रुप, कई थ्रेड, अनाउंसमेंट चैनल बनाए जा सकेंगे तथा और भी बहुत कुछ होगा। हम चैट के भीतर पोल की और 32 लोगों को एक साथ वीडियो कॉल करने की सुविधा भी शुरू कर रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**
**श्री कमल गुप्ता** की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो दुर्गा आश्रम रोड पर लाल डोरा की विस्तारित आबादी में स्थित 1 बीघा, खसरा संख्या 619/6 में से 250 वर्ग गज के प्लॉट नंबर 10 क्षेत्र के मालिक हैं। ग्राम छतरपुर, तहसील साकेत (एम.बी. रोड), नई दिल्ली की राजस्व संपत्ति में, बिक्री विलेख दिनांक 05.07.2011 (उप-रजिस्ट्रार-वीएके कार्यालय के साथ पंजीकृत दस्तावेज संख्या 12067 के माध्यम से) और **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के लिए इसे गिरवी रखने का इरादा रखता है। जो कि, 1) श्री विजय कुमार, ओम प्रकाश (4/9), किशन देवी (1/9) और श्री बलराम (4/9) के पक्ष में जमाबंदी की सीटीसी/फोटोकॉपी (1990-1991), 2) मूल जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, बेचने के लिए समझौता और श्री संदीप गुप्ता के पक्ष में और 3) मूल जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, बेचने के लिए समझौता और श्री मुकेश राठी के पक्ष में वसीयत उपलब्ध नहीं है/गुम हो गए हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वह 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में नीचे के पते पर सूचित करें।
**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011- 40046316

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Lovely Rastogi and Mrs. Ekta Rastogi have acquired the Entire Third Floor, "Said Floor" Property Bearing No. F-9/35, area measuring 197.21 Sq. Yds., Block no. F-9, Plot No. 35, Situated in the layout Plan of Krishna Nagar, in the area of village Ghondli, Illaqa Shahdara, Delhi vide Sale Deed dated 09.07.2021, Doc no. 5462 and Now, Mr. Lovely Rastogi and Mrs. Ekta Rastogi are mortgaging the above said property with IndusInd Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**
**श्री कमल गुप्ता** की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो 1 बीघा में से 240 वर्ग गज + 10 वर्ग गज कुल 250 वर्ग गज के भूखंड क्षेत्र के मालिक हैं, खसरा नं. 619/6, ग्राम छत्रपुर, तहसील साकेत (एम.बी. रोड), नई दिल्ली की राजस्व संपदा में दुर्गा आश्रम रोड पर लाल डोरा की विस्तारित आबादी में स्थित, दो अलग-अलग बिक्री विलेख दिनांक 02.06.2016 (उप-रजिस्ट्रार-वीए के कार्यालय के साथ पंजीकृत दस्तावेज संख्या 3118 के माध्यम से) और बिक्री विलेख दिनांक 14.07.2016 (उप-कार्यालय के साथ पंजीकृत दस्तावेज संख्या 3968 के माध्यम से) सब-रजिस्ट्रार-वीए) और **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के लिए इसे गिरवी रखने का इरादा रखता है। वह, 1) श्री बाला राम के पक्ष में बेचने और विल (3 नंबर) का समझौता, 2) स्वर्गीय श्री बाला राम का मृत्यु प्रमाण पत्र और जीवित सदस्य प्रमाण पत्र (एसएमसी) और 3) पटवारी के पत्र की मूल फोटोकॉपी उपलब्ध नहीं है/गुम हो गए हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वह 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में नीचे के पते पर सूचित करें।
**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011- 40046316

**Public Notice**
This is to inform general public that Mr. Bhairav Dutt (GPA Holder) has acquired the Property bearing no. RZ-33, area measuring 59 sq. yds. out of Khasra no. 266, situated in village Nasirpur, in Block 'M', abadi known as west Sagarpur, New Delhi- 110046 on POA basis vide Registered GPA, ATS & will dated 06.09.2002, executed by Mr. Ghanna Chand, and Now, Mr. Bhairav Dutt is intending to sell the above said property to Mr. Satyendra Kumar vide Sale Deed. Further Mr. Aman Verma is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

## यूको बैंक का दूसरी तिमाही में मुनाफा 145 प्रतिशत बढ़कर 504.52 करोड़ पर

**कोलकाता।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 145 प्रतिशत बढ़कर 504.52 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वर्ष समान तिमाही में 205.4 करोड़ रुपए था। कोलकाता स्थित इस बैंक ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन लाभ पिछले वर्ष की सितंबर तिमाही के 1,334.2 करोड़ रुपए से घटकर 1,190 करोड़ रुपए रह गया है। वहीं बैंक का घरेलू राजस्व 4,794.76 करोड़ रुपए जबकि अंतरराष्ट्रीय राजस्व 170.08 करोड़ रुपए है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.02 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की सितंबर तिमाही के 14.31 प्रतिशत से मामूली रूप से कम है। यूको बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) पहले के 8.98 प्रतिशत से घटकर 6.58 प्रतिशत रह गईं। वहीं शुद्ध एनपीए भी 3.37 प्रतिशत से घटकर 1.99 प्रतिशत पर आ गया।

## मुद्रास्फीति के लक्ष्य से चूकने पर मसौदा रिपोर्ट पर आरबीआई की एमपीसी ने की चर्चा

भाषा। मुंबई



**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने केंद्र सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट पर चर्चा करने और इसे तैयार करने के लिए बृहस्पतिवार को बैठक की। इस रिपोर्ट में बताया जाएगा कि इस वर्ष जनवरी से लगातार तीन तिमाहियों में वह खुदरा मुद्रास्फीति को छह फीसदी की संतोषजनक सीमा से नीचे रखने में क्यों विफल रही है। आरबीआई ने एक बयान में कहा, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन नवंबर 2022 को अलग से बैठक हुई जिसमें उस रिपोर्ट पर चर्चा हुई जो केंद्रीय बैंक आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45जेडएन, आरबीआई एमपीसी के नियम 7 और मौद्रिक नीति प्रक्रिया नियमन, 2016 के प्रावधानों के तहत सरकार को भेजेगा। आरबीआई अधिनियम की इस धारा में प्रावधान है कि मुद्रास्फीति को सरकार की तरफ से तय सीमा के भीतर रख पाने में नाकाम रहने पर केंद्रीय बैंक को इसके बारे में सरकार को रिपोर्ट देनी होती है। छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक की अध्यक्षता रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने की। इसमें एमपीसी के सभी सदस्य- माइकल देवव्रत पात्रा, राजीव रंजन, शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा भी शामिल हुए। छह साल पहले मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का गठन होने के बाद पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लगातार नौ महीनों तक मुद्रास्फीति को निर्धारित दायरे में नहीं रख पाने पर एक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगा। वर्ष 2016 में मौद्रिक नीति निर्धारण के एक व्यवस्थित ढांचे के रूप में एमपीसी का गठन किया गया था। उसके बाद से एमपीसी ही नीतिगत ब्याज दरों के बारे में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई बनी हुई है।

## पेंशन बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज करने पर वित्त मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगेगी संसदीय समिति

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अंशधारकों की पेंशन मौजूदा 1,000 रुपए प्रति माह से बढ़ाने के श्रम मंत्रालय के प्रस्ताव को ठुकराने के लिए एक संसदीय समिति वित्त मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगेगी। हालांकि, श्रम मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित वृद्धि की राशि का पता नहीं चल सका है। श्रम मंत्रालय और ईपीएफओ के शीर्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बीजद सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में श्रम संबंधी संसदीय स्थाई समिति को ईपीएफ पेंशन योजना के संचालन और इसके कोष के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने समिति को बताया कि वित्त मंत्रालय मासिक पेंशन में किसी भी वृद्धि के लिए श्रम मंत्रालय के प्रस्ताव पर सहमत नहीं था। समिति ने अब इस कदम के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने के लिए वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को बुलाने का फैसला किया है।

**यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011-26258237, 49075251
ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com
तिथि : 03 नवम्बर, 2022
**कम्पनी सूचना**
भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड** के निदेशक मंडल की चतुर्थ/2022-23 बैठक सोमवार, 14 नवम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.30 बजे आयोजित की जाएगी, जिस जूम बैठक में अन्य के साथ 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और उनको अभिलेखबद्ध किया जाएगा।
कृपया नोट करें कि हम हमारे पत्र दिनांकित 30 सितम्बर, 2022 के माध्यम से, संशोधित सेबी विनियमावली और अंतरंगी व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता के अनुपालन में, ट्रेडिंग विन्डो शनिवार, 01 अक्टूबर, 2022 से स्टॉक एक्सचेंज को वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात 48 घंटे तक बंद रहने की सूचना दे चुके हैं।
वास्ते **यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./-
शशि शेखर
कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 03-11-2022
सदस्यता सं. एसीएस 30145

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें, ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर- 17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./1564/2021 ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम
5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 9067
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
निपुल भारद्वाज
सेवा में,
(1) निपुल भारद्वाज डी/डब्ल्यू/एस/ओ. श्री सुरेश भारद्वाज, पुत्र श्री सुरेश भारद्वाज, निवासी फ्लैट नंबर डब्ल्यूटी-04-601, छठा तल, काइंडवैंट्स, सेक्टर-112, गुरुग्राम-122001, हरियाणा
(2) श्रीमती अचला भारद्वाज पत्नी श्री सुरेश भारद्वाज, पुत्र श्री सुरेश भारद्वाज, निवासी फ्लैट नंबर डब्ल्यूटी-04-601, छठा तल, काइंडवैंट्स, सेक्टर-112, गुरुग्राम-122001, हरियाणा अन्य पता : प्रतिवादी सं. 1 से 5 तक, निवासी एच. नंबर सी-2/7, जनकपुरी, नई दिल्ली, दिल्ली
(3) श्रीमती निधी निवासी एच. नंबर सी-2/7, जनकपुरी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के सामने, नई दिल्ली, दिल्ली
(4) मैसर्स अभिषेक ट्यूब्स लिमिटेड निवासी मकान नंबर सी-2/7, जनकपुरी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के सामने, नई दिल्ली-110058, इसके अधिकृत हस्ताक्षरी के माध्यम से (सह-आवेदक)
(5) मैसर्स प्योर पाम लिमिटेड निवासी ऋषि भवन, 6-7, कम्युनिटी सेंटर, फेज- I, मायापुरी, नई दिल्ली-110 064, इसके अधिकृत हस्ताक्षरी के माध्यम से (सह-आवेदक)
(6) मैसर्स दक्ष पावर ऐंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड निवासी ए-24, सेक्टर-51, नोएडा- 201301 (उत्तर प्रदेश), इसके अधिकृत हस्ताक्षरी के माध्यम से (बिल्डर)
सम्मन
जबकि, ओए/1564/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 11-05-2022 को पेश किया गया था। जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,33,35,681/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 11-11-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 13-05-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर- 17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./103/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम
5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 9459
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
अमित कात्याल
सेवा में,
(1) अमित कात्याल
डी/डब्ल्यू/एस/ओ. दीपक कात्याल, फ्लैट नंबर एफ 392, भू तल, लोरेंस रेजीडेंसी, शिशांत लोक- II, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा - -122002,
अन्य पता :
फ्लैट नंबर 404, गोदरेज वुड्समैन एस्टेट इबोनी विंग ए, बेल्लरी रोड, हेब्बल, बेंगलुरू, कर्नाटक
अन्य पता :
वीएस 9, बंगला नंबर जी भू तल, टावर वीएस 09, राइज स्काई बंगलोज जीएच 02, सेक्टर-41, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :
जूरी मैट्रिक्स सर्विसेज इंडिया प्रा. लि. सी 4, ईएलएम बिल्डिंग, सेलमेप हर्बल, रिंग रोड, बेंगलुरू, कर्नाटक
(2) रेणु कात्याल
डब्ल्यू/ओ. श्री अमित कात्याल, फ्लैट नंबर एफ 392, भू तल, लोरेंस रेजीडेंसी, शिशांत लोक- II, गुरूग्राम, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता :
फ्लैट नंबर 404, गोदरेज वुड्समैन एस्टेट इबोनी विंग ए, बेल्लरी रोड, हेब्बल, बेंगलुरू, कर्नाटक
अन्य पता :
वीएस 9, बंगला नंबर जी भू तल, टावर वीएस 09, राइज स्काई बंगलोज जीएच 02, सेक्टर-41, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद, हरियाणा
अन्य पता :
जूरी मैट्रिक्स सर्विसेज इंडिया प्रा. लि. सी 4, ईएलएम बिल्डिंग, सेलमेप हर्बल, रिंग रोड, बेंगलुरू, कर्नाटक
(3) मैसर्स राइज प्रोजेक्ट प्रा. लि.
पंजी. कार्यालय 195, राम विहार, दिल्ली, नई दिल्ली
अन्य पता :
एलीगैंस टावर, यूनिट नंबर 409, चतुर्थ तल, जासोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली दिल्ली
सम्मन
जबकि, ओए/103/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 20-05-2022 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 2,06,94,846.99/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरुद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 16-11-2022 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 24-05-2022 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

## मानव सेवा के लिए हो नाभिकीय ऊर्जा का प्रयोगः प्रो हरिशरण

**गोंडा।** नाभिकीय ऊर्जा का प्रयोग मानवता की सेवा के लिए किया जाना चाहिए और इस क्षेत्र में भारत तेजी से विकास कर रहा है। न्यूक्लियर एनर्जी का सदुपयोग जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कृषि विज्ञान, मेडिकल साइंस में करके हम मानवता की सच्ची सेवा कर सकते हैं। उक्त बातें होमी भाभा एटॉमिक सेंटर मुंबई के मोलीकुलर बायलॉजी डिवीजन के प्रो0 हरि शरण मिश्र ने कहा। उन्होंने बताया कि 21वीं सदी जीव विज्ञान के क्षेत्र में शोध करने के लिए युवाओं को बड़ा मंच मुहैया कराती है। इस विषय की दर्जनों नई शाखाएं प्रस्फुटित हो चुकी हैं। जिसमें उच्च शिक्षा प्राप्त करके हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं। साथ ही देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कालेज के प्राचार्य प्रो0 रविंद्र कुमार पांडेय एवं प्रो0 श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रेखा शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ0 शिशिर त्रिपाठी, डॉ0 संजय कुमार वर्मा, डॉ0 घनश्याम दूबे, डॉ0 विनय कुमार पांडेय, डॉ0 स्मिता सिंह, डॉ0 धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 कृष्ण मोहन त्रिपाठी का सहयोग सराहनीय रहा।

## वैदिक काल से है संस्कृत भाषा की प्रासंगिकताः वर्षा

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में आयोजित सात दिवसीय संस्कृत सम्भाषण वर्ग के दूसरे दिन संस्कृत भारती की सरल मानक विधि से बच्चों में सम्भाषण का अभ्यास कराया गया। द्वितीय दिवस का प्रारम्भ मंगलाचरण एवं समापन शान्ति मन्त्र के साथ किया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि हमें हिन्दी और संस्कृत को राष्ट्रीय भाषा बनाने हेतु प्रयास करना चाहिए। संस्कृत भाषा का चयन मजबूरी में नहीं अपितु स्वेच्छा से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता वैदिक काल से लेकर अब तक उतनी ही है। यह हमारा मानवीय धर्म है कि हम अपनी भाषा को विश्वपटल पर सम्मान दिलाने का प्रयत्न करें।

## दम घुटने से हुई डॉल्फिन की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से सटे गिरिजापुरी बैराज पर एक मादा डॉल्फिन मृत पाई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, डॉल्फिन की मौत दम घुटने से हुई है। वन विभाग के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि मंगलवार रात बैराज के गेट संख्या-एक पर एक डॉल्फिन के फंसे होने की सूचना मिली थी। वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार मिश्र अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्हें डॉल्फिन मृत मिली। सूत्रों के मुताबिक, डॉल्फिन के शव को कब्जे में लेकर उसे रेंज कार्यालय के फ्रीजर में सुरक्षित रख दिया गया था। उन्होंने बताया कि बुधवार को टर्टल सर्वाइवल एलायंस और दुधवा बाघ अभयारण्य से बुलाए गए दो पशु चिकित्सकों और एक स्थानीय पशु चिकित्सक के दल ने डॉल्फिन का पोस्टमार्टम किया।

## यूनिफॉर्म और गारमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स फ़ेयर 7 से

**लखनऊ।** 5वें यूनिफॉर्म ऐंड गारमेंट्स मैन्युफ़ै क्चरर्स फ़ेयर 2022 एक भव्य अंदाज़ में वापसी करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कोरोना के चलते दो साल तक इस आयोजन को स्थगित रखना पड़ा था। सड़क परिवहन एवं महामार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोलापुर गारमेंट्स मैन्युफ़ै क्चरर्स एसोसिएशन की ओर से इस आयोजन का ऐलान किया। इस बार यह आयोजन तेलंगाना के हैदराबाद के इज़्ज़त नगर स्थित हाइटेक्स कंवेन्शन सेंटर में 7 से 9 दिसम्बर के बीच होने जा रहा है। पांचवीं बार हो रहे इस आयोजन में 15 से ज़्यादा देश और 200 यूनिफ़ॉर्म उत्पादक हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शनी में 4,000 फ़ैब्रिक डिज़ाइन और 20,000 से ज़्यादा यूनिफ़ॉर्म डिज़ाइन्स को प्रदर्शित किया जाएगा। इसे भारत की ओर से आयोजित सबसे बड़े यूनिफ़ॉर्म और गारमेंट सोर्सिंग प्लेटफ़ॉर्म के तौर पर पेश किया जा रहा है जिसका ऐलान भारत सरकार के तहत आनेवाले डैक्स मंत्रालय और महाराष्ट्र के कपड़ा मंत्रालय द्वारा किया गया। इस भव्य प्रदर्शनी का आयोजन सोलापुर के महावीर टेक्सटाइल ग्रुप के सहयोग से किया जा रहा है।



रामनगरी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और एसएसपी

# वृंदावन के होटल में आग, दो कर्मियों की झुलसकर मौत

### एक अन्य गंभीर रूप से झुलसा, अग्निशमन दलों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

भाषा। मथुरा

**मथुरा** जिले में वृंदावन स्थित एक होटल परिसर में बने पैंट्री और स्टोर रूम में बृहस्पतिवार तड़के आग लगने से वहां सो रहे दो कर्मचारियों की जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया। अग्निशमन दलों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वृंदावन कोतवाली प्रभारी सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया कि वृंदावन गार्डन होटल के चार सफाई कर्मचारी रात में काम खत्म करने के बाद होटल से लगे सर्वेंट क्वार्टर में सो रहे थे। आग तड़के सर्वेंट क्वार्टर से सटे पैंट्री और स्टोर रूम में लगी, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। शर्मा के मुताबिक, आग लगने पर एक कर्मचारी वहां से भाग गया, जबकि तीन अन्य गहरी नींद में होने के कारण समय रहते उठ न सके। उन्होंने बताया कि इनमें से दो कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे कर्मचारी को गंभीर हालत में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शर्मा के अनुसार, इस अग्निकांड में मरने वाले कर्मचारियों की पहचान भूरी और महेश के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का नाम बिजेंद्र बताया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि अग्निशमन विभाग के तीन वाहनों की मदद से कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते आग को न बुझाया जाता और लपटें होटल की इमारत तक पहुंच जातीं तो जानमाल की बड़ी हानि हो सकती थी। शर्मा के मुताबिक, त्योहारी मौसम होने के कारण तीन मंजिला होटल के सभी 25 कमरों में लोग ठहरे हुए थे। उन्होंने कहा कि हालांकि, अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, मगर प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते पैंट्री रूम में आग भड़की और फिर आसपास फैलती चली गई। शर्मा ने कहा कि सही कारण घटना की जांच के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस ने हादसे में मारे गए कर्मचारियों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि होटल वृंदावन गार्डन के दो हिस्से हैं, जिनमें से एक में यात्री ठहरते हैं, जबकि दूसरे हिस्से में रेस्तरां, पैंट्री, स्टोर रूम, सर्वेंट क्वार्टर आदि हैं। उन्होंने बताया कि आग दूसरे हिस्से के स्टोर रूम में लगी, जिसमें होटल के पर्दे, चादर, तकिया के लिहाफ आदि सामान और फाइलें सहित बड़ी मात्रा में ज्वलनशील वस्तुएं रखी हुई थीं।

# मस्जिद में कुरान जलाने के आरोप में मुस्लिम युवक गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर

**थाना** कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई की मस्जिद में घुसकर धार्मिक ग्रंथ को नजरे आतिश करने वाले युवक को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिरासत में आया युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक व आईजी जोन रमित शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है वह बहकी बहकी बातें कर रहा है उसका कहना है कि मस्जिद में धार्मिक ग्रंथ को नजरे आतिश उसके ऊपर सवार रूह ने किया है। गौरतलब है शहर के चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई स्थित मस्जिद में बुधवार दोपहर को घुसे एक युवक ने धार्मिक ग्रंथ को नजरें आतिश कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही तमाम लोग मस्जिद के बाहर जमा हो गए और स्थिति तनावपूर्ण बन गई लोगों ने इस दौरान नारेबाजी भी की और हार्डिंग वगैरा को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। जो सीसीडी कैमरे में कैद हो गया।पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर युवक की पहचान की और थाना सदर बाजार के मोहल्ला बाबूजई निवासी ताज मोहम्मद के रूप में उसकी पहचान को उजागर किया। पुलिस ने गिरफ्तार युवक ताज मोहम्मद की मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे कई सवालात किए जिसके जवाब में उसने पुलिस अधीक्षक व आईजी जोन रमित को बताया, मस्जिद में धार्मिक ग्रंथ को नजरे आतिश करने का काम उसने नहीं बल्कि उसके ऊपर सवार रूह ने किया है। उसने बताया कि सपने में उसको आदेश मिला था जिसके बाद उसके ऊपर सवार रूह उसको वहां ले गई और उसने इस घटना को अंजाम दिया। मीडिया से बात करते हुए पुलिस अधीक्षक व आईजी जोन रमित ने बताया पुलिस की गिरफ्त में आया युवक ताज मोहम्मद मानसिक रूप से विक्षिप्त, युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है वह बहकी बहकी बातें कर रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में लगी है इस इस दौरान मुस्लिम समाज के कई ओलमा भी मौजूद रहे। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर इस घटना का पर्दाफाश करते हुए शहर की अमनो अमान को महफूज रखने के लिए तेजी दिखाई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवक ताज मोहम्मद को जेल भेज दिया।

# विवादित जमीन की कब्जेदारी पर बवाल, पांच लोग गिरफ्तार



**गोंडा।** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कैथौली में मंगलवार की रात्रि विवादित भूमि पर कब्जे दारी को लेकर विवाद व मौके पर पहुंची पुलिस पर हमले के बाद गांव को पुलिस छावनी के रूप में परिवर्तित करते हुए पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध एक दर्जन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट व पथराव की घटना को लेकर पुलिस ने दो मुकदमे दर्ज किए हैं और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मुकदमा कैथौली निवासी दुगपाल यादव पुत्र ननकऊ द्वारा दस लोगो के खिलाफदर्ज कराया गया है जिसमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं। दर्ज मामले के मुताबिक पीड़ित दुगपाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद भी विपक्षी जबरन कब्जा करने की नियत से मकान की छत डालने के लिए सेटरिंग लगा रहे थे। मना करने पर सामूहिक रूप से हमलावर होकर घर में घुसकर मारापीटा तोड़फोड़ की और जानमाल की धमकी दी। उधर भंभुवा चौकी इंचार्ज उमेश सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मामले में हमलावरों पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा गया है कि मामले में शामिल प्रदीप कुमार यादव जिस वाहन से आए थे, उस वाहन पर विधायक लिखा था और वाहन में समाजवादी पार्टी का झण्डा लगा था तथा उनके साथ छह-सात लोग और जमीन पर कब्जा करवा रहे थे। पुलिस की तरफसे भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें भंभुवा चौकी इंचार्ज उमेश सिंह द्वारा कहा गया है दीवानी स्टे के बाद भी विपक्षीगणों द्वारा जनरेटर चलाकर मकान की छत डालने के लिए सटरिंग लगवाई जा रही थी, जिसे हमारे साथ मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा मना करने पर लोग पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से सरिया व लाठी लेकर हमला कर दिया गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हम लोगों ने किसी तरह से अपनी जान बचाई। पुलिस की तरफ से भंभुवा चौकी प्रभारी उमेश सिंह व दुगपाल यादव निवासी कैथौली की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में समाजवादी पार्टी के नेता प्रदीप कुमार यादव निवासी ग्राम भदरौली कैसरगंज, मुन्ना लाल यादव, जय प्रकाश, सूरज यादव, राहुल गौतम, फूलमता, श्याम पति, रेशमा, आंचल, राज कुमारी निवासी ग्राम कैथौली के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 307, 323, 332, 336, 353, 436, 504, 506 एवं 7 ला क्रिमिनल एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार यादव, जय प्रकाश, राहुल यादव, सूरज यादव, व श्यामपति को गिरफ्तार कर लिया है।

# पूरी पारदर्शिता से हो क्रय केंद्रों पर धान खरीदः मंडलायुक्त



**गोंडा।** पूरी पारदर्शिता व इमानदारी के साथ धान खरीद किए जाने संबंधी बैठक आयुक्त देवीपाटन मंडल एम.पी. अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि मंडल में 28 फरवरी 2023 तक 246 क्रय केंद्रों पर कॉमन धान के लिए 2040 रुपय प्रति कुंतल एवं ग्रेड 'ए' के लिए 2060 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीद की जाएगी। सभी क्रय केंद्र प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक खुले रहेंगे। 02 नवंबर तक देवीपाटन मंडल में कुल 16.36 मी0 टन की धान की खरीद की जा चुकी है। बैठक में आयुक्त द्वारा क्रय केंद्रों पर धान खरीद हेतु समस्त तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर बेसिक सुविधाएं उपलब्ध हो। क्रय केंद्र पर बैनर, बोरो की उपलब्धता, कृषकों के लिए बैठने व पेयजल की व्यवस्था आदि सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने कहा कि मंडल के सभी जिलों में धान क्रय केंद्रों पर पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ धान क्रय किया जाए। धान क्रय केंद्र पर किसान भाई को धान विक्रय करने के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 हेतु देवीपाटन मंडल में 352200 मी0 टन धान क्रय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी क्रय केंद्रों पर दो इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक नमी मापक यंत्र, एक विनोइंग फैन, डबल जाली का झलना व एनालिसिस किट रखी जाएगी।

# ज्ञानवापी मामले में सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मामले में सुनवाई बृहस्पतिवार को चार नवंबर तक के लिए टाल दी। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने वाराणसी की अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें इस मामले की पोषणीयता को लेकर अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की आपत्ति खारिज कर दी गई थी। मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे शुरू हुई, लेकिन कुछ समय बाद अदालत ने सुनवाई शुक्रवार तक के लिए टाल दी। उल्लेखई345ीय है कि पांच हिंदू महिलाओं ने वाराणसी की अदालत में वाद दायर कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश, भगवान हनुमान और अन्य दृश्य एवं अदृश्य देवी देवताओं दर्शन, पूजा अर्चना और सभी अनुष्ठान करने की अनुमति मांगी है। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने वाराणसी की दीवानी अदालत के उस निर्णय को चुनौती दी है जिसमें वाद की पोषणीयता के मुद्दे पर उसका आवेदन खारिज कर दिया गया था। वाराणसी के जिला जज ने अपने आदेश में कहा था कि इन वादियों (महिलाओं) का वाद पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991, वक्फ एक्ट, 1995 और यूपी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम, 1983 से बाधित नहीं होता।

# छोटी बहन की गड़ासे से काटकर हत्या की

**गोंडा।** जिले में एक व्यक्ति ने प्रेम प्रसंग का संदेह होने पर अपनी सगी बहन की कथित तौर पर गड़ासे से काटकर हत्या कर दी। कर्नलगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मुन्ना उपाध्याय ने बृहस्पतिवार को बताया कि कटरा बाजार थाना क्षेत्र के नारायनपुर पूरे दामोदर गांव निवासी कलीम ने बुधवार देर रात अपनी 16 वर्षीय बहन की गड़ासे से गला काटकर हत्या कर दी। उपाध्याय के मुताबिक, कलीम को शक था कि उसकी बहन का गांव के किसी लड़के से प्रेम प्रसंग है। इसी के चलते उसने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। उपाध्याय के अनुसार, मृतका की मां की तहरीर पर कलीम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्याः** बागपत जिले के रमाला क्षेत्र में आपराधिक छवि के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे रमाला क्षेत्र के सूप गांव से पुलिस को हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र (40) की बुधवार रात को हत्या किए जाने की सूचना मिली थी। जादौन के मुताबिक, जितेंद्र के पिता इंद्रपाल ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि जितेंद्र अपने दोस्त अंकुर के साथ रहता था और रात में अंकुर ने जितेंद्र की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद अंकुर मौके से फरार हो गया। जादौन ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और अभी तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस आरोपी हमलावर की तलाश में जुटी है। रमाला थाने के इंस्पेक्टर मदनपाल यादव ने बताया कि जितेंद्र हिस्ट्रीशीटर था, जिसके खिलाफ हत्या और लूट समेत विभिन्न जघन्य अपराधों में कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# ब्रह्माकुमारी किशनी दादी की मनायी पुण्यतिथि

**लखनऊ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की विश्वकल्याण भवन विष्णुनगर खुर्शीद बाग स्थित शाखा द्वारा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किशनी दादी की सोलहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उनकी 70 वर्ष की सामाजिक सेवा को याद किया गया। इस अवसर पर विश्व कल्याणी भवन के सभागार में श्रद्धांजलि तथा संकल्प सभाषु का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय से साइंटिस्ट तथा इंजीनियरिंग विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भ्राता मोहन सिंघल मुख्य अतिथि रूप में पधारे थे। साथ ही गोमती नगर से उषा दीदी, अनिल भाई तथा अमेरिका से पीयूष सिंघल ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने किशनी दादी जी के साथ तथा ईश्वरी सेवाओं के संस्मरण सुनाएं। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ भ्राता बद्री विशाल तिवारी जी ने किया। कार्यक्रम के समापन समापन के पश्चात सभी को प्रसाद और ब्रह्मा भोजन का वितरण किया गया।




# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत, नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के पिसावां थाना क्षेत्र में टूटकर गिरे हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिसावां थाना क्षेत्र के देता कला गांव में 45 वर्षीय प्रवेश देवी नामक महिला बृहस्पतिवार को खेत से गुजर रही थी, तभी वह वहां टूटकर गिरे हाईटेंशन तार के करंट की चपेट में आ गई, जिससे बुरी तरह से झुलसकर उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने स्थानीय बिजली केंद्र के बाहर प्रदर्शन किया और बिजली अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उपजिलाधिकारी ऋषभ पुंडीर ने मौके पर पहुंचकर नाराज ग्रामीणों को समझाया और पीड़ित परिवार को जरूरी मदद और मामले की जांच कर दोषी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्वाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यह घटना बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से हुई है। बयान के मुताबिक, इस घटना के सिलसिले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**दुर्घटनाओं में बच्चे सहित तीन लोगों की मौतः** आगरा में बृहस्पतिवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पहली दुर्घटना में आज सुबह राजमार्ग पर एक बस ने पीछे से टैंकर को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य घायल हो गए जिनमें कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।क्षेत्राधिकारी एत्मादपुर रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि कानपुर से आगरा आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस ने शाम करीब साढ़े छह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुबेरपुर के पास टैंकर को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में बस कंडक्टर राजेश कुमार (47) और 45 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हुई है वहीं 25 अन्य घायल हुए हैं। बस के कुछ यात्रियों का आरोप है कि चालक को नींद आ रही थी, इसके बावजूद उसने बस चलाना जारी रखा और इसी कारण हादसा हुआ। वहीं, आगरा जिले के मलपुरा थाना क्षेत्र में दोपहर करीब साढ़े बारह बजे ट्रैक्टर ट्रॉली ने घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बालक संजू को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया, हालांकि बाद में पुलिस-प्रशासन के समझाने पर उसे खुलवाया। इस संबंध में थाना मलपुरा के निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि संजू के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# असीम ऊर्जा से गुंजायमान होगा रूरा कस्बा

### महान चिन्तक, विचारक व ओजस्वी वक्ता की उपस्थिति से अखिलेश मणि शॉडिल्य का आगमन आज



रविकान्त दुबे, कानपुर देहात

**रामकथा से लेकर अकादमिक स्तर पर होते हैं व्याख्यान**

**कानपुर देहात।** देवरिया के गौरीबाजार निवासी पैतृक समृद्ध विरासत को सजा सँवार कर नये प्रतिमान गढने वाले अखिलेश शॉडिल्य के व्याख्यान रामकथा से लेकर अकादमिक स्तर तक विभिन्न विषयों पर होते है, यहाँ तक कि साहित्य जगत के विशिष्ट लोग भी अखिलेश शॉडिल्य को विभिन्न विषयों पर बोलने के लिये आमंत्रित करते चले आ रहे है। कुछ महीने पहले ही मध्य प्रदेश के जबलपुर में देश के शीर्षस्थ आलोचक/लेखक और बुद्धिजीवी प्रो0 पुरुषोत्तम अग्रवाल और शॉडिल्य जी का धर्म का मर्म विषय पर एक साथ चर्चित व्याख्यान आयोजित किया गया था।

**रामचरित** मानस के आदर्श पात्रों के माध्यम से वर्तमान समय में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रासंगिकता का प्रभावी वर्णन कर देश की जनता के अर्न्तमन को झकझोर कर नई चेतना जागृत करने वाले सुभाश्रम सिरजम आश्रम चेतना केन्द्र देवरिया के संचालक महान चिन्तक, विचारक व ओजस्वी वक्ता श्री अखिलेश मणि शॉडिल्य का आगमन आज जनपद कानपुर देहात के रूरा कस्बे के थाना प्रांगण में आयोजित की जा रहे 28 वें श्री विष्णु महायज्ञ, विशाल मानस संगीत सम्मेलन में होगा। करीब दो वर्ष बाद जनपद को महान विचारक का सानिध्य प्राप्त होने पर आयोजन समिति व आमजनमानस में उत्साह का आलम व्याप्त है। परम्परा और आधुनिकता के मध्य सेतु के पर्याय अखिलेश मणि शॉडिल्य प्राचीन परम्पराओं के साथ प्रगतिशील मूल्यों के अन्वेषक बन कर उभरे है। उनके अध्ययन का फलक व्यापक है, पौर्वात्य से लेकर पाश्चात्य जगत के विचारकों पर उनका गहरा अध्ययन है, उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में सुप्रसिद्ध सुभाश्रम सिरजम आश्रम के संचालक शॉडिल्य जी महाराज बाल्मीकि, व्यास, तुलसी, कबीर, दादू, रैदास, मीरा, गोरख, विवेकानन्द के साथ ही सुकरात, अरस्तू, रूसो, टालस्टॉय, बर्ट्रेंड रसेल, हेगल, मार्क्स और फ्रायड के विचारों को भी अपने व्याख्यान में सम्मिलित कर भारत की परम्पराओं व संस्कृति के साथ पाश्चात्य देशों के प्रमुख विद्वानों के विचारों का समागम कर अदभुत व अभूतपूर्व प्रस्तुति देकर आमजनमानस को नई दिशा प्रदान करते चले आ रहे है। रामकथा के माध्यम से जनवादी चेतना के तत्व शॉडिल्य जी महाराज के प्रिय विषय रहे है, दलित, वंचित, शोषित और हाशिये पाल डाल दिये गये लोगों को मुद्दों को रामकथा के माध्यम से कैसे व्याख्यायित किया जाये, ये शॉडिल्य जी के व्याख्यान से समझा जा सकता है। श्री शॉडिल्य जी महाराज का आज जनपद कानपुर देहात के रूरा कस्बे में आयोजित किये जा रहे श्री विष्णु महायज्ञ एवं विशाल मानस संगीत सम्मेलन में आगमन हो रहा है। उक्त जानकारी देते हुये समिति के अध्यक्ष रजोल शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित सार्वकालीन सभा में अखिलेश शॉडिल्य के अमृत वचनों से भागवत पाण्डाल सराबोर होगा। अध्यक्ष ने कस्बाईयों व क्षेत्रीय जनता से भारी संख्या में शॉडिल्य जी महाराज के अमृत वचनों को सुनने की अपील की है।

# आईओए चुनाव की तारीख को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

● कार्यकारी समिति के चुनाव 10 दिसंबर को

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए जस्टिस (सेवानिवृत) एल एन राव समिति द्वारा रखी गई नई तारीख को मंजूरी देते हुए कहा कि चुनाव 10 दिसंबर को होंगे। न्यायमूर्ति डी वाइ चंद्रचूड और हिमा कोहली ने नियमों के अनुसार आईओए के सदस्यों को संशोधित संविधान के मसौदे के प्रसार की अनुमति भी दे दी ताकि दस नवंबर को आमसभा की बैठक में इसे स्वीकृति दी जा सके। पीठ ने कहा कि वह शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायमूर्ति राव के दो नवंबर को इस दस्तावेज को जमा करने में दिखाई तत्परता की सराहना करती है कि उन्होंने राष्ट्र हित में यह जिम्मेदारी ली। पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति, आईओए और राज्य संघों सहित सभी हितधारकों के साथ बातचीत की है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा प्रस्तुत किए गए इस दस्तावेज के संदर्भ में व्यापक सहमति है कि चुनाव 10 दिसंबर 2022 को होने चाहिए। प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है। इसमें आगे कहा गया, आईओए के संविधान में प्रस्तावित संशोधनों को आज ही प्रसारित किया जाना होगा ताकि 10 नवंबर 2022 को आम सभा की बैठक हो सके। इस संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है। प्रस्तावित संशोधनों को प्रसारित करने की अनुमति दी गई है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव प्रस्तावित संशोधनों के प्रसार के लिए तौर-तरीकों को तैयार करने के लिए स्वतंत्र हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि न्यायमूर्ति एल एन राव ने बताया है कि वह इस अदालत द्वारा नि:शुल्क सौंपे गए काम को करेंगे। पीठ ने संविधान का मसौदा बनाने वाले जस्टिस राव के लिए 20 लाख रूपए पारिश्रमिक भी तय किया और कहा कि वह आईओए के सदस्यों के बीच इसके प्रसार की औपचारिकताएं भी तय करेंगे। न्यायालय ने देश भर की अदालतों को संविधान के मसौदे या कार्यकारी समिति के प्रस्तावित चुनाव संबंधी किसी भी याचिका को मंजूर करने से भी यह कहकर रोक दिया कि इस तरह की याचिकाओं की सुनवाई सिर्फ उसके समक्ष होगी।

### लॉन बॉल्स स्पर्धा की पदक विजेताओं को नहीं मिल रहे प्रायोजक और मान्यता

**नई दिल्ली।** तीन महीने पहले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार लॉन बॉल्स में पदक जीतकर सुर्खियां बटोरने वाली खिलाड़ियों को अब अपनी अगली प्रतियोगिता के लिए प्रायोजक की तलाश है। दिल्ली की स्कूल शिक्षिका और पुलिस कांस्टेबल की महिला टीम ने बर्मिंघम के समीप विक्टोरिया पार्क में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद पुरूष टीम ने भी रजत पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों में 1930 में शामिल किए जाने के बाद भारत ने पहली बार इस खेल में पदक जीता। पुरूष फोर टीम के सबसे युवा सदस्य नवनीत सिंह को छह अगस्त को पोडियम पर जगह बनाने के बाद उम्मीद थी कि उनका जीवन बदलेगा लेकिन ए सभी निराश है कि फिर वही पहुंच गए जहां तीन महीने पहले थे।

## मेरा ध्यान हमेशा प्रदर्शन में निरंतरता पर रहता है: अर्शदीप

**भाषा।** एडीलेड

**युवा भारतीय** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी20 विश्व कप में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय ऑस्ट्रेलिया की कठोर और उछाल भरी पिचों पर गेंदबाजी लाइन में निरंतरता रखने को दिया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज 23 साल के अर्शदीप ने मौजूदा टी20 विश्व कप में चार मैच में नौ विकेट चटकाए हैं जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन पर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अर्शदीप ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मेरा ध्यान हमेशा से प्रदर्शन में निरंतरता पर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आप काफी ढीली गेंद फेंकने की स्थिति में नहीं होते। मैं नई गेंद या फिर पुरानी गेंद से भी गेंदबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं जरूरत के हिसाब से विकेट चटकाना चाहता हूं या फिर रन गति पर अंकुश लगाना चाहता हूं। पारस म्हांब्रे (भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच) ने मेरे साथ गेंदबाजी रन अप पर काम किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं सीधा आऊंगा तो मेरी लाइन में अधिक निरंतरता होगी। ऑस्ट्रेलिया की विकेटों पर आप खराब लाइन के साथ गेंदबाजी नहीं कर सकते। इसलिए मैं सीधे आने का प्रयास कर रहा हूं और मुझे नतीजे भी दिख रहे हैं लेकिन उम्मीद करता हूं कि इससे भी बेहतर करूंगा।

# नुरूल ने कोहली पर फर्जी फील्डिंग का आरोप लगाया

**भाषा।** एडीलेड





**बांग्लादेश** के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरूल हसन ने भारत के चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली पर फर्जी फील्डिंग का आरोप लगाया है जिससे उनकी टीम को टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में पांच संभावित पेनल्टी रनों से महरूम रहना पड़ा। बारिश के कारण जीत के लिए 16 ओवर में 151 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश टीम पांच रन से हार गई। कप्तान शाकिब अल हसन ने हार को स्वीकार किया लेकिन आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह को एक छक्का और एक चौका जड़कर बांग्लादेश को मैच में बनाए रखने वाले नुरूल ने मैदानी अंपायरों की आलोचना की। उन्होंने मिश्रित जोन में बंगाली में कहा , आउटफील्ड गीली होने से काफी फर्क पड़ा। एक फर्जी थ्रो भी था जिससे हमें पांच रन मिलने चाहिए थे लेकिन मिले नहीं। नुरूल सातवें ओवर की घटना का जिक्र कर रहे थे। वीडियो रिकॉर्डिंग में दिखाया गया कि अर्शदीप ने डीप से गेंद फेंकी और नुरूल का कहना है कि प्वाइंट पर खड़े कोहली ने उसे पकड़कर रिले थ्रो से दूसरे छोर पर फेंकने का एक्शन किया। दोनों बल्लेबाजों लिटन दास और नजमुल हुसैन शांतो ने कोहली की तरफ देखा भी नहीं जिससे नुरूल के इस तर्क पर सवाल उठते हैं। आईसीसी की खेलने की शर्तों के नियम 41 . 5 के अनुसार फील्डिंग करने वाली टीम बल्लेबाज को जान बूझकर बाधा नहीं पहुंचा सकती या उसका ध्यान नहीं भटका सकता। अगर अंपायर को ऐसा लगता है कि किसी खिलाड़ी ने नियम तोड़ा है तो वह डैड बॉल घोषित करके पेनल्टी के पांच रन दे सकते हैं। चूंकि शांतो और लिटन ने कोहली की तरफ देखा भी नहीं तो उनका ध्यान भटकने का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी संभावना है कि मैच अधिकारियों की आलोचना के कारण नुरूल को सजा मिल जाए।

### टी20 टीम से बाहर था लेकिन अभ्यास नहीं छोड़ा था : शमी

**एडीलेड।** पिछले एक साल से टी20 टीम से बाहर मोहम्मद शमी खेलने के लिए मानसिक रूप से हमेशा तैयार थे क्योंकि टीम प्रबंधन और उनके बीच संवाद बना हुआ था। शमी ने आखिरी टी20 यूएई में विश्व कप के दौरान खेला था जिसके बाद तय किया गया कि वह टेस्ट और वनडे ही खेलेंगे। जसप्रीत बुमराह के फ्रेक्चर, दीपक चाहर को लगी चोट और आवेश खान के खराब फॉर्म के कारण टीम प्रबंधन को टी20 विश्व कप में शमी को बुलाना पड़ा। शमी ने बांग्लादेश पर पांच रन से मिली जीत के बाद मिश्रित जोन में कहा , यह सब तैयारी पर निर्भर करता है। टीम प्रबंधन आपसे हमेशा तैयार रहने के लिए कहता है। जब टीम को जरूरत होगी, आपको बुलाया जाएगा और यह आपको हमेशा बताया जाता है। अगर आपने मेरे वीडियो देखे हों तो मैने अभ्यास कभी नही छोड़ा था। मै लगातार अभ्यास कर रहा था। इंग्लैंड दौरे के बाद से टीम से बाहर शमी को दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखलाओं के लिए टीम में शामिल किया गया लेकिन फिर वह कोरोना संक्रमण का शिकार हो गए। एक प्रारूप से दूसरे के अनुकूल ढलना हमेशा आसान नही होता। यह इस पर निर्भर करता है कि टीम से आपका तालमेल कितना है। मै पिछले टी20 विश्व कप के बाद टी20 खेल रहा हूं और यह सही है कि खिलाड़ी को आत्मविश्वास की जरूरत होती है। इसके साथ ही अभ्यास बनाए रखना जरूरी है। पहले बदलाव के रूप में गेंदबाजी कर रहे शमी ने कहा , इसे आप अनुभव कह सकते है कि मै हमेशा तैयार रहता हूं। मैने हमेशा नई गेंद से गेंदबाजी की है लेकिन अभ्यास मे मै पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता हूं। मैच के हालात मे अच्छे प्रदर्शन के लिए आत्मविश्वास की जरूरत होती है। मेरा हमेशा से मानना है कि अपने हुनर पर भरोसा होना चाहिए। दबाव के पलो मे शांत रहना जरूरी है और अनुभव तो काम आता ही है। अर्शदीप सिंह को आखिरी ओवर दिए जाने के बारे मे उन्होने कहा , बांग्लादेश को 20 रन की जरूरत थी और कप्तान ने उसे चुना क्योंकि उसके यॉर्कर सही लग रहे थे और उसका आत्मविश्वास भी बढाना था।

### कोहली गजब है और टी20 विश्व कप में उसका रिकॉर्ड और भी गजब है : वाटसन

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की बल्लेबाजी के मुरीद आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वाटसन ने टी20 विश्व कप में उनके रिकॉर्ड को गजब बताया है। कोहली अब तक इस टी20 विश्व कप में तीन अर्धशतक लगा चुके हैं और टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने का 1016 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। वाटसन ने स्टार स्पोर्टस पर कहा , टी20 विश्व कप में 80 से ऊपर की औसत से एक हजार से अधिक रन। कमाल के आंकड़े हैं। टी20 क्रिकेट काफी जोखिम भरा होता है। बल्लेबाजी में जोखिम लेने पड़ते हैं और उसने इतनी जबर्दस्त औसत से रन बनाकर भारत के लिए इतने मैच जीते हैं। वह गजब है और उसके आंकड़े और भी गजब है। इतने जोखिम वाले प्रारूप में इतने रन बनाना और लगातार बनाना कमाल है। कोहली ने इस विश्व कप में अब तक 220 रन बना लिए हैं। जयवर्धने ने 31 पारियों में 1016 रन बनाए थे लेकिन कोहली ने महज 23 पारियों में इतने रन बनाए हैं।

### निश्ना 30वें स्थान के साथ महिलए एमेच्योर एशिया पैसीफिक में शीर्ष भारतीय

**पटाया।** निश्ना पटेल खराब शुरूआत से उबरते हुए पहले दौर में पार 72 के स्कोर से महिला एमेच्योर एशिया-पैसीफिक गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 30वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियो के बीच शीर्ष पर है। निश्ना ने लगातार दो बोगी के साथ शुरूआत की लेकिन इसके बाद उन्होने वापसी करते हुए दो बर्डी लगाई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। अन्य भारतीयो मे अवनी प्रशांत (74) संयुक्त 52वें स्थान पर चल रही है जबकि कीर्ति चौहान दो बर्डी और तीन बोगी से एक ओवर के स्कोर से संयुक्त 43वें स्थान पर है। मन्नत बरार (75) संयुक्त 61वें, सिफ्त सागू (77) संयुक्त 71वें और कीरत कंग (79) संयुक्त 78वें पायदान पर है।

### एलियास्मि, रूबलेव जीते एटीपी फाइनल्स में, फ्रिट्स हारे

**पेरिस।** फेलिक्स आगर एलियास्मि और आंद्रेइ रूबलेव ने एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि बाकी दो स्थानो के दावेदार टेलर फ्रिट्स और हुबर्ट हुरकाज पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में हार गए। आठवी वरीयता प्राप्त एलियास्मि ने क्वालीफायर माइकल वायमेर को 6-7, 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना वाइल्ड कार्डधारी जाइल्स सिमोन से होगा जिसने नौवी वरीयता प्राप्त फ्रिट्स को 7-5, 5-7, 6 -4 से शिकस्त दी। होल्गर रूने ने दसवी वरीयता प्राप्त हुरकाज को 7-5, 6-1 से मात दी और अब उनका सामना रूबलेव से होगा।

### जबाउर ने पेगुला को हराया, सक्कारी भी जीती

**फोर्ट वर्थ।** ट्यूनीशिया की ओंस जबाउर ने सत्र के आखिरी टूर्नामेंट मे पहले सेट में पिछड़ने के बाद जेसिका पेगुला को तीन सेटो मे हरा दिया। जबाउर ने 1-6, 6-3, 6 -3 से जीत दर्ज की। वही मारिया सक्कारी ने एरिना सबालेंका को 6 -2, 6-4 से मात दी। पेगुला को युगल मे अमेरिका की कोको गॉ के साथ भी खेलना है। उनका सामना अमेरिका की डिसायर क्रॉजिक और नीदरलैंड की डेमी शूर्स से होगा।

### राज्य कुंग फू प्रतियोगिता का शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कुंग फूएसोसिएशन के तत्वावधान में तीन दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत ड्रैगन एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स में हो गई। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, जौनपुर, कानपुर, प्रयागराज, सीतापुर, रामपुर, बहराइच, गोंडा, गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़ और मऊ के 200 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं इस की जानकारी उत्तर प्रदेश कुंग फूएसोसिएशन के महासचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने दी। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कुंग फूखेल के जन्मदाता बोधिधर्मा के जन्म दिवस चतुर्थ विश्व कुंगफूदिवस के अवसर पर 5 नवंबर को मुख्य अतिथि एसएम बोबडे मुख्य सचिव उच्च शिक्षा उप्र के द्वारा किया जाएगा।

### बैडमिंटन का आगाज

**लखनऊ।** द्वितीय योनेक्स सनराइज उत्तर प्रदेश बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन मेरठ की नवनिर्मित सुपर स्मेशर्स एकाडमी के बैडमिंटन हाल में डा. सोमेन्द्र तोमर वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं आमित अग्रवाल विधायक मेरठ कैन्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के अंकों के आधार पर उत्तर प्रदेश जूनियर -19 टीम का किया जायेगे।

# शादाब के हरफनमौला प्रदर्शन से पाकिस्तान जीता



● टी20 विश्व कप में उम्मीदें जीवंत

● दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 33 रन से हराया

**भाषा।** सिडनी

**शादाब खान** के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को बारिश से प्रभावित टी20 विश्व कप मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 33 रन से शिकस्त देकर अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदें जीवंत रखीं। शादाब की 22 गेंद में 52 रन की आक्रामक पारी के दम पर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 185 रन का स्कोर खड़ा किया। फिर शाहीन शाह (14 रन देकर तीन विकेट) और शादाब (16 रन देकर दो विकेट) ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 14 ओवर में नौ विकेट पर 108 रन ही बना सकी। डकवर्थ लुईस पद्धति के हिसाब से दक्षिण अफ्रीका को बारिश की बाधा के बाद 14 ओवर में जीत के लिए 142 रन का लक्ष्य दिया गया। इस जीत से पाकिस्तान (चार अंक) ग्रुप दो में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि द.अफ्रीका (पांच अंक) शीर्ष पर चल रहे भारत (छह अंक) के पीछे दूसरे स्थान पर बरकरार है। शाहीन ने दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक बल्लेबाज डिकॉड (शून्य) और रिली रोसोऊ (07) को आउट किया जबकि शादाब ने कप्तान ावुमा (36 रन) और ऐडन मार्कराम (20 रन) के विकेट झटके जिसके बाद बारिश ने बाधा डाली। तब टीम का स्कोर चार विकेट पर 69 रन था। दक्षिण अफ्रीका को बारिश के कारण छह ओवर कम हुए मैच में जीत के लिए पांच ओवर में 73 रन की दरकार थी। स्टब्स (18 रन) और हेनरिच (15 रन) ने तेजी से रन बनाने शुरू किए। क्लासेन ने शादाब पर एक चौका जड़ा और फिर इसके बाद शहीन पर काऊकॉर्नर और मिड ऑफ में लगातार दो चौके जमाए लेकिन वह इसी तेजी को बरकरार नहीं रख सके। शाहीन की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर क्षेत्ररक्षक के हाथ में चली गई और दक्षिण अफ्रीका ने पांचवां विकेट गंवा दिया। दक्षिण अफ्रीका को चोटिल बल्लेबाज डेविड मिलर की कमी महसूस हुई जिसने चौकों-छक्कों की कोशिश में लगातार अंतराल पर विकेट गंवा दिए।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी** : रिजवान बो पार्नेल 04,आजम का रबाडा बो एनगिडी 06, हैरिस पगबाधा बो नोर्किया 28, मसूद का बावुमा बो नोर्किया 02, अहमद का रोसोऊबो राबाडा 51,नवाज पगबाधा बो शम्सी 28,खान का स्टब्स बो नोर्किया 52, वसीम का बावुमा बो नोर्किया 00,नसीम नाबाद 05,रऊफ रन आउट 03,**अतिरिक्त** : 06,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 185 रन,**विकेट पतन** :1-4, 2-38, 3-40, 4-43, 5-95, 6-177, 7-177, 8-177, 9-185,**गेंदबाजी** : पार्नेल 4-0-31-1, रबाडा 4-0-44-1,एनगिडी 4-0-32-1,नोर्किया 4-0-41-4, शम्सी 4-0-36-1

**दक्षिण अफ्रीका पारी** : बावुमा का मोहम्मद रिजवान बो शादाब खान 36, डिकॉक का मोहम्मद हारिस बो शाहीन शाह अफरीदी 00,रोसोऊका नसीम शाह बो शाहीन शाह अफरीदी 07,मार्कराम बो शादाब खान 20, क्लासेन का मोहम्मद वसीम बो शाहीन शाह अफरीदी 15,स्टब्स का मोहम्मद नवाज बो नसीम शाह 18, पार्नेल पगबाधा बो मोहम्मद वसीम 03,रबाडा रन आउट 01, नोर्किया का मोहम्मद हारिस बो हारिस रऊफ 01,एनगिडी नाबाद 04,शम्सी नाबाद 01,**अतिरिक्त** : 02,**कुल** : 14 ओवर मे नौ विकेट पर 108 रन,**विकेट पतन** :1-1, 2-16, 3-65, 4-66, 5-94, 6-99, 7-101, 8-103, 9-103,**गेंदबाजी** : अफरीदी 3-0-14-3,शाह 3-0-19-1, रऊफ 3-0-44-1, वसीम 2-0-13-1,खान 2-0-16-2, नवाज 1-0-2-0

# आईसीसी की वित्त व व्यावसायिक मामलों की समिति का प्रमुख हो सकता है बीसीसीआई का नामित

**भाषा।** मेलबर्न

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट** परिषद (आईसीसी) के बोर्ड में शामिल होने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के प्रतिनिधि को वैश्विक क्रिकेट संस्था के वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति का प्रमुख बनाया जा सकता है। बीसीसीआई ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। सचिव जय शाह के आईसीसी बोर्ड में भारतीय प्रतिनिधि बनने की संभावना है। शाह हालांकि रोजर बिन्नी को भी बोर्ड में भेज सकते हैं और ऐसी स्थिति में वह मुख्य कार्यकारियों की समिति का हिस्सा बने रहेंगे। वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति आईसीसी की सभी उप समितियों में सबसे महत्वपूर्ण है और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के इसका हिस्सा बनने से पहले बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि कई वर्षों तक इसका हिस्सा नहीं था। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, अगर जय आईसीसी बोर्ड में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करते हैं तो वह स्वत: ही वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति का हिस्सा बन जाएंगे। लेकिन भारत लंबे समय से वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति का प्रमुख नहीं बना है और अब समिति का प्रमुख बनने की बीसीसीआई की बारी है। शाह आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक के लिए अगले कुछ दिन में मेलबर्न पहुंचेंगे। बीसीसीआई के नव नियुक्त अध्यक्ष रोजर बिन्नी और आईपीएल अध्यक्ष अरूण धूमल के भी टी20 विश्व कप देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचने की उम्मीद है। यह देखना रोचक होगा कि आईसीसी की मुख्य कार्यकारियों की बैठक में कौन भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। परंपरा यह रही है कि बोर्ड अध्यक्ष आईसीसी बोर्ड का हिस्सा होता है जबकि सचिव मुख्य कार्यकारियों की समिति की बैठक में हिस्सा लेता है। वित्त और व्यावसायिक मामलों की समिति आईसीसी के वार्षिक बजट पर फैसला करती है। यही समिति राजस्व साझा करने के मॉडल, प्रायोजन और निश्चित चक्र में विभिन्न अधिकार करार पर फैसला करती है। जहां तक चेयरमैन पद का सवाल है तो न्यूजीलैंड के निवर्तमान चेयरमैन ग्रेग बारक्ले एक और कार्यकाल के प्रबल दावेदार हैं लेकिन एक और उम्मीदवार ने नामांकन भरा है।

### दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के भारत में प्रसारण अधिकार वायकॉम 18 को

**नई दिल्ली।** अगले साल इस जनवरी से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका टी20 प्रीमियर क्रिकेट लीग के भारत मे आधिकारिक प्रसारण के अधिकार अगले दस वर्ष के लिए वायकॉम 18 ने खरीद लिए है और इस क्रिकेट लीग के सभी मैच इसके खेल चैनलों पर दिखाए जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में क्विंटन डिकॉक, फाफ डु प्लेसी, कैगिसो रबाडा, डेविड मिलर, राशिद खान, इयोन मोर्गन, जोस बटलर समेत दुनिया भर के नामचीन खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमे राउंड रॉबिन चरण मे छह टीमें भाग लेगी और हर टीम का दूसरी टीम से दो बार सामना होगा। अंको के आधार पर सेमीफाइनल और फाइनल के लिए टीमो का चयन होगा। टूर्नामेंट दस जनवरी 2023 से चार सप्ताह तक चलेगा और इसमे 33 मैच खेले जाएंगे। वायकॉम 18 स्पोर्टस के सीईओ अनिल जयराज ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा , टी20 भारतीय प्रशंसकों मे सबसे लोकप्रिय प्रारूप है और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट और उनके क्रिकेटरों को यहां काफी पसंद किया जाता है। हमें दर्शकों और प्रशंसकों के इस लीग से जुड़ाव की उम्मीद है।

### भारतीय महिला टीम अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर में वियतनाम, सिंगापुर, इंडोनेशिया के साथ

**कुआलालंपुर।** भारतीय टीम को गुरूवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के पहले दौर में वियतनाम, सिंगापुर और इंडोनेशिया के साथ ग्रुप एफ में रखा गया। यह टूर्नामेंट अगले साल मार्च में खेला जाएगा। पहले दौर के क्वालीफायर का ड्रा यहां निकाला गया। आठ ग्रुप विजेता दूसरे दौर में प्रवेश करेंगे जबकि चार सर्वश्रेष्ठ टीमों को उज्बेकिस्तान में 2024 में तीन से 16 मार्च तक खेले जाने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने का मौका मिलेगा।

# हिमाचल प्रदेश फाइनल में

● सैयद मुश्ताक अली टी-20 पंजाब को हराया

**भाषा।** कोलकाता



ऋषि धवन के तीन विकेट

**सुमित** वर्मा के अर्धशतक के साथ ऋषि धवन के तीन विकेट की मदद से हिमाचल प्रदेश ने शानदार लय जारी रखते हुए गुरूवार को यहां पंजाब पर 13 रन की जीत से सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में प्रवेश किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सुमित ने 25 गेंद में 51 रन की पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के जमाए जबकि आकाश वशिष्ठ ने 24 गेंद में 43 रन की पारी खेली जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल थे। इससे हिमाचल प्रदेश की टीम ने सात विकेट पर 176 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में शुभमन गिल ने शीर्ष क्रम में 32 गेंद में 45 रन बनाए जबकि अनमोल प्रीत सिंह (30 रन), मंदीप सिंह (29 रन) और रमनदीप सिंह (29 रन) ने अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन यह कोशिश काफी नहीं रही। इससे पंजाब की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 163 रन ही बना सकी। इसमें हिमाचल के लिए धवन की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई जिन्होंने 25 रन देकर सलामी बल्लेबाज अभिषेक वर्मा (01), पुखराज मान (10) और रमनदीप के विकेट झटके।

### श्रेयस का अर्धशतक, मुंबई सैयद मुश्ताक अली के फाइनल में

**कोलकाता।** मुंबई ने श्रेयस अय्यर की 44 गेंद में 73 रन की आक्रामक पारी की बदौलत गुरूवार को यहां विदर्भ को पांच विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्राफी के फाइनल में प्रवेश किया। अब शनिवार को मुंबई का सामना फाइनल में हिमाचल से होगा। मुंबई ने कप्तान अजिंक्य का विकेट जल्दी गंवा दिया था लेकिन फॉर्म में चल रहे पृथ्वी (21 गेंद में 34 रन) और अय्यर ने सुनिश्चित किया कि टीम 16.5 ओवर में जीत हासिल कर ले। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश के 24 गेंद में नाबाद 46 रन की बदौलत विदर्भ ने सात विकेट पर 164 रन बनाए।

### तमिलनाडु और बांग्लादेश एकादश का अभ्यास मैच ड्रा

**चेन्नई।** तमिलनाडु एकादश और बांग्लादेश एकादश के बीच बारिश से प्रभावित चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच गुरूवार को ड्रा पर समाप्त हुआ जिसमें केवल 88 ओवर ही डाले जा सके। पहले दिन 20 ओवर ही डाले जा सके थे जिसमें बांग्लादेश ने बल्लेबाजी की। इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया। चौथे और अंतिम दिन खेल हुआ जिसमें बांग्लदेश ने तीन विकेटपर 59 रन से आगे खेलते हुए 66 ओवर में अपनी पारी छह विकेट पर 191 रन पर घोषित की। इसमें मोमिनुल हक शोवराम ने नौ रन की पारी को नाबाद 69 रन में तब्दील किया।

### कपिल व स्पर्श एशियाई मुक्केबाजी से बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज कपिल पोखरिया और स्पर्श कुमार गुरूवार को अपने राउंड 16 के मुकाबले हारकर जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। उत्तराखंड के मुक्केबाज कपिल (86 किग्रा) इस प्रतियोगिता से अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे थे, वह ईरान के पोरिया अमीरी से 0-5 से हार गए। स्पर्श (51 किग्रा) को बुधवार की रात ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैम्पियन कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव से 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी। गुरूवार को सविता (50 किग्रा) प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदकधारी जापान की सुकीमी नामिकी से भिड़ेंगी। पांच भारतीय पुरूष मुक्केबाज शुक्रवार को अपने मुकाबले खेलेंगे जिसमें पांच बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) भी शामिल है।

### मैच में शुरू से अंत तक हमें दबदबा बनाए रखना होगा: रीड



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड चाहते है कि शुक्रवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण मे न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले मे उनकी टीम रक्षण की चूक मे कमी लाए और साथ ही अधिक आक्रमण भी करे। भारत ने नए सत्र में अपना अभियान 28 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-3 की जीत से शुरू किया जबकि उसे दूसरे मैच में स्पेन से 2-3 से हार का मुंह देखना पड़ा। रीड ने शुरूआती दो मैचो मे डिफेंस मे हुई चूक देखने के बाद कहा कि टीम प्रबंधन ने इस हफ्ते के अंत मे होने वाले मैचों मे अपने खेल को सुधारने के लिए एक रणनीति बनाई है। रीड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा, हम ज्यादा दबदबा बनाने की कोशिश करेंगे। हमने कई सारे मौके गंवाए थे। हालांकि मै स्पेन के खिलाफ अपने रक्षण के तरीको से खुश था लेकिन हमने कई अहम मौको पर खुद को निराश किया जिससे हमने दो या तीन गलतियां की और हमें इनसे काफी नुकसान हुआ।

### कोहली, रोड्रिग्स, शर्मा आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित



**दुबई।** चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली, एशिया कप विजेता जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को बृहस्पतिवार को आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। ये नामांकन अक्टूबर महीने के लिए किए गए है। कोहली को पहली बार नामांकन मिला है जिन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप मे पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेली। वही रोड्रिग्स और शर्मा को महिला एशिया कप मे भारत की खिताबी जीत मे शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया। रोड्रिग्स ने टूर्नामेंट मे सर्वाधिक रन बनाए जबकि शर्मा प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रही जिन्होंने सर्वाधिक विकेट लिए। कोहली ने अक्टूबर मे 205 रन बनाए। उन्होने नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 62 रन बनाए। वही मेलबर्न मे पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद मे 82 रन बनाए।

# ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा और नंधिधा ने खिताब जीते

● एशियाई शतरंज चैंपियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली



**शीर्ष वरीय** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और उनकी हमवतन पीवी नंधिधा ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई महाद्वीपीय शतरंज टूर्नामेंट में क्रमश: ओपन और महिला वर्ग के खिताब जीते। प्रज्ञानानंदा नौवें और अंतिम दौर में हमवतन बी अधिबान से 63 चाल में ड्रॉ खेलकर सात अंक के साथ शीर्ष रहे। चेन्नई के 17 साल के प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दौर से पहले अन्य खिलाड़ियों पर आधे अंक की बढ़त बना रखी थी। उन्होंने अंतिम दौर में अनुभवी अधिबान से ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने अगले फिडे विश्व कप मे भी जगह बना ली। अंतिम दौर में एसएल नारायणन, हर्ष भारतकोटि, कार्तिक वेंकटरमन और एस वोखिदोव के पास अंतिम दौर में खिताब जीतने का मौका था लेकिन अपनी अपनी बाजी ड्रॉ खेलकर ए इस मौके से चूक गए। नारायणन और वोखिदोव की बाजी ड्रॉ रही। हर्ष और वेंकटरमन को भी अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा। ग्रैंडमास्टर एसपी सेतुरमन ने 41 चाल में अंतरराष्ट्रीय मास्टर कोस्तव चटर्जी को हराकर पांच अन्य खिलाड़ियों के समान 6.5 अंक हासिल किए। हर्ष ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के कारण दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अधिबान तीसरे स्थान पर रहे। नारायणन, वोखिदोव, सेतुरमन और वेंकटरमन ने क्रमश: चौथे से सातवां स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में महिला ग्रैंडमास्टर नंधिधा ने नौवें दौर में दिव्या से ड्रॉ खेलकर 7.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की यह खिलाड़ी नौ दौर में अजेय रही और इस दौरान छह बाजी जीती। प्रियंका नुटक्की, दिव्या और वियतनाम की थी।